# दैनिक राजीव टाइम्स

राम नवमी

विश्वास पुराना, ख़बर सच्ची

संस्थापक : स्व. श्री राजेन्द्र खंडेलवाल | इंदौर-भोपाल से एक साथ प्रकाशित | इंदौर, बुधवार, 17 अप्रैल, 2024, चैत्र शुक्ल - 09, विक्रम संवत् 2081 | वर्ष 44, अंक 06, पृष्ठ 08, कीमत 3 रुपए


# आज होगा रामलला का सूर्यतिलक, स्वर्ण मुकुट व आभूषणों से होगा श्रृंगार

**अयोध्या ▪ एजेंसी**

500 वर्ष बाद बुधवार को शुभ योग में रामलला भव्य महल में अपना जन्मदिन मनाएंगे। सूर्यवंशी भगवान राम के मस्तक पर दोपहर 12:16 बजे स्वयं भगवान सूर्य की किरणें उनका तिलक करेंगी। यह विज्ञान और इंजीनियरिंग के अद्भुत प्रयोग से सफल होगा। इस खास मौके पर रामलला का श्रृंगार भी खास होगा।

वैज्ञानिकों ने बीते 20 वर्षों में अयोध्या के आकाश में सूर्य की गति का अध्ययन किया है। सटीक दिशा आदि का निर्धारण करके मंदिर के ऊपरी तल पर रिफ्लेक्टर और लेंस स्थापित किया है। सूर्य रश्मियों को घुमा फिराकर रामलला के ललाट तक पहुंचाया जाएगा। सूर्य की किरणें ऊपरी तल के लेंस पर पड़ेंगी। उसके बाद तीन लेंस से होती हुई दूसरे तल के मिरर पर आएंगी। अंत में सूर्य की किरणें रामलला के ललाट पर 75 मिलीमीटर के टीके के रूप में दैदीप्तिमान होंगी। लगभग चार मिनट तक टिकी रहेंगी। यह समय भी सूर्य की गति और दिशा पर निर्भर है।

## नौ शुभ योग में होगा सूर्य तिलक

दोपहर 12 बजे जब रामलला का जन्मोत्सव मनाया जाएगा, ठीक उसी समय सूर्य तिलक भी होगा। उस समय केदार, गजकेसरी, पारिजात, अमला, शुभ, वाशि, सरल, काहल और रवियोग बनेंगे। आचार्य राकेश तिवारी ने बताया कि वाल्मीकि रामायण में लिखा है कि रामजन्म के समय सूर्य और शुक्र अपनी उच्च राशि में थे। चंद्रमा खुद की राशि में मौजूद थे। इस साल भी ऐसा ही हो रहा है। आचार्य राकेश के अनुसार, ये शुभ योग अयोध्या सहित पूरे भारत की तरक्की के मार्ग प्रशस्त करेंगे। रामजन्मोत्सव के दिन बुधवार को रामलला स्वर्णमुकुट व रत्नजड़ित पीले रंग की पोशाक धारण कर भक्तों को दर्शन देंगे। रामनवमी पर सुबह 3:30 बजे से ही रामलला के दर्शन का सिलसिला शुरु हो जाएगा। रात 11 बजे तक निरंतर जारी रहेंगे। यह पहली बार होगा जब रामलला के अभिषेक, श्रृंगार, राग-भोग, आरती व दर्शन साथ-साथ चलता रहेगा।



## इन आभूषणों से होगा श्रृंगार

सोने का मुकुट, पन्ना की अंगूठी, माणिक व पन्ना का कमरबंद, हीरे का कंगन, हीरा, माणिक व पन्ना जड़ित हजार, पंचलड़ा, दो किलो वजन की विजय माला।

## 12 बजे जन्म की आरती

दोपहर ठीक 12 बजे रामलला के जन्म की आरती होगी। रामलला को पांच प्रकार की पंजीरी सहित 56 भोग अर्पित किए जाएंगे। इससे पहले रामलला का विभिन्न औषधियों से युक्त कलश से अभिषेक होगा। फिर श्रृंगार होगा। हीरे, मोती, सोने-चांदी के कई प्रकार के आभूषणों से रामलला को सज्जित किया जाएगा। रामजन्म के समय रामलला का जब अभिषेक व श्रृंगार किया जाएगा तो ऐसा पर्दा लगा रहेगा जिससे भक्त रामलला के श्रृंगार व अभिषेक को देख पाएंगे। यह अद्भुत क्षण होगा।

## शॉर्ट न्यूज़

### अमित शाह के दफ्तर में आग, कई फाइलें जलीं

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव की व्यस्तता के बीच केंद्रीय गृह मंत्रालय के नॉर्थ ब्लॉक स्थित दफ्तर में मंगलवार सुबह आग लग गई। इस दौरान 7 दमकल की गाड़ियों ने आग पर किसी तरह काबू पाया। इस दौरान गार्ड ने कुछ डॉक्यूमेंट्स निकालने की कोशिश की लेकिन काला धुंआ फैलने से वह अंदर न जा सका। दफ्तर में रखा कंप्यूटर और कई सारे डॉक्यूमेंट्स जलकर राख हो गए। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। स्टाफ का मानना है कि शॉर्ट सर्किट के कारण ही आग लगी होगी। चुनावी दौरे पर गए अमित शाह को मामले की जानकारी दी गई है।



### रोज हो मेरे शुगर लेवल की जांच :केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के शुगर लेवल की नियमित जांच कराने की मांग वाली याचिका पर राउज एवेन्यू कोर्ट ने नोटिस जारी कर ईडी से जवाब मांगा है। केजरीवाल के वकील ने सुनवाई के दौरान अदालत से कहा, 'जेल में दिल्ली के मुख्यमंत्री का शुगर लेवल लगातार ऊपर-नीचे हो रहा है। इसलिए गिरफ्तारी से पहले जो डॉक्टर केजरीवाल की जांच करता था, उसी से हफ्ते में तीन दिन वर्चुल कंसल्टेशन की इजाजत उन्हें दी जाए।



### सुरजेवाला के 48 घंटे तक प्रचार करने पर रोक

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने भारतीय जनता पार्टी की सांसद हेमा मालिनी के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी को लेकर कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला को फटकार लगाते हुए उनके चुनाव प्रचार करने पर मंगलवार को 48 घंटे के लिए रोक लगा दी। इस लोकसभा चुनाव में चुनाव आयोग द्वारा किसी नेता के प्रचार करने पर प्रतिबंध लगाए जाने का यह पहला मामला है। चुनाव आयोग ने पिछले मंगलवार को सुरजेवाला को नोटिस जारी किया था। नोटिस के जवाब में, कांग्रेस महासचिव ने कहा था कि भाजपा द्वारा उद्धृत वीडियो से "छेड़छाड़" की गई थी।



### सुनीता केजरीवाल करेंगी गुजरात में 'आप' का प्रचार

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने गुजरात के लिए 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की। सूची में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, मनीष सिसौदिया, सत्येन्द्र जैन, राघव चड्ढा और अन्य नेता शामिल हैं। सुनीता केजरीवाल मतदाताओं को संदेश देने में अधिक सक्रिय भूमिका निभाएंगी। इस समय दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तिहाड़ जेल में बंद हैं। उनकी गिरफ्तारी ने राजनीतिक समीकरणों को उलट दिया है।



### ईवीएम के खिलाफ बहस पर बोला सुप्रीम कोर्ट

# मतपत्रों का बुरा दौर हम भूले नहीं हैं...

**नई दिल्ली ▪ एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को वोटर-वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (VVPAT) से निकलने वाली सभी पर्चियों का मिलान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (EVM) से पड़े वोटों के साथ कराने की मांग वाली याचिकाओं पर सुनवाई की। दो घंटे से अधिक समय तक सुनवाई के बाद, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की पीठ ने मामले को आगे की सुनवाई के लिए 18 अप्रैल तक टाल दिया। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और सोशल एक्टिविस्ट अरुण कुमार अग्रवाल ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करके ईवीएम के वोटों और वीवीपीएटी पर्चियों की 100 फीसदी मिलान की मांग की है।

शीर्ष अदालत में एडीआर की ओर से पेश वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण ने अपनी दलील में कहा कि अधिकांश मतदाता ईवीएम पर भरोसा नहीं करते। इस पर जस्टिस दीपांकर दत्ता ने उन्हें टोकते हुए पूछा, आपको ये डेटा कैसे और कहां से मिला?' इसके जवाब में प्रशांत भूषण ने कहा- 'एक सर्वेक्षण हुआ था'। जस्टिस दत्ता ने कहा- 'हम निजी सर्वेक्षणों पर विश्वास नहीं करते'।

प्रशांत भूषण ने तर्क दिया कि अधिकांश यूरोपीय देश, जिन्होंने ईवीएम से मतदान का विकल्प चुना था, वापस बैलट पेपर पर लौट आए हैं। इस पर जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा, 'हम अपनी जिंदगी के छठे दशक में हैं और जानते हैं कि जब बैलट पेपर से मतदान होता था, तब क्या समस्याएं आती थीं। हो सकता है आपको याद न हो, लेकिन हम भूले नहीं हैं।

**आयोग ईवीएम की कार्यप्रणाली का पूरा ब्योरा दे** - जस्टिस संजीव खन्ना ने चुनाव आयोग से पूछा कि अगर ईवीएम के साथ कोई छेड़छाड़ की गई, तो ऐसे में दोषी के लिए क्या सजा निर्धारित की गई है? क्योंकि यह गंभीर बात है। लोगों को डर होना चाहिए कि अगर ईवीएम में कुछ गलत हुआ तो सजा होगी। जवाब में निर्वाचन आयोग ने कहा कि ईवीएम के साथ छेड़छाड़ करने पर सजा का प्रावधान है। जस्टिस खन्ना ने कहा कि अगर कोई हेरफेर किया गया है, तो उसके संबंध में सजा का कोई विशेष प्रावधान नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद निर्वाचन आयोग से ईवीएम के इस्तेमाल की पूरी प्रक्रिया का चरणबद्ध तरीके से ब्योरा देने को कहा।



## निजी कंपनियां EVM बनाएं तो खुश होंगे?

याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश एक वकील ने आरोप लगाया कि ईवीएम पब्लिक सेक्टर यूनिट की कंपनियां बनाती हैं। जो सरकार के नियंत्रण में होती हैं। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने पूछा- क्या प्राइवेट कंपनी ईवीएम बनाएगी तो आप खुश होंगे? याचिकाकर्ताओं के वकील संजय हेगड़े ने मांग की कि ईवीएम में दर्ज वोटों का मिलान वीवीपीएटी की 100 फीसदी पर्चियों से किया जाना चाहिए। इस पर जस्टिस खन्ना ने पूछा- क्या 60 करोड़ वीवीपीएटी पर्चियों की गिनती होनी चाहिए? वकील गोपाल शंकर नारायण ने कहा आयोग का कहना है कि सभी वीवीपीएटी पर्चियों की गिनती में 12 दिन लगेंगे। एक वकील ने वोट देने के लिए बारकोड का सुझाव दिया। जस्टिस खन्ना ने कहा, 'अगर आप किसी दुकान पर जाते हैं तो वहां बारकोड होता है। बारकोड से वोटों की गिनती में मदद नहीं मिलेगी, जब तक कि हर उम्मीदवार या पार्टी को बारकोड न दिया जाए और यह भी एक बहुत बड़ी समस्या होगी।

## जर्मनी का उदाहरण न दें

प्रशांत भूषण ने कहा, 'बेहतर तरीका ये है कि वोटर को वीवीपैट से निकलने वाली पर्ची दी जाए और वह इसे देखने के बाद खुद बॉक्स में डाले और फिर उसका ईवीएम से मिलान किया जाए। वर्तमान में चुनाव आयोग प्रति विधानसभा केवल 5 वीवीपैट मशीनों की गिनती कर रहा है, जबकि ऐसी 200 मशीनें लगती हैं। यह केवल 5 प्रतिशत है। मतदाता को वीवीपैट से निकलने वाली पर्ची लेने और उसे मतपेटी में डालने की अनुमति दी जा सकती है। जर्मनी में ऐसा ही होता है। इस पर जस्टिस दीपांकर दत्ता ने कहा- 'मेरे गृह राज्य पश्चिम बंगाल की जनसंख्या जर्मनी से अधिक है। हमें किसी पर विश्वास जताना होगा। इस तरह से व्यवस्था को नुकसान पहुंचाने की कोशिश मत कीजिए। यह एक बहुत बड़ा काम है...और यूरोपीय उदाहरण यहां काम नहीं आते।

### छत्तीसगढ़ के कांकेर में नक्सलियों से मुठभेड़

# टॉप कमांडर सहित 29 नक्सली ढेर, 3 जवान घायल



**कांकेर ▪ एजेंसी**

छत्तीसगढ़ के कांकेर में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में 29 से अधिक नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। वहीं तीन जवानों के घायल होने की जानकारी मिल रही है। छोटे बेठिया थानाक्षेत्र के माड़ इलाके में मुठभेड़ हुई है। घायल जवानों को जंगल से निकालने के लिए अतिरिक्त बल रवाना किया गया है। एसपी कल्याण एलिसेला ने इस पूरे मामले की जानकारी दी है।

एंटी नक्सल आपरेशन में निकले जवानों के साथ नक्सलियों की मुठभेड़ में 29 से अधिक नक्सलियों के मारे जाने की एसपी कल्याण एलीसेला ने की पुष्टि की है। एसपी ने कहा कि टॉप नक्सल कमांडर शंकर राव मारा गया है। वहीं दो महिला नक्सली ललिता और मांडवी भी मारी गई हैं। तीनों पर 25-25 लाख का इनाम था। मुठभेड़ में 4 एके 47 रायफल समेत भारी मात्रा में हथियार बरामद किए गये हैं। मारे गए नक्सलियों का आंकड़ा अभी और बढ़ सकता है। मुठभेड़ में बीएसएफ इंस्पेक्टर समेत तीन जवान घायल हुए हैं। इनमें दो डीआरजी के जवान बताये जा रहे हैं। घायल जवानों को लाने के लिए चॉपर भेजा गया है। शंकर राव, ललिता और मांडवी डीवीसी रैंक के लीडर थे। मारे गए सभी नक्सलियों के शव लाने के लिए पुलिस टीम रवाना की गई है। पुलिस ने मौके से चार ऑटोमेटिक हथियार भी बरामद किये गये हैं। कुल 50 से से अधिक नक्सली थे। जो अलग-अलग टीम में शामिल थे। छत्तीसगढ़ में 19 अप्रैल को पहले चरण का मतदान होना है। उसके पहले ये बड़ी मुठभेड़ हुई है।

### यूपीएससी 2023 का फाइनल रिजल्ट जारी

# लखनऊ के आदित्य अव्वल मप्र के अभ्यर्थी भी सफल

**नई दिल्ली ▪ एजेंसी**

देश की सबसे कठिन परीक्षा यूपीएससी सिविल सर्विसेज 2023 का रिजल्ट जारी कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के निवासी आदित्य श्रीवास्तव ने इस परीक्षा में पहला स्थान प्राप्त किया है। वहीं, दूसरे स्थान पर अनिमेष प्रधान हैं। जबकि तीसरे स्थान पर दोनुरु अनन्या रेड्डी हैं। इसके अलावा मध्य प्रदेश के कई प्रतियोगियों ने सफलता अर्जित की है। आयोग की तरफ से कुल 1016 अभ्यर्थियों का फाइनल रूप से चयन किया गया है।



यूपीएससी परीक्षा में भोपाल की छाया सिंह ने 65वां स्थान हासिल किया है। भोपाल के डॉक्टर सचिन गोयल को 209वीं और उनके भाई समीर गोयल को 222वीं रैंक मिली है। धार की माही शर्मा की 106 और सतना की काजल सिंह को 485वीं रैंक मिली है। भोपाल के अर्णव भंडारी का भी यूपीएससी में सिलेक्शन हुआ है। उनकी रैंक 232 है।

ग्वालियर से तीन अभ्यर्थियों का चयन हुआ हैं, जिसमें मान्या सिंह चौहान की 84, आयुषी बंसल की 97 और माधव अग्रवाल की 211वीं रैंक बनी है। नर्मदापुरम की पलक गोयल ने 479वीं रैंक हासिल की है। बैतूल के मोरखा गांव के शुभम रघुवंशी को 556वीं रैंक मिली है। गुना से दो युवाओं का चयन हुआ है। सेजी के रहने वाले संदीप रघुवंशी को 277वीं रैंक और गुना शहर के रहने वाले मानव जैन मोदी को 634वीं रैंक मिली है।

### इसरो ने बनाया हल्का C-C नोजल

# रॉकेट इंजन तकनीक में हासिल की बड़ी कामयाबी

**बेंगलुरु ▪ एजेंसी**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक बार फिर पूरी दुनिया में अपनी सफलता और मेहनत का डंका बजाया है। उसने रॉकेट इंजनों के लिए हल्का नोजल तैयार किया है। इसरो ने मंगलवार को कहा कि उसने रॉकेट इंजनों के लिए हल्के कार्बन-कार्बन (सी-सी) नोजल को सफलतापूर्वक विकसित किया है, जो रॉकेट इंजन तकनीक में एक नई पहल है। इसरो ने कहा है कि हल्के नोजल से अब रॉकेट की पेलोड क्षमता में बढ़ोत्तरी हो सकेगी।

इसरो की विज्ञप्ति के मुताबिक, यह नवाचार तिरुवनंतपुरम स्थित विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (VSSC) द्वारा तैयार किया गया है। इसके जरिए रॉकेट इंजनों के महत्वपूर्ण मापदंडों को बढ़ावा मिल सकेगा। इसमें थ्रस्ट लेवल, स्पेसिफिक इम्पल्स और थ्रस्ट एवं वजन अनुपात शामिल है। इसरो के मुताबिक



इन बदलावों से रॉकेट की पेलोड क्षमता में वृद्धि होगी। नोजल डायवर्जेंट बनाने के लिए कार्बन-कार्बन (सी-सी) कंपोजिट जैसी उन्नत सामग्रियों का इस्तेमाल किया गया है जो असाधारण गुण प्रदान करते हैं। इसमें कहा गया है कि हरे कंपोजिट के कार्बोनाइजेशन, रासायनिक वाष्प और उच्च तापमान उपचार जैसी प्रक्रियाओं का उपयोग करके, इसने कम घनत्व, उच्च विशिष्ट शक्ति और उत्कृष्ट कठोरता के साथ एक नोजल तैयार किया है, जो ऊंचे तापमान पर भी यांत्रिक गुणों को बनाए रखने में सक्षम है। सी-सी नोजल की एक प्रमुख विशेषता इसकी सिलिकॉन कार्बाइड की विशेष एंटी-ऑक्सीडेशन कोटिंग है, जो ऑक्सीडायजिंग वातावरण में इसकी परिचालन सीमा को बढ़ाती है। यह नवाचार न केवल थर्मल प्रेरित तनाव को कम करेगा बल्कि रॉकेट लॉन्चिंग के दौरान होने वाली कोरिजन अवरोध को भी बढ़ाएगा, जिससे प्रतिकूल वातावरण में विस्तारित परिचालन तापमान सीमा को सहने की शक्ति मिल सकेगी। इस नई तकनीकि से निर्मित नोजल का इस्तेमाल विशेष रूप से वर्कहॉर्स लांचर, ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (PSLV) के लिए हो सकेगा। इसरो के मुताबिक, PS4 में फिलहाल कोलंबियम मिश्र धातु से बने नोजल वाले जुड़वां इंजन लगे हैं। धातुओं से बने इन नोजल की जगह उनके समकक्ष तैयार किए गए सी-सी हल्के नोजल को लगाकर लगभग 67 फीसदी का भार कम किया जा सकता है।

### गलती पड़ी भारी | बिहार से जुड़े हैं अभिनेता सलमान खान के घर फायरिंग करने वाले आरोपियों के तार

# गुजरात के भुज से पकड़े गए गोली चलाने वाले सागर और विक्की

**मुंबई ▪ एजेंसी**

एक्टर सलमान खान के घर के बाहर हुई फायरिंग मामले में गिरफ्तार दोनों आरोपियों के तार बिहार से जुड़े हुए हैं। पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपियों को गुजरात के भुज से मंगलवार को ही गिरफ्तार किया है। इनका नाम सागर पाल और विक्की गुप्ता है, जो मूल रूप से बिहार के चंपारण के रहने वाले हैं। विक्की गुप्ता की उम्र 24 साल और सागर पाल महज 21 साल का है। दोनों को 10 दिन की पुलिस रिमांड पर सौंप दिया गया है। सलमान खान और उनके परिवार को मुंबई क्राइम ब्रांच ने इस मामले में दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी की जानकारी दे दी है।

**ऐसे हुई गिरफ्तारी** - क्राइम ब्रांच की एक टीम फिलहाल बिहार के चंपारण जिले में भी इसी केस पर काम कर रही है। पुलिस ने बताया कि दोनों फायरिंग करने के बाद मुंबई से चले गए थे और बाद में दर्शन के लिए कच्छ के आशापुरा मंदिर गए थे। दोनों आरोपियों के मोबाइल फोन चालू थे, जो पुलिस के लिए सबसे बड़ा प्लस पॉइंट था। क्राइम ब्रांच ने दोनों आरोपियों के फोन को भी ट्रैक करना शुरू कर दिया था। उनकी लोकेशन गुजरात के कच्छ में ट्रैक की गई थी। फोन लोकेशन ट्रैक करते हुए आधी रात के आसपास आरोपियों को कच्छ के प्रमुख आशापुर माता मठ मंदिर से हिरासत में ले लिया गया और मुंबई लाया गया। गौरतलब है कि लॉरेंस बिश्नोई गुजरात के साबरमती जेल में ही कैद है।

**नदी में फेंक दिए हथियार** - भुज के एसपी महेंद्र बागरिया ने कहा, हथियार बांद्रा में एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा दोनों आरोपियों को दिया गया था। वे पनवेल में रह रहे थे और सलमान के आवास की बाइक और ऑटोरिक्शा से रेकी की थी। इसके बाद 14 अप्रैल को सलमान खान के घर के बाहर उन्होंने फायरिंग कर दी। उन्होंने बताया कि हथियार नदी में फेंक दिए हैं।



विक्की गुप्ता | आरोपी सागर पाल

## ऐसे जुड़ा लॉरेंस से कनेक्शन

गिरफ्तार आरोपी सागर पाल ने दो साल तक हरियाणा में काम किया, जहां वह लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के संपर्क में आया। विक्की गुप्ता भी हरियाणा में नौकरी करता था और यहीं वह सागर पाल के संपर्क में आया। दोनों ही शूटर बिहार के पश्चिमी चंपारण के नरकटिया तहसील के मसही गांव के रहने वाले हैं।

## सलमान के घर पहुंचे सीएम शिंदे

अभिनेता सलमान खान से मिलने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे गैलेक्सी अपार्टमेंट पहुंचे। उन्होंने सलमान खान और उनके पिता सलीम खान से भी मुलाकात की। इसके अलावा वह सलमान खान को गले लगाते नजर आए। मुलाकात के बाद शिंदे ने कहा, हमने सलमान से कहा है कि यह सरकार आपके साथ है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। हम इस केस के तह तक जाएंगे और किसी को बख्शा नहीं जाएगा। इस तरह किसी को टारगेट नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा, कोई गैंगवॉर नहीं होने दी जाएगी। हम ऐसा नहीं होने देंगे। हम बिश्नोई को खत्म कर देंगे।

पटाखा फैक्ट्री का मार्च में लाइसेंस हो चुका था खत्म, इसके बाद भी अवैध रुप से संचालित की जा रही थी, हादसे में तीन घायल

# पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

महू क्षेत्र की एक पटाखा फैक्ट्री में मंगलवार को ब्लास्ट हो गया। हादसे में तीन लोग गंभीर घायल हैं। मौके पर प्रशासन और पुलिस की टीम ने पहुंचकर तुरंत घायलों को चोइथराम अस्पताल पहुंचाया। जिस फैक्ट्री में ब्लास्ट हुआ, वहां सुतली बम बनाए जाते हैं। ये फैक्ट्री साखिर खान नाम के व्यक्ति की है, जो राऊ का रहने वाला है। आंबा चंदन गांव महू से लगभग आठ किमी दूर है।

गांव से करीब पांच किमी दूर जंगल की तरफ चार बीघे के खेत में पटाखा फैक्ट्री है। यहां सुतली बम बनाने का काम चल रहा था। प्राथमिक जानकारी में सामने आया है कि फैक्ट्री लाइसेंसी थी। लाइसेंस 31 मार्च तक वैलिड था। यहां रखे केमिकल में आग लगने से हादसा हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच।

राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया गया। बताया जा रहा है कि पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट इतना तेज हुआ कि आसपास के लोग दहशत में आ गए। रोहित पिता परमानंद निवासी ग्राम दातोदा, अर्जुन पिता नाथू राठौर निवासी महाराष्ट्र और उमेश पिता माणिक चौहान गंभीर घायल हुए हैं। हरदा की पटाखा फैक्ट्री में हुए ब्लास्ट के बाद से इंदौर में प्रशासन लगातार जांच कर रहा है। इंदौर में राऊ, सिमरोल और अन्य क्षेत्रों में बड़ी संख्या में पटाखा फैक्ट्री हैं। यहां पर प्रशासन सख्ती से काम कर रहा है। बावजूद इसके ब्लास्ट होने पर सवाल उठ रहे हैं।



अवैध रुप से बना रहे थे सुतली बम







पटाखा फैक्ट्री में लगी आग के बाद बड़ा हादसा हो सकता था, लेकिन समय रहते आग पर नियंत्रण पा लिया गया। आसपास कोई ज्वलनशील पदार्थ के अन्य भंडारण न होने और घरों के दूर दूर होने की वजह से आग फैलने से बच गई। बताया जा रहा है कि यहां पर अवैध रुप से पटाखा फैक्ट्री का संचालन हो रहा था। प्रशासन के नियमों को ताक पर रखकर यह फैक्ट्री बनाई गई थी। यहां पर सुतली बम बनाए जा रहे थे। हरदा में हुए हादसे के बाद प्रशासन ने फ़ैक्ट्री की जांच की थी। लाइसेंस मार्च में ही खत्म हो गया था, उसके बाद भी बिना अनुमति से मजदूर पटाखे बना रहे थे। हादसे के बाद फैक्ट्री पूरी तरह से जल गई।

## बेकरी वाली गली में लगी आग, तंग बस्ती में नहीं पहुंच सकी दमकल





**राजीव टाइम्स ▪ इंदौर।** मालवा मिल क्षेत्र की घनी बस्ती बेकरी वाली गली में मंगलवार शाम कोआग लग गई। घनी बस्ती होने के कारण फायर ब्रिगेड की दमकलों को भी भीतर तक पहुंचने में परेशानी हुई, हालांकि मार्ग पर दमकल खड़ी कर घटनास्थल तक पाइप पहुंचने से आग पर जल्दी काबू पा लिया गया। इससे आग विकराल रुप नहीं ले पाई। बस्ती के एक मकान में शार्ट सर्किट की वजह से आग लगी। मकान के अगले हिस्से में किराने की दुकान भी संचालित होती थी। आग लगने के बाद परिवार के लोग जान बचाने के लिए घर से बाहर निकल गए। बस्तीवालों ने पहले अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन धुआं ज्यादा होने के कारण भीतरी हिस्से तक लोग नहीं पहुंच पा रहे थे। आग लगने के 20 मिनट के बाद फायर ब्रिगेड की दमलक पहुंची। तब तक धुआं आसपास के मकानों में फैल गए था। संकरी गली होने के कारण दमकल भीतर नहीं जा पाई, लेकिन घटनास्थल की दूरी ज्यादा नहीं होने के कारण पाइप वहां तक आसानी से पहुंच गए। आधे घंटे के भीतर फायरब्रिगेड के आग पर पूरी तरह काबू पा लिया।इससे आसपास के मकान आग की चपेट में आने से बच गए। आग के कारण गृहस्थी का सामान और किराने की दुकान का सामान जलकर राख हो गया।



# एमजीएम मेडिकल कॉलेज में स्टूडेंट्स का धरना-प्रदर्शन, मांग पर अड़े रहे

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इंदौर महानगर द्वारा एमजीएम मेडिकल कॉलेज में अंतिम वर्ष ( 2019 – 2024 ) परीक्षा में विद्यार्थियों को सर्जरी डिपार्टमेंट के प्रैक्टिकल में जानबूझकर फेल करने के विरोध में एमजीएम मेडिकल कॉलेज डीन कार्यालय पर मंगलवार को धरना प्रदर्शन किया गया।

रिजल्ट में करीब 41 स्टूडेंट्स प्रभावित हुए है। सभी अंतिम वर्ष के है। सुबह से ही अभाविप कार्यकर्ता कॉलेज पहुंचने लगे थे। कार्यकर्ताओं ने धरना-प्रदर्शन के दौरान नारेबाजी भी की है। कॉलेज प्रबंधन ने धरना खत्म करने के लिए कहा, लेकिन कार्यकर्ता अड़े रहे हैं कि जब तक समस्या का निराकरण नहीं हो जाता वे धरना खत्म नहीं करेंगे। अभाविप के सार्थक जैन ने बताया कि स्टूडेंट्स का परीक्षा परिणाम इंटरनल परीक्षक द्वारा एक्सटर्नल परीक्षक को भेजने तक अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा। इंटरनल परीक्षक परिणाम एक्सर्टनल परीक्षक को भेजेंगे। इसके बाद जो 4 एक्सर्टनल परीक्षक आए थे, वो इस पर साइन करेंगे, फिर देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी को नंबर भेजे जाएंगे और रिजल्ट में चेंज होगा। बता दें पूर्व में भी अभाविप के द्वारा इस संबंध में कॉलेज प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा गया था लेकिन इसके बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है।

### डेयरी का ताला तोड़ रहे थे बदमाश, कैमरे में कैद

**इंदौर।** राजमोहल्ला में एक डेयरी पर सोमवार रात बदमाशों ने ताले तोड़ने की कोशिश की। यहां सब्बल से वह शटर उचकाते भी नजर आए। सुबह डेयरी संचालक दुकान पर पहुंचा। शटर में छेड़छाड़ देख सीसीटीवी चेक किए, जिसमें दो बदमाश कैद हुए हैं। मामला छत्रीपुरा थाने के नजदीक गुरुकृपा डेयरी का है। यहां संचालक भावेश नीमा मंगलवार सुबह दुकान पहुंचे तो उन्हें शटर अस्त व्यस्त दिखा। इस दौरान उन्होंने सीसीटीवी कैमरे चेक किए, जिसमें दो बदमाश वहां काफी देर तक काउंटर की आड़ में छिपे हुए दिखे।

### पांचवीं-आठवीं परीक्षा के परिणाम इसी सप्ताह जारी होंगे

**इंदौर।** राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा इस बार बोर्ड पैटर्न में पांचवीं और आठवीं आयोजित की गई थी। इन परीक्षाओं का मूल्यांकन भी अप्रैल माह में शुरू होकर पूरा हो गया है। अब चिन्हित कापियों का दोबारा मूल्यांकन किया जा रहा है। यह काम भी तकरीबन पूरा हो चुका है। राज्य शिक्षा केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार, पांचवीं और आठवीं परीक्षा के परिणाम इसी सप्ताह में जारी हो सकते हैं।

## मसाला व्यापारी का सड़क पर मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर



बाणगंगा थाना क्षेत्र के भागीरथपुरा में एक मसाला व्यापारी का शव मिला है। वह सोमवार सुबह घर से निकले थे, लेकिन शाम तक घर नहीं लौटे। सूचना मिलने पर रिश्तेदार पहुंचे, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। पुलिस के मुताबिक मृतक का नाम अंबाराम पुत्र बाबूलाल खिंची है। वह कबूतरखाना इलाके के रहने वाले हैं। रिश्तेदार बाबूलाल ने बताया कि अंबाराम मसाला व्यापारी थे। वह सोमवार सुबह बाइक से काम से निकले। शाम को परिवार को सूचना मिली कि अंबाराम एक फैक्ट्री के पास सड़क पर बेहोश दिखे हैं। नजदीक बाइक भी पड़ी है। यहां जब रिश्तेदार बाबूलाल पहुंचे तो आसपास वालों ने बताया कि अंबाराम सोमवार दोपहर 12 बजे से सड़क पर ही हैं। मौके पर पहुंचे रिश्तेदारों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने अंबाराम को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया और बाइक जब्त कर अपने साथ ले गई। मंगलवार सुबह अंबाराम का पोस्टमार्टम कराया है। अंबाराम की दो बेटियां हैं। दोनों की शादी हो चुकी है। एक बेटा अंबाराम के साथ ही मसाले का काम करता है।

### कैफे कर्मचारी की संदिग्ध मौत

**इंदौर।** विजयनगर थाना क्षेत्र में रिंकू सिंह पुत्र अक्षयलाल निवासी महेश बाग कॉलोनी की सोमवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बताया जाता है कि रिंकू का सोमवार को गले में दर्द हो रहा था इसके बाद उसकी तबीयत ज्यादा बिगड़ गई। उसे परिचित एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। रिंकू एक कैफे में काम करता है। पुलिस ने मंगलवार को पोस्टमार्टम कराया है। मामले की जांच की जा रही है।

## कॉलेज छात्रा से छेड़छाड़, मौके से भागा आरोपी

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

बाणगंगा थाना क्षेत्र में रहने वाली एक कॉलेज छात्रा के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। उसके घर के पास रहने वाले आरोपी ने उसके मार्केट में मारपीट करते हुए कपड़े फाड़ दिए और भाग गया।

यहां लोगों ने उसे बचाया। बाद में मां के साथ थाने जाकर पीड़िता ने केस दर्ज कराया है। पुलिस के मुताबिक बीकॉम की छात्रा ने राजेश प्रजापत के खिलाफ छेड़छाड़ और मारपीट का केस दर्ज कराया है। छात्रा ने बताया कि राजेश उसके घर के नजदीक ही रहता है। वह तीन साल से परेशान कर रहा है। हमेशा गलत नीयत से देखता है। सोमवार शाम को जब छात्रा एग्जाम का फॉर्म भरने साइबर कैफे पर जा रही थी, तभी राजेश पीछा करने लगा। जब वह नंदबाग के यहां पहुंची तो राजेश वहां तक आ गया। यहां छात्रा रूकी और उससे पीछा करने का कारण पूछा। तब राजेश ने छात्रा का गला पकड़ा और अपशब्द कहने लगा। इसके बाद राजेश उसे पीटने लगा छात्रा बचाव करने लगी तो उसके कपड़े फाड़ दिए। यह देखकर स्थानीय लोग इकट्ठा हो गए। लोगों को नजदीक आते देख राजेश वहां से भाग गया। राजेश ने उसे देख लेने की धमकी भी दी। बाद में छात्रा ने मां को घर जाकर पूरी बात बताई।

मामा के यहां गई महिला से अश्लील हरकत

खजराना निवासी 30 साल की शादीशुदा महिला के साथ संयोगितगंज इलाके में एक बदमाश ने छेड़छाड़ कर दी।

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह सीआरपी लाइन में अपने मामा के यहां कार्यक्रम में सोमवार रात पहुंची। वहां शब्बीर सफी शाह निवासी सूफी मस्जिद मोहल्ला कसरावद खरगोन मिला। उसने रास्ता रोककर मेरा हाथ पकड़ लिया और साथ में चलने के दबाव डालने लगा। बाद में पति को मोबाइल से जानकारी दी। आरोपी के खिलाफ शिकायत करने थाने पहुंची।

## मोबाइल-रुपए नहीं दिए तो गार्ड पर किया हमला, दो नाबालिग गिरफ्तार

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

बाणगंगा थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात एक गार्ड से लूट को चाकू मारकर घायल कर दिया। चाकू मारने से पहले बदमाशों ने गार्ड से मोबाइल और रुपए मांगे थे। गार्ड ने मना किया तो बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया। गार्ड को उपचार के लिये अरविंदो अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने देर रात दो बदमाशों को पकड़ लिया। दोनों ही नाबालिग बताए जा रहे हैं। पुलिस के मुताबिक घटना पोलोग्राउंड की है। यहां 50 साल के गार्ड सुभाष सोनोने के पास दो बदमाश पहुंचे। इस दौरान एक बदमाश ने चाकू निकालकर गार्ड से रुपये और मोबाइल मांगा। गार्ड ने देने से इनकार किया तो आरोपियों ने चाकू से वार कर दिया। गार्ड के शोर मचाने पर बदमाश मौके से भाग गए। रात में गार्ड गंभीर हालत में थाने पहुंचा। इसके बाद उसे मेडिकल कराने के लिए अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने इस मामले में दो नाबालिगों को हिरासत में लिया है। इनमें से एक को गार्ड ने रात में ही पहचान लिया। पुलिस दोनों नाबालिगों से पूछताछ कर रही है।

## राऊ-भंवरकुआं के बीच चेन लूटने वाला पकड़ाया

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

क्राइम ब्रांच ने राऊ में हुई लूट के एक मामले में आरोपी को हिरासत में ले लिया है। उसे राऊ पुलिस के सुपुर्द किया गया है। आरोपी ने पता पूछने के बहाने महिला के गले की चेन लूट ली थी। इसके बाद आरोपी फरार हो गया। क्राइम ब्रांच और पुलिस ने आरोपी के कई किलोमीटर के एरिये में फुटेज तलाशे इसके बाद उसके ठिकाने तक पहुंच पाई। इस मामले में पुलिस जल्द खुलासा करेगी। एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया की टीम ने राऊ में संतोष नाम की महिला के साथ हुई लूट के मामले में सोमवार को हितेश पुत्र प्रकाश पंजाबी को पकड़ा है। आरोपी अन्नपूर्णा इलाके का रहने वाला है। वह बिना नंबर की बाइक पर घूमकर लूट करता है। आरोपी को राऊ पुलिस के सुपुर्द किया गया है। इधर, आरोपी हितेश पूर्व में भी लूट के मामले में पकड़ा जा चुका है। भंवरकुआ में जनवरी 2023 में भी लूट की वारदात हुई थी। तब भी हितेश के फुटेज क्राइम ब्रांच और स्थानीय पुलिस को मिले थे। लेकिन उसकी पहचान नहीं हो पाई थी। आरोपी अकेले ही घूमता था। फिलहाल ओर वारदातों को लेकर उससे पूछताछ की जा रही है। वहीं उसके क्राइम रिकॉर्ड भी खंगाले जा रहे हैं।

### क्राइम ब्रांच ने जब्त की थी 17 से ज्यादा चेन

हितेश कई सालों से चेन लूट की वारदात कर रहा है। वह सीरियल लुटेरा है। करीब पांच साल पहले भी क्राइम ब्रांच ने उसे पकड़ा था। उसके पास से 17 से ज्यादा चेन लूट की वारदातें पुलिस को मिली थी। वह कई शहरों में जाकर भी लूट की वारदात करता है। अकेली महिलाओं को निशाना बनाता है और भाग जाता है। पिछले कुछ समय से वह इंदौर में सक्रिय नहीं था। इसलिये पुलिस की नजरों से बच रहा।

## आरक्षक की मौत पर कोर्ट ने स्वजन को दिलवाई 52 लाख क्षतिपूर्ति

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

ड्यूटी के दौरान ट्रक के नीचे दबने से हुई पुलिस आरक्षक की मौत के मामले में जिला न्यायालय ने आरक्षक के स्वजन को 52 लाख रुपए क्षतिपूर्ति के रूप में देने के आदेश दिए। आरक्षक कमल पारगी 18 नवंबर 2018 की रात नियमित ड्यूटी के दौरान राजोदा बायपास चौराहा देवास जेल के पास तैनात था। वह रोड से नीचे खड़ा होकर ड्यूटी कर रहा था। इस दौरान ट्रक एमपी 06 एचसी 1782 का चालक लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए लाया और ट्रक को पलट दिया। ड्यूटी में तैनात कमल पारगी और एक अन्य ट्रक के नीचे दब गए, जिससे मौके पर ही मौत हो गई थी। कमल की पत्नी पूनमबालाने एडवोकेट एलएन यादव के माध्यम से ट्रक का बीमा करने वाली बीमा कंपनी के खिलाफ क्षतिपूर्ति के लिए जिला न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया। एडवोकेट यादव ने तर्क रखे कि कमल परिवार का इकलौता कमाऊ सदस्य था। उसकी असामयिक मौत से पत्नी, पुत्र, पुत्री, माता-पिता को अपूरणीय क्षति हुई है। सोलहवें सदस्य मोटर दुर्घटना दावा अधिकार न्यायधीश राजेश कुमार अग्रवाल ने तर्कों से सहमत होते हुए बीमा कंपनी को आदेश दिया कि वह मृतक के आश्रितों को क्षतिपूर्ति के रूप में 52 लाख तीन हजार रुपए का भुगतान करे।

मार्गदर्शन ▸ सिका कॉलेज में हेल्दी एंड हैप्पी हार्ट विषय पर हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. भरत रावत ने कहा

# विद्यार्थी सोचें, दुनिया को कैसे बेहतर बनाया जाए

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

सिका कॉलेज में मंगलवार को हेल्दी एंड हैप्पी हार्ट विषय पर डॉ. भरत रावत के इंटरेक्टिव सेशन का आयोजन किया गया। विश्व स्वास्थ्य दिवस के संदर्भ में आयोजित इस कार्यक्रम में डॉ. रावत ने स्वस्थ रहने और खुश रहने का मंत्र देते हुए कहा कि विद्यार्थियों को इस दुनिया को बेहतर बनाने के बारे में सोचना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिका कॉलेज के मैनेजिंग ट्रस्टी डॉ. एस श्रीधर उपस्थित थे। प्राचार्य डॉ. गुंजन शुक्ला ने डॉ. भरत रावत को स्मृति चिन्ह प्रदान किया। मेदांता अस्पताल के हृदयरोग विशेषज्ञ डॉ. रावत ने विद्यार्थियों को स्वस्थ और प्रसन्न रहने के गुर बताते हुए कहा कि सोशल मीडिया का बहुत सीमित इस्तेमाल कर समय को बर्बाद होने से बचा सकते हैं। विद्यार्थी दिखावे से दूर रहें, उन्हें दिखावा करना ही है, तो अपने अच्छे कामों का करें। डॉ. भरत ने कहा कि विद्यार्थियों को रिएक्ट करने और रिस्पांड करने में अंतर मालूम होना चाहिए। बिना सोचे समझे प्रतिक्रिया देने के बजाए, सोच समझ कर बातचीत करना लाभदायक होता है। किसी



के बारे में भी जजमेंटल न हों। डॉ. रावत ने स्वस्थ रहने का महत्व समझाते हुए कहा कि 7106 फार्मूला अपनाएं। रात का खाना 7 बजे खाएं, रात को 10 बजे सो जाएं और सुबह 6 बजे उठ गए तो आप हमेशा स्वस्थ और तंदुरुस्त बने रहेंगे। बाहर की चीजों के बजाए घर की बनी चीजें खाएंगे तो आपको डॉक्टर के पास जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। बार-बार जले तेल का समोसा और बेकरी उत्पाद से खुद को दूर रखें। वीगन जीवनशैली अपनाएं।

डॉ. रावत ने कहा कि यदि आपका मन खुश रहेगा, तो तन भी खुश रहेगा, इसलिए भावनात्मक रूप से फिट रहें और रोज कसरत करें। आपके बारे में कोई क्या कह रहा है क्या सोच रहा है, इसकी ज्यादा परवाह नहीं करें। भारत रावत ने विद्यार्थियों से बातचीत में कहा कि जीवन का एक उद्देश्य निर्धारित करना बड़ा जरूरी है। आपको यह सोचना चाहिए कि आप इस दुनिया को कैसे बेहतर बना सकते हैं। पर्यावरण को बचाएं, देशभक्त बनें, लेकिन कट्टर राष्ट्रवाद से दूर रहें। परिवार, धर्म के बजाए समाज और विश्व के बारे में सोचेंगे तो आप पर ईश्वर की कृपा होगी। अच्छे सवाल करने वालों को उपहार भी दिए गए। कार्यक्रम की शुरुआत में प्रो. जितेंद्र चौधरी ने स्वागत उद्बोधन दिया। इससे पहले प्रो कामाक्षी गेहलोत ने डॉ. भरत रावत का परिचय दिया। कार्यक्रम में प्रसन्नजीत भदौरिया उपस्थित रहे। आभार प्रो. प्रतिभा सारस्वत ने माना।

जलस्तर बढ़ाने के होंगे प्रयास

# आयुक्त ने पानी के टैंकर सप्लाय नहीं करने पर सब इंजीनियर को थमाया नोटिस

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

शहर में कई स्थान ऐसे हैं, जहां पानी का स्तर काफी नीचे चला गया है। ऐसे क्षेत्रों को चिन्हित कर जल स्तर बढ़ाने के प्रयास किए जाएंगे। इसके लिए लोगों के साथ मिलकर काम किया जाएगा। मंगलवार को निगम कमिश्नर शिवम वर्मा ने जोनल अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में चिन्हित स्थानों पर रिचार्ज पीट का निर्माण करें। इसके साथ ही बंद पड़े बोरिंग को रिचार्ज पीट के माध्यम से वॉटर रिचार्जिंग करने पर ध्यान दें। उन्होंने जोनल अधिकारी द्वारा बनाए गए प्रेजेंटेशन को देखा। खुले मैदानों, बगीचों में जहां पर जल जमाव होता है, उन स्थानों पर कैसे जल स्तर बढाया जा सकता है, इस पर चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्र में यह भी सर्वे करें कि वर्तमान में जल स्तर कितना है। कितने स्थानों पर जल संरक्षण काम किया जा रहा है। जल स्तर को बढाने के लिए शहर के विभिन्न संस्थानों के सहयोग से इंदौर जल संरक्षण अभियान चलाने के संबंध में भी चर्चा की गई। उन्होंने गर्मी में किन-किन क्षेत्रों में नियमित जल प्रदाय किया जा रहा है, टैंकर नियमित चल रहे या नहीं, उनकी जीपीएस सिस्टम से मॉनिटरिंग करने को कहा। जिन क्षेत्रो में टैंकरों द्वारा ठीक से जलप्रदाय नहीं किया जा रहा है, में पीएचई के सब इंजीनियर को नोटिस देने के भी निर्देश दिए गए।

## जल संरक्षण को लेकर निगम गंभीर





**इंदौर।** जल संरक्षण को लेकर नगर निगम गंभीर नजर आ रहा है। निगम द्वारा जलस्त्रोतों को सेहजने का काम किया जा रहा है। इसी कड़ी में मोरोद और कैलोद करताल तालाबों की चैनल पर सफाई, बाधा हटाने और गहरीकरण का काम किया जा रहा है। निगम आयुक्त शिवम वर्मा द्वारा कैलोद करताल की करीब 2 किमी की चैनल को सफाई एवं गहरीकरण कार्य का अवलोकन किया गया। साथ ही मोरोद माचला की 2200 मीटर वाली चैनल सफाई कार्य जो कि प्रगतिरत है का भी अवलोकन किया गया। साथ ही आयुक्त वर्मा को अरंडिया तालाब की लगभग 120 मीटर चैनल का कार्य पूर्ण होने व बरदरी तालाब भवरासला की 370 मीटर चैनल सफाई कार्य के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी गई। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त सिद्धार्थ जैन, कार्यपालन यंत्री सुनील गुप्ता, जल सलाहकार सुरेश एमजी व अन्य उपस्थित थे।

## शॉर्ट न्यूज़

### मतपत्रों में उम्मीदवारों के फोटो भी होंगे

**इंदौर।** लोकसभा चुनाव में ईवीएम की बैलेट यूनिट पर चस्पा किए जाने वाले मतपत्रों में उम्मीदवारों के नाम, पार्टी का नाम और चुनाव चिन्ह के साथ फोटो व सर्विस वोटर्स को जारी किए जाने वाले डाक मतपत्रों पर उम्मीदवारों के नाम और पार्टी के नाम के साथ फोटो भी अंकित होंगे। चुनाव आयोग द्वारा उम्मीदवारों के नाम, पार्टी का नाम और चुनाव चिन्ह के साथ मतपत्रों में फोटो अंकित करने के ये निर्देश एक ही या मिलते जुलते नाम के दो या दो से अधिक उम्मीदवारों के चुनाव लड़ने के पूर्व में सामने आए प्रकरणों को देखते जारी किए गए हैं। मतपत्रों पर उम्मीदवारों का फोटो उसके नाम और चुनाव चिन्ह के बीच में दो गुना ढाई सेंटीमीटर के आकार (स्टंप साइज) में अंकित किए जाएंगे। मतपत्रों पर फोटो अंकित करने के लिए उम्मीदवारों को अपने फोटो नाम निर्देशन पत्र के साथ ही प्रस्तुत करने कहा गया है। उम्मीदवारों से कहा गया है कि मतपत्रों पर अंकित करने के लिए अपने ऐसे फोटो देवें, जो तीन माह से अधिक पुराने नही हों।

### मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए बनाई रणनीति

**इंदौर।** इंदौर शहर में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से मंगलवार को एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज के पदाधिकारियों से सिटी बस ऑफिस में चर्चा की गई। नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा द्वारा एसोसिएशन के पदाधिकारियों को स्वंय के साथ ही अपनी इंडस्ट्रीज में पदस्थ कर्मचारियों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने की बात कही। इस दौरान एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सुझाव भी दिए। एसोसिएशन ने कहा कि मतदान करने आने वाले कर्मचारियों के लिए एक लक्की ड्रॉ कूपन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसमें चयनित प्रतिभागी को एसोएशिन द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। बैठक में स्मार्ट सिटी सीईओ व स्वीप प्लान के नोडल अधिकारी दिव्यांक सिंह, अधीक्षण यंत्री महेश शर्मा, शहर के एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज मप्र के अध्यक्ष योगेश मेहता, सचिव तरुण व्यास, प्रकाश जैन, दिलीप देव, हरिश भाटिया, हरिश नागर, अनिल पालीवाल, प्रमोद डफरिया, सुनील बंसल सहित अन्य इंडस्ट्रीज के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### एमपी बोर्ड कक्षा 10वीं-12वीं का रिजल्ट जल्द घोषित करेगा




**इंदौर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा एमपी बोर्ड 10वीं और 12वीं परीक्षा के नतीजे जल्द घोषित किए जा सकते हैं। रिजल्ट आधिकारिक वेबसाइट https://mpbse.nic.in/ पर घोषित किया जाएगा। एमपी बोर्ड 10वीं की परीक्षा 5 फरवरी से 20 मार्च तक और इंटर की परीक्षा 6 फरवरी से 20 मार्च तक आयोजित की गई थी। एमपी बोर्ड परीक्षा में भाग लेने वाले करीब 20 लाख छात्रों को रिजल्ट का इंतजार है। उम्मीद है कि कि रिजल्ट का यह इंतजार खत्म होगा और एमपीबीएसई की ओर से रिजल्ट की डेट और समय का ऐलान कर रिजल्ट जारी किया जाएगा। एमपी बोर्ड हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की वार्षिक परीक्षाएं 20 मार्च को पूरी हो गई थीं। उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन और रिजल्ट तैयार करने में करीब एक माह तक का समय लगता है। यानी 20 अप्रैल तक रिजल्ट तैयार कर लिया जाएगा। यानी अब रिजल्ट के ऐलान में बहुत ही कम समय बचा है। उम्मीद है कि इस महीने के अंत तक रिजल्ट तैयार हो जाएगा और जल्द ही रिजल्ट घोषित करने की डेट का ऐलान किया जाएगा। एमपी बोर्ड का रिजल्ट MPBSE की ऑफिशियल वेबसाइट https://mpbse.nic.in/ देखने को मिल सकता है। रिजल्ट घोषित होते ही रिजल्ट का अलर्ट पाने के लिए छात्र यहां डायरेक्ट लिंक पर अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। www.mpresults.nic.in पर जाएं। 'एमपी 10 या 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम 2024' पर क्लिक करें। छात्र का रोल नंबर और साथ ही उनका आवेदन नंबर दर्ज करें। इसके बाद सबमिट बटन दबाएं।पेज को जांचें और डाउनलोड करें।



सुरक्षा को लेकर लापरवाही : प्रशासनिक दल ने होटल, बार और रेस्टोरेंट में जांचे सुरक्षा के इंतजाम, खामियां मिलने पर की कार्रवाई

# तीन होटल, रेस्टोरेंट सील

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

विजय नगर क्षेत्र के टावर-61 इमारत की छत पर स्थित रेस्टोरेंट में रविवार को आग लगने के बाद कलेक्टर आशीष सिंह ने शहर के ऊंची इमारतों की छतों और पेंट हाउस में संचालित पब, बार, रेस्टोरेंट और होटलों में फायर सेफ्टी सिस्टम जांचने के आदेश दिए थे। आग की घटना के बाद शहर के दूसरे होटल, पब और रेस्तरां पर गाज गिरने लगी है। मंगलवार को शहर के तीन होटल, रेस्टोरेंट सील कर दिए गए, क्योंकि उनमें फायर सेफ्टी व्यवस्था का अभाव था। मचान रेस्टोरेंट में रविवार को लगी आग के बाद कलेक्टर आशीष सिंह ने शहर के होटलों की जांच के निर्देश अफसरों को दिए थे।



एसडीएम कल्याणी पांडे के नेतृत्व में दल केलोद करताल में स्थित होटल रॉयल इंपेरिया पहुंचा, जहां फायर सेफ्टी सिस्टम के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे। इस दौरान होटल में रुके मेहमनों को चेक आउट करना पड़ा। एसडीएम पांडे ने बताया कि होटल में अपर्याप्त अग्नि शमन व्यवस्था होने पर 28 मार्च को नोटिस जारी किया गया था। इसके बाद भी फायर सेफ्टी सिस्टम व्यवस्था में कोई सुधार नहीं किया गया। इस पर कार्रवाई करते हुए होटल को सील कर दिया गया है। इधर, इधर, एसडीएम ओम नारायण सिंह और विजय नगर थाना प्रभारी सीबी सिंह के नेतृत्व में दल मंगल सिटी मॉल पहुंचा। यहां स्काय हाउस बार और म्यूनिसिपल लाउंज बार रेस्टोरेंट सील कर दिया। जांच के दौरान पुलिस विभाग,



नगर नगम के अफसर भी शामिल थे। आने वाले दिनों में शहर के अन्य रेस्तरां व होटलों के खिलाफ भी एक्शन लिया जा सकता है। बताया जा रहा है कि 23 मार्च को जांच के दौरान फायर सेफ्टी सिस्टम को लेकर स्काय हाउस बार एंड रेस्टोरेंट को नोटिस जारी किया था। इसके बाद भी रेस्टोरेंट संचालक द्वारा सुधार नहीं करवाया गया। इस लापरवाही पर रेस्टोरेंट को सील कर दिया गया।

### बगैर अनुमति चल रहे हैं छतों पर रेस्टोरेंट

शहर के ज्यादातर व्यावसायिक बिल्डिंगों की छतों पर बगैर अनुमति के होटल,पब और रेस्टोरेंट संचालित हो रहे हैं। इसके लिए अवैध निर्माण भी किए गए हैं। कुछ छतों पर खेल गतिविधियों के लिए टर्फ विकेट भी बनाए गए हैं। एक रेस्टोरेंट में आग लगने के बाद अब छतों पर हुए निर्माणों की जांच शुरु हो गई है। वीकेंड पर यहां काफी भीड़ भी जुटती है, लेकिन फायर सेफ्टी का भी ध्यान नहीं रखा जा रहा है।

# छात्रवृत्ति घोटाले की जांच में मंडल संयोजक सस्पेंड

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

कमिश्नर दीपक सिंह ने छात्रवृत्ति योजना घोटाले की जांच गलत तरीके से करने सहित कई मामलों में लापरवाही बरतने पर अजा विकास विभाग के मंडल संयोजक को सस्पेंड कर दिया है। इस अवधि में उनका मुख्यालय खंड शिक्षा कार्यालय विकासखंड पानसेमल जिला बड़वानी रहेगा। मामला डिविजनल डिप्टी कमिश्नर (अनुसूचित जाति विकास विभाग) में पदस्थ मंडल संयोजक रामलाल चौहान का है। कमिश्नर ने उन्हें कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही बरतने, छात्रवृत्ति योजना, छात्रावास आश्रम की मॉनिटरिंग, राहत योजना, आवास सहायता योजना, सीएम हेल्पलाइन आदि योजनाओं में रुचि नहीं लेने और उदासीनता पाए जाने पर यह कार्रवाई की है। इस साल 15 अप्रैल तक सीएम हेल्प लाइन की 1975 शिकायतें पेंडिंग हैं। जांच में पाया कि पीजीडीएम छात्रवृत्ति योजना में कुछ लोगों द्वारा स्टूडेंट्स के फर्जी दस्तावेजों के आधार पर शासन को नुकसान पहुंचाया जा रहा था। इसकी जांच टीम में रामलाल चौहान को सदस्य बनाया गया था। इसमें जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। इसके परीक्षण में पाया गया कि शिकायत गंभीर प्रवृत्ति की होने के बाद भी चौहान द्वारा विभाग को गुमराह किया गया। चौहान द्वारा दायित्वों के निर्वहन में रुचि नहीं ली गई। उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। नौ माह के बाद भी उन्होंने जवाब पेश नहीं किया गया। चौहान ने अन्य कामों में भी उदासीनता बरती। चौहान द्वारा 2022-23 में किसी भी जिले के छात्रावास-आश्रमों के निरीक्षण संबंधी कोई भी प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया था।

### उद्योगों को बढ़ाने के लिए कलेक्टर ने मांगे सुझाव

**इंदौर।** शहर में व्यवसायिक गतिविधि को सुधारने और व्यापारियों की समस्याओं के निराकरण के लिए मंगलवार को मप्र इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन में कलेक्टर आशीष सिंह ने व्यापारिक और औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उद्योगों को बढ़ाने के लिए सुझाव मांगे गए। बैठक में सभी ने उद्योगों में आ रही समस्याओं और सुझावों को रखा। इसमें इंदौर से एयर कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए भी सुझाव मिले हैं। इसके अलावा इंदौर में बनने वाले ईस्टर्न और वेस्टर्न रिंग रोड पर किस तरह के औद्योगिक क्षेत्र डेवलप किए जाए, पर भी चर्चा की गई है। यह भी सुझाव दिया गया है कि उद्योगों को बढ़ाने और शहरहित के लिए हर दो माह में ऐसी बैठक होना चाहिए। बैठक में औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों के अलावा एमपीआईडीसी के सभी अधिकारी भी मौजूद थे।

# मतदान केंद्र से दो सौ मीटर दूर टेबल-कुर्सी लगा सकेंगे उम्मीदवार के एजेंट

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

लोकसभा चुनाव के तहत मतदान के दिन मतदाताओं को गैर सरकारी पहचान पर्चियां बांटने के लिए उम्मीदवारों को अपने निर्वाचन बूथ मतदान केंद्रों के 200 मीटर के दायरे के बाहर ही स्थापित करने की अनुमति होगी। मतदान दिवस पर उम्मीदवार अपने एजेंटों और कार्यकर्ताओं के लिए मतदान केंद्र से 200 मीटर की दूरी के बाहर मतदाताओं को गैर सरकारी पहचान पर्चियां बांटने के लिए एक छतरी अथवा त्रिपाल के नीचे केवल एक मेज तथा दो कुर्सी रख सकते हैं।

ऐसी मेज के आसपास भीड़ इकट्ठी नहीं होगी। इन दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि मतदान केंद्र के 200 मीटर के भीतर कोई बूथ स्थापित नहीं किया जाएगा। एक ही परिसर में एक से अधिक मतदान केंद्र होने की स्थिति में भी ऐसे परिसरों से 200 मीटर की दूरी पर मतदान केंद्रों के लिए एक उम्मीदवार का एक ही बूथ बनाया जाएगा। निर्वाचन आयोग के मुताबिक ऐसे बूथों पर केवल दो कुर्सियों और एक मेज ही रखी जाएगी। ऐसे बूथों पर कनात नहीं लगाई जा सकेगी। केवल धूप या वर्षा से बचने के लिए एक छतरी या त्रिपाल का टुकड़ा लगाया जा सकेगा। आयोग ने कहा है कि गैर सरकारी मतदाता पहचान पर्चियां बांटने के लिए ऐसे बूथ बनवाने की इच्छा रखने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी को लिखित रूप में रिटर्निग ऑफिसर को उन मतदान केंद्रों के नाम और क्रम संख्या बतानी होगी जहां बूथ स्थापित करवाए जाने हैं। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि निर्वाचन बूथ स्थापित करवाने से पहले उम्मीदवार को स्थानीय कानून के अधीन भूमि के उपयोग के लिए सरकारी प्राधिकरणों अथवा नगर निगमों, नगर पालिकाओं, जिला परिषदों, शहरी क्षेत्र समितियों, पंचायत समितियों आदि की लिखित अनुमति भी लेनी होगी।

**निगरानी** — महू से वाचू पॉइंट के बीच नर्मदा पेयजल योजना की पाइप लाइन में चार बड़े लीकेज

# नगर निगम आयुक्त बोले- 10 दिन के अंदर सही करो लीकेज

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

नर्मदा पेयजल योजना की पाइपलाइन में महू से वाचू पॉइंट के बीच में चार बड़े लीकेज हैं। इन लीकेज को सही करने के लिए नगर निगम आयुक्त द्वारा ठेकेदार एजेंसी को चेतावनी दी गई है। इस एजेंसी को कहा गया है कि अगले 10 दिन के अंदर यह लीकेज सही करो। निगम आयुक्त शिवम वर्मा द्वारा जलूद में बार-बार हो रहे विद्युत फॉल्ट एवं लीकेज की मूसाखेड़ी स्थित विभाग में समीक्षा के लिए बैठक ली गई। विगत दिनों में बार-बार जलूद में विद्युत फॉल्ट एवं लीकेज की समस्या के संबंध में बैठक ली गई। बैठक में आयुक्त द्वारा कार्यपालन यंत्री पटेल से मानसून के पूर्व जलूद में स्थित मोटर पंप एवं विद्युत लाइनों के रखरखाव एवं पेड़ों की छंटाई करने के निर्देश दिए। साथ ही पाइप लाइन पर लगे वॉल की सतत निगरानी करने के भी निर्देश दिए गए। इसके अलावा ग्रामीणों के साथ समन्वय कर



वॉल से कोई छेड़छाड़ ना करें, इसके लिए भी निर्देशित किया गया। आयुक्त द्वारा रामकी कंपनी को जलप्रदाय लाइन में लीकेज सुधारने के कार्य में तत्परता नहीं दिखाने पर रामकी कंपनी के प्रतिनिधि व अन्य पर नाराजगी व्यक्त करते हुए फटकार लगाई गई। रामकी कंपनी को आगामी 10 दिवस के अंदर सभी बड़े- छोटे लीकेज सुधारने के निर्देश दिए। साथ ही कार्य समय सीमा पर नहीं करने पर कंपनी पर कड़ी कार्रवाई करने के लिए कहा है। इस बैठक में अधिकारियों के द्वारा बताया गया कि महू से लेकर वाचू पॉइंट तक नर्मदा पेयजल योजना की लाइन में चार बड़े-बड़े लीकेज हैं। यह लीकेज सुधारे जाना है। इस बारे में निगम के अधिकारियों के द्वारा कई बार रामकी कंपनी के अधिकारियों को कहा गया, लेकिन इस कंपनी के द्वारा काम नहीं किया जा रहा है। यह तथ्य सामने आने पर राम की कंपनी को 10 दिन में इस काम को करने के लिए कहा गया है।

संपादकीय

# लू और बारिश की चेतावनी

उत्तर भारत के अनेक इलाकों में लू का प्रभाव शुरु हो गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने अपने ताजा पूर्वानुमान में महाराष्ट्र, उत्तरी गोवा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों में लू चलने की चेतावनी जारी की है। बिहार के करीब एक दर्जन जिलों में लू का माहौल है, पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार जा चुका है। उत्तर प्रदेश के भी अनेक जिलों में पारा 40 डिग्री के पार पहुंचने लगा है। तापमान या लू की चिंता इस साल इसलिए भी ज्यादा है, क्योंकि यह चुनावी समय है।

भारत में सियासी तापमान के साथ ही मौसमी तापमान भी तेजी से बढ़ने लगा है। उत्तर भारत के अनेक इलाकों में लू का प्रभाव शुरू हो गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने अपने ताजा पूर्वानुमान में महाराष्ट्र, उत्तरी गोवा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों में लू चलने की चेतावनी जारी की है। उत्तर भारत में कुछ इलाकों में चिलचिलाती गर्मी से राहत रहेगी, पर ज्यादातर इलाके दिन के समय तपेंगे। कुछ जगहों पर बादल भी छाए हैं, पर बादल के हटते ही तापमान के सभी जगह तेज होने का अनुमान है। बिहार के करीब एक दर्जन जिलों में लू का माहौल है, पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार जा चुका है। उत्तर प्रदेश के भी अनेक जिलों में पारा 40 डिग्री के पार पहुंचने लगा है। तापमान या लू की चिंता इस साल इसलिए भी ज्यादा है, क्योंकि यह चुनावी समय है। बड़े पैमाने पर लोगों का आवागमन होगा और सभाओं का आयोजन होगा। अनेक जगहों पर हजारों लोगों की भीड़ जुटेगी और लोगों को परेशानी होगी। ऐसे में, अगर तापमान 40 या 45 के पार रहता है, तो संकट सताएगा। मौसम प्रतिकूल होने से चुनाव प्रचार के साथ ही मतदान प्रतिशत भी प्रभावित हो सकता है। वैसे यह कोई नई बात नहीं है, विगत दशकों से लोकसभा चुनाव मार्च-अप्रैल-मई में ही होते आए हैं, पर तापमान के मद्देनजर सभी को सावधान रहना होगा। मौसम विभाग के अनुमान के अनुसार, मई का महीना तपेगा। चिंता इसलिए भी ज्यादा है कि पिछला साल 2023 वर्ष 1901 के बाद सबसे गरम रहा था। क्या साल 2024 से हम राहत की उम्मीद कर सकते हैं? इस साल गरमियों में कुछ इलाकों में पारा 50 डिग्री सेल्सियस के पार भी जा सकता है। शहरों को विशेष रूप से जल की व्यवस्था दुरुस्त रखनी पड़ेगी। खैर, आने वाले दिनों में अधिकतम तापमान का अनुमान नहीं लगाया जा सकता, पर आने वाली बारिश का अनुमान मौसम विभाग ने लगा लिया है। इस साल जून और सितंबर के बीच सामान्य से अधिक मानसूनी बारिश होने की संभावना है। ध्यान रहे, पिछले वर्ष देश में सामान्य से कम बारिश हुई थी, इसलिए इस बार सामान्य से अधिक बारिश किसी खुशखबरी से कम नहीं है। पूर्वानुमान के अनुसार, देश भर में वर्षा की कुल मात्रा पांच प्रतिशत की त्रुटि आशंका के साथ लंबी अवधि के औसत का 106 प्रतिशत रहेगी। वैसे मई के अंत में मौसम विभाग बारिश से जुड़े सुनिश्चित अनुमान लगाने में सक्षम होगा। फिलहाल, समुद्री तापमान के ढर्रे में अपेक्षित बदलाव और उत्तरी गोलार्ध में बर्फ की मात्रा को देखते हुए सामान्य से अधिक बारिश का अनुमान लगाया गया है। अभी भूमध्यरेखीय प्रशांत क्षेत्र में मध्यम अल नीनो की स्थिति बनी हुई है। देश में सामान्य से अधिक मानसून की 31 प्रतिशत संभावना है, जबकि सामान्य से कम मानसून की 8 प्रतिशत संभावना है और कमजोर मानसून की केवल दो प्रतिशत संभावना जताई गई है। वास्तव में, हमें मौसम के बारे में समग्रता में सोचना चाहिए।



● संपादक

# 'अवध लोक' में लगा भक्तों का मेला

## दशहरा मैदान में राम दरबार की आरती करने पहुंचे 150 दिव्यांग बच्चे, दिलाई मताधिकार के प्रयोग की शपथ

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर



दशहरा मैदान स्थित 'अवध लोक' पर सबके राम लोक कल्याण समिति के तत्वावधान में चल रहे श्रीराम जन्मोत्सव महायज्ञ एवं मेले में दिनोंदिन भक्तों का सैलाब उमड़ रहा है। अयोध्या के रामलला मंदिर की प्रतिकृति और श्रीराम जन्मोत्सव महायज्ञ भक्तों के लिए श्रद्धा और आकर्षण का केंद्र बन गया है। प्रतिदिन यहां हजारों की संख्या में श्रद्धालु परिवार सहित आकर धर्म के साथ मनोरंजन का लाभ भी उठा रहे हैं। सोमवार को युग पुरुष धाम बौद्धिक विकास केंद्र के 150 दिव्यांग बच्चों ने भी यहां आकर रामलला मंदिर में आरती की। यज्ञ शाला की परिक्रमा की और शहर के आम मतदाताओं के नाम अपने मताधिकार का प्रयोग करने का पैगाम भी दिया।

आयोजन समिति के संयोजक महेंद्रसिंह चौहान एवं प्रवीणा पंकज अग्निहोत्री ने बताया कि श्रीराम जन्मोत्सव महायज्ञ में वेद की ऋचाओं और विभिन्न मंत्रों, श्लोकों की मंगल ध्वनि से समूचा 'अवध लोक' प्रतिदिन गुंजायमान हो रहा है। बुधवार को इस दिव्य अनुष्ठान में महायज्ञ, परिक्रमा एवं रामलला मंदिर में दर्शन- पूजन करने का अंतिम अवसर रहेगा। मंगलवार को युग पुरुष धाम के बच्चों ने राम स्तुति की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर हर किसी को भाव विभोर बना दिया। अनेक आंखें उनकी प्रस्तुति देखकर नम हो गई। इन बच्चों ने हाथों में तख्तियां लेकर अपने मताधिकार के प्रयोग का पैगाम भी दिया। मौके पर उपस्थित दर्शकों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ भी दिलाई गई। केंद्र की प्राचार्य डॉ. अनिता शर्मा एवं अन्य शिक्षिकाएं भी दिव्यांगों के साथ आई थी।

इन बच्चों ने मेला स्थल पर चल रहे विभिन्न स्टाल्स का आनंद भी लिया। राम दरबार मंदिर में पंचकुइयां राम मंदिर के महामंडलेश्वर स्वामी राम गोपाल दास महाराज के सान्निध्य में विधायक गोलू शुक्ला, समाजसेवी बालकृष्ण छाबछरिया, खनिज विकास निगम के पूर्व उपाध्यक्ष गोविंद मालू, महापौर परिषद सदस्य निरंजन सिंह चौहान गुड्डू, भाजपा की नगर महामंत्री सविता अखंड, संघ के प्रांत बाल कार्यवाह एवं प्रचारक अजय घाडगे, परशुराम महासभा के अध्यक्ष पं. गोविंद शर्मा, अक्षा इंटरनेशनल के डायरेक्टर राहुल पांडे एवं केरला स्टोरी के लेखक सूर्यपाल सिंह तथा अभा विद्यार्थी परिषद की प्रदेश मंत्री राधिका सिंह सिकरवार भी आरती करने वालों में शामिल रही। सुबह योग शिविर में भी 300 से अधिक साधकों ने भाग लिया। दोपहर में एक्यूप्रेशर एवं एक्यूपंक्चर से दर्द निवारण का शिविर भी लगाया गया, जिसमें डेढ़ सौ से अधिक लोगों ने लाभ उठाया।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम

सोमवार रात को संजय तराणेकर एवं उनके ग्रुप द्वारा राम उसी ने पाया शीर्षक प्रभावी कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। संस्कार भारती,आईपीएस अकादमी के सहयोग से तैयार इस कार्यक्रम को 5 हजार से अधिक दर्शकों ने देखा और सराहा।

### लगेगा योग शिविर

दशहरा मैदान स्थित 'अवध लोक' पर चल रहे श्रीराम जन्मोत्सव महायज्ञ एवं मेले के समापन दिवस पर सुबह 6 से 7 तक निःशुल्क योग शिविर रहेगा। उसके बाद सुबह 7 से 10 बजे तक श्री राम महायज्ञ होगा। शाम 6 बजे रामगीत धुन, शाम 7.30 बजे रामलला मंदिर में आरती एवं रात 8.30 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। बुधवार 17 अप्रैल को दमयंती मिरदवाल एवं उनकी टीम द्वारा रामायण पर आधारित भावपूर्ण प्रस्तुति दी जाएगी। इस अवसर पर मेले में सहयोग देने वाले सभी बंधुओं का सम्मान भी किया जाएगा।

# मोक्ष प्राप्ति के लिए भक्ति योग सुलभ और सरल : डॉ. गिरीशानंद

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

मोक्ष प्राप्ति के तीन साधन हैं- धर्म योग, ज्ञान योग और भक्ति योग। इन तीनों में भक्ति योग सुलभ और सरल है। बाह्य साधनों से निरपेक्ष मन से संपादित होने और शरीर तथा चित्त आदि में बिना पीड़ा पहुंचाए सरलता से यह भक्ति होती है। मनुष्यों के गुण-भेदानुसार भक्ति तीन प्रकार की होती है- जो मनुष्य ईर्ष्या-द्वैष-क्रोध से युक्त दंभपूर्वक दूसरों को कष्ट देने के उद्देश्य से भक्ति करता है, वह तामसी होता है। जो मन में हमेशा अपनी कामना की पूर्ति के लिए भक्ति करता है, वह राजसी भक्ति होती है और जो मनुष्य अपने पापों के नाश के लिए अपना कर्म परेश्वर को अर्पित कर देता है, वेद की आज्ञा के अनुसार प्रतिदिन भगवती की प्रसन्नता के लिए स्वयं को सेवक मानकर कर्म करता है, उस मनुष्य की भक्ति सात्विक होती है। एरोड्रम क्षेत्र में पीथमपुर बायपास रोड स्थित शंकराचार्य मठ के अधिष्ठाता डॉ. गिरीशानंद महाराज ने चैत्र नवरात्र के आठवें दिन मंगलवार को अपने प्रवचन में कही। महाराजश्री ने कहा कि सेव्य और सेवक की भेद-बुद्धि



का सहारा लेकर की गई सात्विक भक्ति पराभक्ति की प्राप्ति कराने वाली सिद्ध होती है। तामसी और राजसी दोनों भक्तियां पराभक्ति की प्राप्ति का साधन नहीं मानी गई है। पराभक्ति में नियमपूर्वक, नित्य भगवती के गुणों का श्रवण, संकीर्तन करना कल्याण और गुण स्वरूप रत्नों की तरह वह भंडार है जो भगवती के चरणों में तेल की धार की तरह चित्त हमेशा लगाए रहता है और किसी भी प्रकार की कोई कामना नहीं रखता। यह भक्त ही भगवती को प्रिय रहता है।

# विद्याधाम में चल रहे शतचंडी महायज्ञ की पूर्णाहुति

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

विमानतल मार्ग स्थित श्रीविद्याधाम पर चल रहे चैत्र नवरात्र महोत्सव में महाष्टमी के उपलक्ष्य में मंगलवार को श्री सग्रहमख शतचंडी महायज्ञ की पूर्णाहुति की गई। आयोजन में दुर्गा सप्तशती पाठ से महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सान्निध्य एवं आचार्य पं. राजेश शर्मा के निर्देशन में विशेष आहुतियां समर्पित की गई। महायज्ञ में अब तक 51 हजार आहुतियां समर्पित की जा चुकी हैं। 21 विद्वानों के मार्गदर्शन में 21 यजमानों ने विश्व शांति एवं जन कल्याण की कामना से आहुतियां समर्पित की।

आश्रम परिवार के यदुनंदन माहेश्वरी, पं. दिनेश शर्मा एवं राजेंद्र महाजन ने बताया कि मंगलवार को महाष्टमी पर महायज्ञ में दुर्गा सप्तशती पाठ द्वारा स्वाहाकार की मंगल ध्वनि के बीच मालपुए, खीरान, गन्ना, त्रिमधु, पान, शहद एवं मां को प्रिय व्यंजनों की आहुतियां समर्पित कर सौभाग्यवती महिलाओं और कन्याओं का पूजन भी किया गया। सग्रहमख शतचंडी महायज्ञ की पूर्णाहुति दोपहर 3 बजे होगी। आश्रम पर चल रहे चैत्र नवरात्रि महोत्सव में प्रतिदिन भगवती का नित्य नूतन श्रृंगार भी किया जा रहा है। भगवती के श्रृंगार दर्शन हेतु भक्तों का मेला जुटा रहा।



शाम 7.30 बजे से 108 दीपों से महाआरती की जा रही है। उत्सव के दौरान 17 अप्रैल को रामनवमी उत्सव मनाया जाएगा। सुबह 9 बजे श्रीराम यज्ञ होगा। दोपहर 12 बजे राम जन्मोत्सव मनाया जाएगा।

### 23 अप्रैल को हनुमान जयंती महोत्सव की तैयारियां शुरु

आश्रम पर 23 अप्रैल को हनुमान जयंती महोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई है। हनुमान जयंती पर सुबह 6 बजे षोडशोपचार पूजन, अभिषेक, श्रृंगार एवं जन्मोत्सव के बाद आरती तथा प्रसाद वितरण के आयोजन होंगे। शाम को सुंदर कांड का पाठ भी होगा।

# रामनवमी पर होगा सामूहिक सुंदरकांड का पाठ

**इंदौर।** घर-घर सुंदर कांड के नाम से विख्यात और दो बार विश्व रिकॉर्ड बनाने वाले एक मात्र सेवा संस्थान जानकी सेना संगठन की इंदौर इकाई द्वारा प्रभु श्रीराम के प्रकटोत्सव रामनवमी बुधवार को वीणा नगर गार्डन में सामूहिक सुंदरकांड का पाठ का आयोजन होगा। इसमें श्रीराम दरबार और हनुमानजी की पूजा-अर्चना की जाएगी। सामूहिक रूप से सुंदर कांड का पाठ किया जाएगा। महाआरती होगी, जिसमें बड़ी संख्या में भजन मंडल के सदस्य और श्रद्धालु शामिल होंगे। संगठन के वरिष्ठ सदस्य राकेश शर्मा ने बताया आचार संहिता के चलते हुए सभी शासकीय नियमों का पालन करते हुए रामनवमी उत्सव मनाया जाएगा। आयोजन में रामायण मंडल और जानकी सेना संगठन के वरिष्ठ सदस्य दिलीप शर्मा, राकेश शर्मा, अजय चौहान, केसी नागेश्वर, एसआर जगदले, संजीव सुडोले, लक्ष्मण नागौरे, सुनील दिघे द्वारा सुंदर कांड का पाठ किया जाएगा। इस मौके पर समस्त वीणा नगर, महालक्ष्मी नगर, स्कीम 94 के रहवासी और बड़ी संख्या में भक्तजन शामिल होकर एक साथ सुंदर कांड पाठ करेंगे।

# 30 बच्चों का निःशुल्क सामूहिक जनेऊ संस्कार

**इंदौर।** सिंधी समाज की पंचायत पूज्य रोपाह पंचायत एवं सिंधु परिषद द्वारा संयुक्त रूप से मंगलवार को इंदौर के जरूरतमंद सिंधी परिवारों के बच्चों का जनेऊ संस्कार समारोह आयोजित किया गया। इसमें करीब 30 बच्चों का जनेऊ संस्कार किया गया। इस मौके पर सिंधी समाज के अनेक वरिष्ठजन मौजूद थे। पंचायत के अध्यक्ष लालचंद छाबड़ा ने बताया कि पिछले छह वर्षों से यह समारोह आयोजित किया जा रहा है। समाज के जरूरतमंद परिवारों के बच्चों के लिए यह आयोजन निःशुल्क किया जाता है। समारोह में मुख्य रूप से जेकब आबाद पंचायत के अध्यक्ष राजा मांधवानी, प्रकाश राजदेव, कंधकोट पंचायत के अध्यक्ष नानक दावानी, सायथी पंचायत



के अध्यक्ष धनेश मटाई, ठुल पंचायत के अध्यक्ष माधवदास कालरा, घनश्याम मालानी, मनीष देवनानी, संजय बत्रा, कमल आहूजा, अनिल लोकवानी, मंशाराम राजानी, मनोहर मोटवानी, रेनू जयसिंघानी, ऋषि राजदेव, सपना हरियानी, संगीता वाधवानी, सहित अनेक समाजजन उपस्थित थे, जिन्होंने बच्चों को आशीर्वाद दिया।

# 125 वर्ष पुराने श्रीराम मंदिर में मनाएंगे श्रीराम प्रकटोत्सव

**इंदौर।** सकल पंच राठौर समाज इंदौर द्वारा श्रीराम मंदिर पिंजारा बाखल पर श्रीराम जन्म महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर राठौर समाज द्वारा प्राचीन मंदिर पर पूजन आरती होगी। सकल पंच राठौर समाज अध्यक्ष मनोज राठौर, विनोद राठौर ने बताया कि समाज के सदस्य, संरक्षकगण, विशेष सलाहकार, पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य, युवा मंडल, महिला मंडल एवं युवती मंडल के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। सकल पंच राठौर समाज युवा संगठन अध्यक्ष गोविंद राठौर ने बताया बुधवार को सुबह 11 बजे महाआरती होगी। इसके पूर्व मंगलवार को सकल पंच राठौर समाज युवा संगठन कार्यकारी अध्यक्ष शुभम राठौर एवं कार्यकर्ताओं ने मंदिर परिसर में साफ सफाई की।

# आज 12 बजे होगी राम जन्मोत्सव आरती

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

बड़ा गणपति पीलियाखाल स्थित प्राचीन हंसदास मठ पर चैत्र नवरात्र महोत्सव मनाया जा रहा है। इसके तहत महामंडलेश्वर स्वामी रामचरणदास महाराज के सान्निध्य में प्रतिदिन सुबह 7 से 9 एवं शाम 7.30 से 9.30 बजे तक दुर्गा सप्तशती पाठ सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान जारी हैं। मठ के पं. पवनदास महाराज ने बताया कि मठ पर मंगलवार को महाअष्टमी के उपलक्ष्य में मठ स्थित मां अन्नपूर्णा, गायत्री माता एवं मां सरस्वती का नूतन मनोहारी श्रृंगार किया गया। बुधवार 17 अप्रैल को दोपहर 12 बजे राम जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। विद्वानों द्वारा दुर्गा सप्तशती पाठ



की पूर्णाहुति बुधवार को सुबह 11 बजे होगी। इसके पूर्व सुबह 9 बजे रामजी का अभिषेक किया जाएगा। मठ स्थित राम दरबार की दिव्य और मनोहारी प्रतिमाओं का श्रृंगार भी पहले दिन से ही किया जा रहा है। मंदिर के आचार्यों द्वारा राम जन्मोत्सव की महाआरती बुधवार को दोपहर 12 बजे होगी। राम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में सभी देवालयों में मनोहारी श्रृंगार भी किया जाएगा।

# प्रतिदिन निकाल रहे रामरथ यात्रा

**इंदौर।** मनोरमागंज स्थित गीता भवन पर रामनवमी, श्रीराम प्रकटोत्सव एवं नवरात्र के उपलक्ष्य में प्रतिदिन सुबह राम रथ यात्रा, अखंड रामायण पाठ, दुर्गा सप्तशती पाठ एवं माता मंदिर में नित्य श्रृंगार के अनुष्ठान जारी हैं। गीता भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष राम ऐरन, मंत्री रामविलास राठी एवं मनोहर बाहेती ने बताया कि रामनवमी पर 17 अप्रैल को श्रीराम दरबार में सुबह 10.30 बजे यज्ञ-हवन के साथ अखंड रामायण की पूर्णाहुति के बाद दोपहर 12 बजे राम प्रकटोत्सव की विशेष आरती होगी। राम



दरबार का विशेष श्रृंगार भी होगा। नवरात्रि में प्रतिदिन सुबह 6 से 7 बजे तक गीता भवन एवं आसपास के क्षेत्र में भजन-संकीर्तन करते हुए राम रथ यात्रा एवं प्रभात फेरी निकाली जा रही है। प्रभातफेरी संयोजक गोपाल खंडेलवाल, गौरीशंकर लोहिया, रामकिशोर राठी एवं कृष्ण वल्लभ मुछाल ने बताया कि यह प्रभातफेरी सुबह योग करने वाले भक्तों द्वारा घर-घर रामनवमी के निमंत्रण देने के उद्देश्य से निकाली जा रही है।

# एआई को मानव के विकल्प की बजाय सहयोगी की तरह प्रस्तुत किया जाना चाहिए



राजकुमार जैन,
स्वतंत्र विचारक और लेखक

एआई न केवल हमारे काम को आसान और तेज बनाता है, बल्कि हमें नई संभावनाओं की ओर भी ले जाता है, लेकिन अग्रणी तकनीकी कंपनियां नवीनतम और अत्याधुनिक एआई टूल्स का निर्माण करने और उन्हें बाजार में पहले उतारने की अंधी दौड़ में इनका उपयोग करने वाले और इस प्रक्रिया के सबसे महत्वपूर्ण घटक, मानवों की ही अनदेखी कर बैठी है। बढ़ते उपयोग के साथ लोगों के मन में एआई के प्रति एक अविश्वास के माहौल का निर्माण हो रहा है। लोग चिंतित है कि एआई उनको प्रतिस्थापित कर किसी दानव की तरह उनके रोजगार और नौकरियों को खा जाएगा। वस्तुतः समय की मांग है कि एआई को मनुष्यों के विकल्प की तरह प्रस्तुत करने की बजाय मानव-केंद्रित बनाकर उनके साथी और सहयोगी की तरह पेश किया जाना चाहिए। मानव समाज में कृत्रिम बुद्धिमत्ता को सफलता पूर्वक स्थापित करने में मानव-केंद्रित एआई की भूमिका को समझने के लिए वर्क इनोवेशन लैब ने संयुक्त राज्य अमेरिका और यूनाइटेड किंगडम में कई संस्थानों में विभिन्न भूमिका निबाह रहे 4,500 से अधिक कर्मचारियों पर एक सर्वेक्षण किया। इस शोध के नतीजे में यह मालूम हुआ कि अधिकारी स्तर के कर्मचारियों की तुलना में उनके अधीनस्थ कर्मचारी एआई को अपनी नौकरी के लिए खतरा मानकर उसके साथ न्यूनतम या शून्य लगाव और जुड़ाव रखते हैं। इस शोध से यह स्पष्ट परिलक्षित होता है कि कर्मचारियों को एआई के साथ सहभागिता करने और अपने दैनिक कार्य कलाप में उसे अपनाने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए मानव-केंद्रित दृष्टिकोण महत्वपूर्ण है। मानव-केंद्रित एआई की अवधारणा को प्रवर्तित करने की वजह यह मानना है कि प्रौद्योगिकी को मानव कर्मचारियों की जगह लेने के बजाय उनके साथ काम करके उनकी प्राकृतिक क्षमताओं का संवर्धन करना चाहिए। जब किसी संस्थान में काम कर रहे लोगों की जगह एआई को लगा दिया जाता है, तो इंसानी विवेक के बगैर लिए जाने वाले निर्णयों की गुणवत्ता प्रभावित होती है, जो संस्थान की साख और प्रतिष्ठा को धूमिल कर सकती है, लेकिन जब लोग एआई के साथ काम करते हैं, तो एआई उनकी निर्णय लेने की क्षमता का विस्तार कर नतीजों की सार्थकता को बढ़ा देती है, जो संस्थान के हित में होकर उनके लाभ में वृद्धि लाते हैं।

मानव जीवन में जैसे-जैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता का दखल बढ़ता जा रहा है, वैसे वैसे उनके मध्य अविश्वास की खाई भी गहराती जा रही है, जिसको पाटे बगैर एआई की व्यापक स्वीकार्यता संदिग्ध है। इन परिस्थितियों में तकनीक पर बहुसंख्य मानव कर्मचारियों का भरोसा जीतने के लिए मानव-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाना और



भी महत्वपूर्ण हो जाता है। मानव-केंद्रित कृत्रिम बुद्धिमत्ता एक संतुलन स्थापित करती है। वास्तविक लोग कृत्रिम बुद्धिमत्ता के साथ जितना अधिक काम करते हैं, उतने ही बेहतर परिणाम मिलते हैं। साझा प्रयासों से मिले बेहतर परिणामों के चलते लोगों का कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर भरोसा बढ़ता है, जो उन्हें एआई का और अधिक उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करता है। संस्थान के हित में एआई का अधिकतम लाभ उठाने के लिए किसी भी संस्थान को अपने कर्मचारियों में इस बात की समझ पैदा करने पर प्राथमिकता से जोर देना होगा कि एआई से कैसे जुड़ा जाए। वर्क इनोवेशन लैब के शोध से पता चलता है कि एआई का समर्थन करने और उसे अपनी कार्य योजना में अपनाने में मध्यम और उच्च स्तर के कर्मचारी अग्रणी हैं। इस वर्ग के 52 प्रतिशत से अधिक लोग हर सप्ताह एआई का उपयोग करते हैं, जबकि निचले स्तर के व्यापक कार्यबल में केवल 36 प्रतिशत लोग इसका उपयोग करते हैं वो भी कभी कभार एक अवांछित मजबूरी के रूप में इससे पता चलता है कि अधिकारी इस बात से अधिक अवगत हैं कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता निर्णय लेने की क्षमता को कैसे बढ़ा सकती है और नवाचार को बढ़ावा दे सकती है, लेकिन अन्य स्तर के कर्मचारी भरोसे और प्रशिक्षण की कमी के चलते एआई को अपनाने में पिछड़ रहे हैं। इस स्थिति से यह सीखा जा सकता है कि मानव रचनात्मकता के विकल्प की तरह प्रस्तुत करने की बजाय कृत्रिम बुद्धिमत्ता को पुनः परिभाषित कर एक सहयोगी के रूप में पेश किया जाना चाहिए। इस तरीके से अधिक से अधिक कर्मचारियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता को अपनाने और उसके साथ काम करने के लिए प्रेरित किया जा सकता है।

वैश्विक परिदृश्य में बहुसंख्यक कर्मचारी पहले से ही एआई को अपनाने के व्यावहारिक तरीके खोज रहे हैं और एक मानव-केंद्रित दृष्टिकोण एआई की स्वीकार्यता को विस्तारीत करने में मदद कर सकता है, जिससे उत्पादकता में अपेक्षित वृद्धि हो सकती है। शोध के अनुसार 30 फीसद कर्मचारी कार्रवाई योग्य जानकारी हासिल करने के लिए किए जाने वाले डेटा विश्लेषण के लिए एआई का उपयोग कर रहे हैं. 25 फीसद कर्मचारी प्रशासनिक कार्यों को संभालने के लिए एआई का लाभ उठा रहे हैं, जिसके फलस्वरूप उनको उपयोगी योजनाये और बाजार में दृढ़ता से टिके रहने के लिए रणनीति बनाने के लिए अधिक समय मिल पा रहा है। संगठनात्मक संचालन में एआई को प्रमुखता से स्थापित करने के लिए मानव-केंद्रित दृष्टिकोण आवश्यक है, जो एक ऐसी सहयोगी और साझा कार्य संस्कृति को बढ़ावा देता है, जहां मानव और एआई एकजुट होकर संगठन के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए एक दिशा में काम करते हैं। कर्मचारियों और एआई के पारस्परिक संबंधों को बढ़ावा देकर, बेहतर परिणाम हासिल किए जा सकते हैं। साथ मिलकर काम करने से कार्यबल के बीच एआई पर विश्वास उपजता है जो उन्हें एआई के और अधिक उपयोग के लिए प्रोत्साहित करता है, जब एक संस्थान मानव-केंद्रित एआई को अपने दैनिक परिचालन में शामिल करता है, तो वो उसके कर्मचारियों को बेहतर निर्णय लेने में मदद करता है, जिसके कारण ग्राहक संपर्क की गुणवत्ता में सुधार होकर ग्राहक संतुष्टि में वृद्धि होती है, जो व्यवसाय को विस्तार देकर अर्जित लाभ को बढ़ाने में मददगार होती है।

मानव-केंद्रित एआई की दिशा में कदम बढ़ाने के लिए सामूहिक और व्यापक प्रयत्न आवश्यक हैं। इस रास्ते पर चलने के लिए प्रौद्योगिकी के प्रति संतुलित दृष्टिकोण के साथ ही मानवीय मूल्यों और आवश्यकताओं की गहरी समझ भी जरूरी है। जैसे-जैसे संगठन इस डिजिटल युग में आगे बढ़ रहे हैं, एआई रणनीतियों को मानव-केंद्रित सिद्धांतों में निहित करने से अर्थपूर्ण संवाद को बढ़ावा मिलेगा और व्यवसायों को एक अभिनव और उज्जवल भविष्य की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया जा सकेगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक जितेंद्र खंडेलवाल द्वारा दैनिक राजीव टाइम्स के लिए राजीव प्रिंटर्स, 7 गोराकुंड इंदौर से मुद्रित, प्रकाशित। मुख्य कार्यालय 26 प्रेस कॉम्प्लेक्स एवं सिटी ऑफिस 23, सेक्टर बी, सांवेर रोड, इंडस्ट्रियल एरिया, इंदौर से संचालित।
प्रबंध संपादक : अपूर्वा मेनन। । समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। रजि. नंबर आरएनआई/38105/81 पोस्टल रजि. आई./डी./सी./एम.पी./202 मोबाइल 7999999127।

# भोपाल की भोज यूनिवर्सिटी परिसर में तेंदुए के मूवमेंट से दहशत, सर्चिंग जारी

भोपाल ▪ एजेंसी

भोपाल की भोज (ओपन) यूनिवर्सिटी कैम्पस में तेंदुए के मूवमेंट से दहशत है। रात में 2 बार तेंदुआ घरों के आसपास घूमते दिखाई दिया, लेकिन सर्चिंग में गायब हो गया। मंगलवार दिन में अभी तक तेंदुआ नजर नहीं आया है। कुछ दिन पहले भी यहां तेंदुआ देखा गया था। डीएफओ आलोक पाठक ने बताया कि तेंदुए को बाहर खदेड़ रहे हैं। पिंजरे भी लगाए हैं। शाम को फिर से टीम कैम्पस में पहुंची। भोज यूनिवर्सिटी कैम्पस 25 एकड़ में फैला है। यह चूना भट्टी और सर्व-धर्म पुल (कोलार रोड) के बीच है। इसके बीचों-बीच से कलियासोत नदी गुजरी है। वहीं, पीछे वाल्मी की पहाड़ी है। केरवा क्षेत्र भी कुछ दूर ही है। केरवा और कलियासोत का इलाका बाघ का एरिया है, इसलिए यहां अक्सर बाघ और तेंदुए का मूवमेंट रहता है। कैम्पस में करीब 50 परिवार रहते हैं। तेंदुए के मूवमेंट के बाद यूनिवर्सिटी कैम्पस में रातभर 10 कर्मचारियों की टीमें सर्चिंग करती रही। डीएफओ पाठक समेत अन्य अफसर भी मौके पर पहुंचे। अफसरों ने बताया कि कैम्पस के पीछे जंगल है। तेंदुआ वही से आया है। यहां पर कई टाइगर और तेंदुए है। तेंदुए को खदेड़ने पर फोकस है। डीएफओ पाठक ने बताया, कैम्पस में कुत्तों की संख्या भी ज्यादा है। संभवतः शिकार की तलाश में तेंदुआ कैम्पस में आ गया।



बच्चों को घर के बाहर या पार्क में नहीं खेलने दें डीएफओ पाठक ने बताया कि शाम ढलने के बाद लोगों को घरों में रहने को कहा गया है। अंधेरा होने पर तेंदुए के हमले की संभावना बढ़ जाती है। कैम्पस में रहने वाले लोग खिड़की-दरवाजे भी बंद करके रखें। बच्चों को घर के बाहर या पार्क में नहीं खेलने दें। जरूरत पड़ने पर 3-4 लोगों के समूह में ही बाहर निकले। फरवरी 2022 में यहां टाइगर घूमते दिखा था। तत्कालीन कुलपति जयंत सोनवलकर के बंगले के गेट पर लगे सीसीटीवी कैमरे की रिकॉर्डिंग जब सामने आई, तो सबके होश उड़ गए थे। टाइगर बंगले की बाउंड्रीवॉल के अंदर एक घंटे तक घूमता रहा। गीली मिट्टी पर जानवर के कुछ फुटप्रिंट मिले थे। जांच में यह टाइगर के निकले थे।

**स्वर्ण जयंती पार्क से पकड़ में नहीं आया**

25 दिसंबर 2021 को यूनिवर्सिटी के ठीक सामने स्वर्ण जयंती पार्क में तेंदुए का मूवमेंट देखने को मिला था। इसके बाद सर्चिंग की गई थी, लेकिन तेंदुआ पकड़ में नहीं आया था। तेंदुए की दहशत में करीब 20 दिन तक पार्क बंद रखा गया था। तेंदुए को खदेड़ दिया गया था। इसके बाद तेंदुआ दिखाई नहीं दिया था।

भाजपा के मेनिफेस्टो में 2047 का विजन, कांग्रेस कर रही पलटवार

# भगवान करे 100 साल जिएं मोदीजी

भोपाल ▪ एजेंसी

भाजपा ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए रविवार को मेनिफेस्टो जारी किया है। इसे भाजपा का संकल्प-मोदी की गारंटी नाम दिया गया है। भाजपा के इस मेनिफेस्टो पर जीतू पटवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने एक इंटरव्यू दिया और बहुत सी बातें की, लेकिन बॉन्ड और करप्शन की बात नहीं। बेरोजगारी, काले धन की बात नहीं की। देश की चरमराई अर्थव्यवस्था पर बात नहीं की। देश में जो महंगाई हो गई उस पर बात नहीं की। प्रधानमंत्री जी तब की बात कर रहे हैं जब हम जीवित नहीं रहेंगे। जीतू ने कहा कि प्रधानमंत्री ने बात की तब की जब हम जीवित नहीं रहेंगे।

प्रधानमंत्री की जो आज उम्र है, भगवान करे वो सौ साल जिएं। लेकिन व्यक्ति का अपना एक विजन होता है। वो 2047 की बात करेंगे जब वो सौ साल से ऊपर हो जाएंगे। इस तरह की भावना गुमराह करने की भावना है। आपने दस साल में क्या डिलेवर किया ये देश को पता चलना चाहिए। मैं मानता हूं कि भाजपा का जो घोषणा पत्र है वो झांसा है। इस झांसे से देश और प्रदेश की जनता को बचना चाहिए।' पीसीसी चीफ ने कहा कि देश में जिनको आपने ठेके दिए उन्हीं से 80 प्रतिशत चंदा ले लिया। प्रधानमंत्रीजी देश को ये बताने में असफल रहे कि अगर काला धन वो लें, तो कोई बात नहीं। दूसरी राजनीतिक पार्टियां कहीं भी चूक कर जाएं तो उनके खिलाफ प्रशासन, ईडी और सीबीआई है। तो प्रधानमंत्री का काला धन से निपटने का दो तरह का व्यवहार है ये देश देख रहा है और समझ रहा है।





### कमलनाथ के घर पुलिस भेजना मतलब भाजपा डरी हुई है

छिंदवाड़ा में पूर्व सीएम कमलनाथ के घर पुलिस जाने और विधायक नीलेश उईके के घर आबकारी और पुलिस विभाग की सर्चिंग पर पटवारी ने कहा कि छिंदवाड़ा में जो कृत्य भारतीय जनता पार्वी और प्रशासन द्वारा किया गया। ये उनके डर को चिल्ला- चिल्ला कर बता रहा है। राहुल गांधी के हेलीकॉप्टर की जांच करना यह महसूस कराता है कि देश में लोकतंत्र की हत्या हो रही है। नरेंद्र मोदी, भारतीय जनता पार्वी के तमाम नेता मध्य प्रदेश में भी पूरी भाजपा धनबल का किस तरह से उपयोग कर रही है। ये जग जाहिर है। हमारे खाते सीज किए, हमारे पास आर्थिक संसाधनों की कमी है। हमारे कई कैंडिडेट एक वोट - एक नोट की बात करते हैं। ऐसे में इस तरह की हठधर्मिता की गई। एक विधायक के घर पर 4 घंटे तक पुलिस का रहना। फिर कमलनाथ जी के घर पर इस तरह की घटनाक्रम करना यह लोकतंत्र के साथ एक तरीके से कुठाराघात है। ये लोकतंत्र की हत्या है। इसकी निंदा पूरे मध्य प्रदेश की जनता को करना चाहिए।

### कांग्रेस के अरुण श्रीवास्तव ने भरा नामांकन

**भोपाल।** भोपाल लोकसभा सीट के लिए नॉमिनेशन के तीसरे दिन कांग्रेस प्रत्याशी अरुण कुमार श्रीवास्तव ने नामांकन दाखिल किया। अब तक कुल 11 नॉमिनेशन भरे जा चुके हैं, जबकि 31 लोगों ने फॉर्म लिए हैं। 19 अप्रैल तक नामांकन दाखिल किए जा सकेंगे। अब तक जिन कैंडिडेट्स ने नामांकन भरा है, उनमें सबसे अमीर कांग्रेस के अरुण हैं। उनके पास 6.90 करोड़ रुपए की चल-अचल संपत्ति हैं। कांग्रेस के अरुण श्रीवास्तव 19 अप्रैल को भी नामांकन जमा करेंगे। इस दौरान कांग्रेस के बड़े नेता भी उनके साथ होंगे। मंगलवार को कांग्रेस प्रत्याशी के अलावा 6 अन्य ने भी नामांकन जमा किए हैं। मंगलवार को चौथे कैंडिडेट भी सिक्के लेकर पहुंचे। अखिल भारतीय आरक्षित समाज पार्वी के मुदित चौरसिया ने नामांकन भरा। वे 1, 2, 5, 10 और 20 रुपए के सिक्के थैलियों में लेकर पहुंचे। इससे पहले 12 अप्रैल को मुदित भटनागर 6 हजार के सिक्के लेकर पहुंचे थे। 15 अप्रैल को संजय सरोज समेत 2 कैंडिडेट 49 हजार के सिक्के लेकर आए थे, लेकिन सिक्के गिनने में समय लग गया था, इसलिए वे नामांकन जमा नहीं कर पाए थे।

**नामांकन के लिए अब दो दिन बाकी :** नामांकन के लिए यूं तो 3 दिन हैं, लेकिन एक दिन छुट्टी होने से नामांकन नहीं लिए जा सकेंगे। ऐसे में उम्मीदवारों को सिर्फ 2 दिन ही मिलेंगे। 18 और 19 अप्रैल को ही नामांकन जमा हो सकेंगे। नॉमिनेशन के चलते कलेक्टोरेट के 100 मीटर के दायरे में बेरिकेडिंग की गई है। 40 से ज्यादा पुलिस अधिकारी और जवान तैनात किए गए हैं।

# होशंगाबाद रोड पर पौधों की दुर्दशा देख नाराज हुए निगम कमिश्नर

भोपाल ▪ एजेंसी



होशंगाबाद रोड पर साइड वर्ज और ग्रीन बेल्ट के पेड़-पौधे सूखने जैसी स्थिति में देखकर निगम कमिश्नर हरेंद्र नारायण नाराज हो गए। वे होशंगाबाद रोड के आसपास के इलाकों का निरीक्षण करने पहुंचे थे। उन्होंने उद्यान सुपरवाइजर को नोटिस देने के निर्देश दिए। वहीं, सड़क पर सीवेज बहने पर भी संबंधितों को चेतावनी दी। निगम कमिश्नर नारायण ने मंगलवार को होशंगाबाद रोड स्थित विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। आरआरएल से बाग सेवनिया थाना, मिसरोद तक साइड वर्ज एवं ग्रीन बेल्ट में लगे पेड़-पौधों आदि की समुचित देखभाल न करने एवं सिंचाई आदि की समुचित व्यवस्था न होने पर नाराजगी जाहिर की। साथ ही मोबाइल कंपनियों द्वारा केबल के चेंबर व्यवस्थित ढंग से न बनाए जाने पर जियो एवं आईडिया कंपनियों को नोटिस जारी करने एवं जुर्माना लगाने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने बीआरटीएस बस स्टॉप के कबाड़े को तत्काल उठवाने, सड़कों, नालियों व अन्य स्थानों की बेहतर साफ-सफाई कराने एवं सीएंडडी वेस्ट, कचरा आदि तत्काल उठवाने और सीएंडडी वेस्ट फेंकने वाले भूस्वामी पर जुर्माना लगाने, शराब की दुकान के पास से टपरे, गुमठी, बबूल की झाड़िया आदि हटाने और सीवेज चेंबर व रोडक्रास की मरम्मत कराने के निर्देश दिए।

यहां भी पहुंचे कमिश्नर निगम कमिश्नर नारायण ने आशिमा मॉल के सामने ग्रीन बेल्ट में मोबाइल कंपनियों द्वारा अव्यवस्थित ढंग से बनाए गए चेंबर पर भी अप्रसन्नता व्यक्त की और संबंधित जियो/आइडिया कंपनियों को नोटिस जारी करने व जुर्माना लगाने के निर्देश दिए। अहमदपुर में पड़े सीएंडडी वेस्ट को हटवाने और संबंधित भूस्वामी को नोटिस जारी कर जुर्माना वसूलने अथवा संबंधित के सम्पत्तिकर के खाते में जुर्माना राशि समाहित करने के निर्देश दिए। जाटखेड़ी स्थित शराब की दुकान के आसपास अवैध रूप से बने टपरे, गुमठियां तत्काल हटाने और बबूल की झाड़ियों सहित अन्य प्रकार के कचरे को तत्काल साफ कराने को कहा।

## आचार संहिता के एक माह में 117 करोड़ से अधिक मूल्य की सामग्री जब्त

भोपाल ▪ एजेंसी

लोकसभा चुनाव की आदर्श आचरण संहिता 16 अप्रैल से प्रभावी होने के बाद से 15 अप्रैल तक एक माह में 18 करोड़ 30 लाख 13 हजार रुपए नगद राशि सहित 117 करोड़ 97 लाख 15 हजार रुपए कीमत की विभिन्न सामग्री जब्त की गई हैं। उल्लेखनीय है कि लोकसभा निर्वाचन-2019 में आचरण संहिता के दौरान 85 करोड़ 12 लाख रुपए कीमत की विभिन्न सामग्री जब्त की गई थीं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि आचरण संहिता प्रभावी होने के बाद पुलिस एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। बीते एक माह में 18 लाख 63 हजार लीटर शराब जब्त की गई है, जिसका मूल्य 28 करोड़ 38 लाख 11 हजार रुपए है। इसी तरह 20 करोड़ 62 लाख 24 हजार रुपए कीमत के 15 हजार 467 किलोग्राम से अधिक ड्रग्स और नौ करोड़ 95 लाख 56 हजार रुपए की 468 किलोग्राम से अधिक कीमती धातुएं भी जब्त की गई हैं। साथ ही 40 करोड़ 71 लाख आठ हजार रुपए की अन्य सामग्री भी जब्त की गई हैं। मध्य प्रदेश में चौथे चरण के लोकसभा चुनाव में शामिल आठ सीटों के लिए नामांकन पत्र 18 अप्रैल से जमा होंगे। 25 अप्रैल तक इन्हें स्वीकार किया जाएगा और 26 अप्रैल को इनकी जांच होगी। अभ्यर्थी 29 अप्रैल तक अपना नाम वापस ले सकेंगे।



# धारदार हथियार से लोगों को धमकाया, पकड़ाए

भोपाल ▪ एजेंसी

सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद धारदार हथियार दिखाकर लोगों को डराने वाले बदमाशों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। टीटी नगर पुलिस ने सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो से आरोपियों को चिन्हित कर हथियार सहित मंगलवार को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार बाणगंगा टीटी नगर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया जा रहा था, जिसमें कुछ आपराधिक किस्म के लोग हाथ में तलवार-छुरी लेकर रहवासियों को डरा धमकाकर भय पैदा कर रहे हैं। जिसके बाद अयाल अली 19 वर्ष, मोहसिन खान 20 वर्ष और कमल यादव उम्र 44 साल को हिरासत में लिया है। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए एक टीम गठित की, गठित टीम द्वारा मौके पर जाकर सूचना को तस्दीक किया, जिसमें वायरल वीडियो में दिखाई दे रहे बदमाशों को घेराबंदी कर पकड़ा और आरोपियों की जामा तलाशी लेने पर और वायरल वीडियो में दिखाई दे रहे तलवार, छुरी मिलने पर चिन्हित आरोपियों को गिरफ्तार कर व मौके से ही छुरी व तलवारें जब्त की गईं। तीनों आरोपियों के विरूद्ध पूर्व का आपराधिक रिकॉर्ड देखा गया, जिसमें इनके खिलाफ टीटी नगर व भोपाल शहर के विभिन्न थानों श्यामला हिल्स, तलैया, मंगलवारा, गौतम नगर आदि में अपराध दर्ज हैं। इसके बाद तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश करने पर ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा गया है।

# दूसरे चरण की छह सीटों पर 80 प्रत्याशी मैदान में

भोपाल ▪ एजेंसी

मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की छह सीटों दमोह, होशंगाबाद, खजुराहो, रीवा, सतना और अनुसूचित जाति वर्ग के लिए सुरक्षित टीकमगढ़ पर कुल 80 प्रत्याशी मैदान में हैं, जिनमें 75 पुरुष, चार महिला और एक थर्ड जेंडर है। 26 प्रत्याशी करोड़पति तो 17 प्रत्याशी 10वीं पास भी नहीं हैं। चुनाव आयोग में जमा नामांकन पत्र में दी गई जानकारी के आधार पर एडीआर (एसोसिएशन फार डेमोक्रेटिक रिफार्म्स) ने प्रत्याशियों की विश्लेषणात्मक रिपोर्ट तैयार की है। रिपोर्ट के अनुसार भाजपा के दो, कांग्रेस के एक, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी, राष्ट्रीय जन संभावना पार्टी, राष्ट्रवादी भारत पार्टी के एक-एक और तीन निर्दलीय प्रत्याशियों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। दमोह में भारतीय शक्ति चेतना पार्टी प्रत्याशी भैया विजय पटेल, सतना से भाजपा प्रत्याशी गणेश सिंह, खजुराहो में चार प्रत्याशियों में भाजपा से विष्णुदत्त शर्मा, निर्दलीय प्रत्याशी पेंटर सुमन सिंह लोधी, फिरोज खान, राष्ट्रीय जन संभावना पार्टी के प्रत्याशी मोहम्मद इमरान हैं। इसी तरह रीवा में राष्ट्रवादी भारत पार्टी से रंजना गुप्ता, निर्दलीय प्रत्याशी अरूण तिवारी हैं और होशंगाबाद से कांग्रेस प्रत्याशी संजय शर्मा पर आपराधिक प्रकरण दर्ज है। प्रत्याशियों के आयु वर्ग की बात करें तो 25-30 आयु के चार, 31-40 के 27, 41-50 के 16, 51-60 के 19, 61-70 के 12, 71-80 वर्ष के दो प्रत्याशी चुनावी लड़ रहे हैं। बता दें इन सीटों पर 26 अप्रैल को मतदान होगा।

# रेस्टोरेंट में परोसी जा रही थी अवैध शराब, आबकारी टीम ने दी दबिश

भोपाल ▪ एजेंसी



लोकसभा चुनाव के चलते शहर में आदर्श आचार संहिता लागू है। ऐसे में अवैध शराब के परिवहन व कारोबार पर शिकंजा कसने के लिए आबकारी विभाग की टीम लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी सिलसिले में रविवार -सोमवार की दरमियानी रात आबकारी टीमों ने अलग-अलग क्षेत्रों में छापामार कार्रवाई करते हुए रेस्टोरेंट में परोसी जा रही अवैध शराब पकड़ी और 28 प्रकरण दर्ज किए हैं।

**इन इलाकों में हुई कार्रवाई :** जिला आबकारी कंट्रोलर आरजी भदोरिया ने बताया कि कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के निर्देश पर रविवार-सोमवार दरमियानी रात दो टीमों ने छोला रोड, रायसेन रोड, बावड़िया कला, भदभदा रोड स्थित रेस्त्रां क्लाउड 11, आचमन, खुशी, अतिथि, विंटर रोज, बासिल रेस्टोरेंट में दबिश दी। जहां पर खुलेआम शराब परोसी जा रही थी। टीम को देखते ही लोगों में भगदड़ मच गई। टीम ने आबकारी एक्ट के तहत 28 प्रकरण दर्ज किए हैं। उन्होंने बताया कि आबकारी टीम द्वारा कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

**महिला सहित चार आरोपितों से अवैध शराब बरामद :** आबकारी विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए विकास नगर में दामिनी, जवारीलाल, राजेंद्र ओर लालराम के कब्जे से पांच हजार रुपये कीमत की हाथ भट्टी शराब बरामद की है। तीनों आरोपितों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया।

# छात्राओं के साथ अश्लील हरकत, तीन सिपाही गिरफ्तार

भोपाल ▪ एजेंसी

खजूरी सड़क थाना इलाके में सोमवार रात ढाबा में खाना खाने पहुंची दो छात्राओं के साथ तीन नव-आरक्षकों ने अश्लील हरकत कर दी। आरोपी काफी देर तक उन पर अश्लील कमेंट्स भी कर रहे थे। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तीनों को गिरफ्तार कर लिया। वे फिलहाल भौंरी स्थित पुलिस प्रशिक्षण अकादमी में ट्रेनिंग ले रहे हैं। खजूरी सड़क थाना प्रभारी नीरज वर्मा ने बताया कि क्षेत्र के एक कॉलेज में पढ़ने वाली कुछ छात्राएं खाना खाने आयुष ढाबे पर पहुंची थीं। वहां पुलिस अकादमी में ट्रेनिंग ले रहे कुछ नव-आरक्षक भी खाना खा रहे थे। कुछ देर बाद तीनों आरक्षकों ने छात्राओं को पहले घूरना शुरू कर दिया। साथ ही अश्लील कमेंट्स भी करने लगे। रात करीब साढ़े नौ बजे दो छात्राएं वाशरूम जा रही थीं, तो तीनों वहां भी पहुंच गए और उन्हें बुरी नीयत से छूने लगे। छात्राओं के शोर मचाने पर हंगामा हो गया। विवाद के बाद छात्राएं थाने पहुंची और सिपाहियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने छेड़छाड़ का केस दर्ज कर तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। उनकी पहचान आगर मालवा निवासी सोनू सोलंकी, भोजराज एवं ग्वालियर निवासी इंद्रवीरसिंह गुर्जर के रूप में हुई। तीनों के खिलाफ अब विभागीय जांच भी शुरू की जाएगी। पुलिस ने इस मामले में साक्ष्य के लिए ढाबे में लगे सीसीटीवी के फुटेज भी जांच में शामिल किए हैं।

**राजनीति** प्रदेश की छह लोकसभा सीटों पर 19 अप्रैल को होगा मतदान, पार्टियों ने तैयारी की तेज

# पहले चरण के मतदान से पहले मतदाताओं को फोन करेगी बीजेपी

भोपाल ▪ एजेंसी



मध्य प्रदेश में चार चरणों में होने जा रहे लोकसभा चुनाव की सर गर्मी बढ़ती जा रही है। पहले चरण में 19 अप्रैल को छह सीटों के लिए मतदान होना है। पहले चरण के मतदान के लिए 17 मई की शाम छह बजे से चुनाव प्रचार पर रोक लग जाएगी। ऐसे में इन छह सीटों पर अब बीजेपी-कांग्रेस सहित अन्य राजनीतिक दलों ने तैयारियां और तेज कर दी है। जहां बीजेपी वोटिंग के दिन सुबह से मतदाताओं को फोन करके पूछेगी कि आपने वोट डाला या नहीं? हालांकि या नहीं पूछेंगे कि किस पार्टी को वोट डाला और किसको डालिए। बीजेपी के इस प्लान पर कांग्रेस ने चुटकी ली है। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता अभिनव बरोलिया ने कहा है कि बीजेपी का यह प्रोपेगेंडा है। भाजपा जहां अपने कार्यकर्ताओं को सूखा कचड़ा गीला कचड़ा बता रही है। वहीं वोटरों को फोन करके क्या बताना चाह रही है। मध्य प्रदेश के मतदाता समझदार है, उन्हें कुछ बताने की जरूरत नहीं है। उनको पता है कि उनके संसदीय क्षेत्र में कितना विकास हुआ है। मतदाता विकास देखकर ही वोटिंग करेंगे। बारोलिया ने कहा है कि बीजेपी का अब छल कपट अब और नहीं चलने वाला है।

**पहले चरण में दोनों पार्टी ने नेताओं ने लगाया जोर :** बता दें कि मध्य प्रदेश की 29 लोकसभा सीटों के लिए चार चरणों में मतदान होना है। पहले चरण में प्रदेश की छह सीटों के लिए 19 अप्रैल को मतदान होगा। इससे पहले 17 अप्रैल की शाम 6 बजे से इन सीटों पर चुनावी शोरगुल पूरी तरह से थम जाएगा। इन छह सीटों पर अब तक बीजेपी और कांग्रेस पूरा दमखम लगा चुकी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राहुल गांधी, बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सीएम डॉक्टर मोहन यादव, पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान सहित अनेक दिग्गज इन सीटों पर चुनावी सभा को संबोधित कर चुके हैं।

### ऐसा रहेगा दूसरे तीसरे और चौथे चरण का मतदान

दूसरे चरण में सात लोकसभा संसदीय क्षेत्रों टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, सतना, रीवा, होशंगाबाद और बैतूल में 26 अप्रैल को मतदान होगा। इस चरण के लिए अधिसूचना 28 मार्च को जारी की गई थी। इसी दिन से नामांकन पत्र दाखिल किए गए। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम डेट 4 अप्रैल निर्धारित थी। तीसरे चरण में प्रदेश की 8 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों मुरैना, भिंड, ग्वालियर, गुना, सागर, विदिशा, भोपाल एवं राजगढ़ में 7 मई को मतदान होगा। इस चरण के लिए अधिसूचना 12 अप्रैल को जारी की गई थी। प्रत्याशियों को 19 अप्रैल तक की तारीख दी गई है। 20 अप्रैल को नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी की जाएगी। प्रत्याशी 22 अप्रैल तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। मतदान 7 मई को होगा। चौथे और अंतिम चरण में 8 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों देवास, उज्जैन, मंदसौर, रतलाम, धार, इंदौर, खरगौन और खंडवा में 13 मई को मतदान होगा। इस चरण के लिए अधिसूचना 18 अप्रैल को जारी होगी। प्रत्याशी 25 अप्रैल तक नामांकन पत्र जमा कर सकेंगे। 26 अप्रैल को नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी की जाएगी। प्रत्याशी 29 अप्रैल तक अपने नाम वापस ले सकेंगे, मतदान 13 मई को होगा।

# नाथ के सामने दरकता किला बचाना चुनौती, '29वां कमल' पाने भाजपा का हरसंभव जोर

**छिंदवाड़ा ▪ एजेंसी**

मध्यप्रदेश की सबसे हाईप्रोफाइल सीटों में शामिल छिंदवाड़ा इस बार यूं तो अनेक कारणों से चर्चाओं में है, लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के अपने इस दरकते 'किले' को बचाने की चुनौती और भारतीय जनता पार्टी के इस संसदीय क्षेत्र के रूप में '29वां' कमल हासिल करने के हरसंभव प्रयासों ने इसे समूचे राज्य में सर्वाधिक चर्चाओं का कारण बना दिया है।

पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के सबसे दिग्गज नेताओं में से एक कमलनाथ के गृह क्षेत्र छिंदवाड़ा को भाजपा कई सालों से भेद नहीं पाई है। पिछले लोकसभा चुनाव में भी राज्य की 29 संसदीय सीटों में से एकमात्र यही सीट उसके हाथ से फिसली थी। यही कारण है कि हालिया विधानसभा चुनावों में प्रचंड जीत से बेहद उत्साहित भाजपा लोकसभा चुनाव में अब ये '29वां कमल' खिलाने और इस संसदीय क्षेत्र में समूचे राज्य के विधानसभा चुनाव जैसे परिणाम दोहराने की कोशिश में है।

हालांकि विधानसभा चुनाव में छिंदवाड़ा संसदीय क्षेत्र की सातों विधानसभाएं कांग्रेस के खाते में गई हैं, लेकिन भाजपा का दावा है कि इस सीट पर भी इस बार 'भगवा' ध्वज फहरने वाला है। भाजपा की इन कोशिशों को पिछले दिनों तब और बल मिला, जब इस संसदीय क्षेत्र के अमरवाड़ा विधानसभा के कांग्रेस विधायक कमलेश शाह, छिंदवाड़ा के महापौर विक्रम अहाके और इस क्षेत्र के कद्दावर नेता और पूर्व मंत्री दीपक सक्सेना ने अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस को अलविदा कह कर भाजपा का दामन थाम लिया। ये सभी नेता श्री कमलनाथ के बेहद करीबी माने जाते हैं। ऐसे में श्री कमलनाथ के सामने अब अपने इस दरकते किले को बचाने की बड़ी चुनौती है।



आपातकाल के समय से ही कमलनाथ इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते आ रहे हैं। हालांकि हवाला कांड में 1995-96 में नाम आने के बाद श्री कमलनाथ ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद 1996 में यहां से उनकी पत्नी अलकानाथ सांसद चुनी गईं। श्री कमलनाथ के हवाला कांड में बरी होने के बाद उनकी पत्नी ने सांसद पद से त्यागपत्र दे दिया। इसके बाद हुए उपचुनाव में कमलनाथ को यहां भाजपा के सुंदरलाल पटवा से शिकस्त झेलनी पड़ी। हालांकि उसके बाद हुए 1998 में हुए आम चुनाव में एक बार फिर से कमलनाथ सांसद चुन लिए गए। उसके बाद से ये सीट कांग्रेस के ही पास है।

कांग्रेस ने इस बार इस सीट से एक बार फिर कमलनाथ के पुत्र नकुलनाथ को चुनावी मैदान में उतारा है। वहीं भाजपा यहां से भाजपा के जिलाध्यक्ष और छिंदवाड़ा विधानसभा से पार्टी के प्रत्याशी रहे विवेक बंटी साहू के भरोसे है। आदिवासी बहुल लेकिन सामान्य श्रेणी की इस सीट से इन दोनों को मिला कर कुल 15 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। यहां लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होना है। ये संसदीय क्षेत्र सात विधानसभा क्षेत्रों से मिलकर बना है, जिनमें से तीन अनुसूचित जनजाति, एक अनुसूचित जाति सुरक्षित है। तीन सीटें सामान्य हैं। हालिया विधानसभा चुनाव में ये सभी कांग्रेस के खाते में गईं थीं।

छिंदवाड़ा के कांग्रेस नेताओं को भाजपा में शामिल कराने की प्रक्रिया के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने लगातार इस बात पर जोर दिया कि पार्टी इस बार '29 कमल के फूलों की माला' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सौंपेगी। अपने इसी प्रयास को फलीभूत करने पार्टी ने अपने कद्दावर नेता और राज्य के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को छिंदवाड़ा संसदीय क्षेत्र का जिम्मा सौंपा है। विजयवर्गीय लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही छिंदवाड़ा में डटे हैं और यहां 'हर बूथ पर कमल खिलाने' के प्रयासों में जुटे हैं। इसके साथ ही भाजपा के पूरे संगठन का इस सीट पर खासा जोर है।

दूसरी ओर कांग्रेस इस सीट को पूरी तरह कमलनाथ और उनके परिवार के भरोसे छोड़े हुए है। यही कारण है कि कांग्रेस के किसी बड़े नेता का इस संसदीय क्षेत्र में प्रचार के लिए आगमन नहीं हुआ। हालांकि नकुलनाथ के नामांकन दाखिले के दौरान पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष जीतू पटवारी यहां आए, लेकिन उसके बाद से पार्टी का कोई बड़ा नेता यहां नहीं पहुंचा।

'कमल' का गढ़ भेदने के लिए अमित शाह ने खेला दांव

# चुनाव : भगवामय हुआ छिंदवाड़ा सड़कों पर उतरा जनसैलाब

**छिंदवाड़ा ▪ एजेंसी**

'देखो-देखो कौन आया, शेर-शेर आया-शेर आया', अमित शाह के छिंदवाड़ा रोड शो में यह आवाज चारों तरफ गूंज रही थी। मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा लोकसभा सीट पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रोड शो करने पहुंचे हैं। छिंदवाड़ा मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का गढ़ माना जाता है।

लगभग 1:30 घंटे देरी से पहुंचे अमित शाह ने फव्वारा चौक से छोटी बाजार तक रोड शो किया। इस रोड शो में जन सैलाब देखने को मिला। बता दें कि पहले अमित शाह को सीधे हेलिकॉप्टर द्वारा छिंदवाड़ा पहुंचना था, लेकिन मौसम खराब होने के कारण वह नागपुर से सड़क के रास्ते कार से छिंदवाड़ा पहुंचे। इस वजह से शाम 6 बजे से होने वाला रोड शो 8:15 बजे से शुरू हुआ। अमित शाह



से पहले मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव छिंदवाड़ा पहुंच चुके थे। रोड शो वाले रथ पर खास व्यवस्था की गई थी। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बीडी शर्मा और कैलाश विजयवर्गीय के अलावा अन्य भाजपा नेता भी इस दौरान मौजूद रहे। अमित शाह का यह रोड शो लगभग 2 किमी तक चला।

**कमलनाथ को घेरने की तैयारी** : गौरतलब है कि चुनाव प्रचार के अंतिम दिन भाजपा ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। कमलनाथ के गढ़ में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह रोड शो करने के बाद रात भी गुजरेंगे। वे भाजपा के तमाम बड़े नेताओं के साथ चर्चा करेंगे। लोकसभा चुनाव को लेकर छिंदवाड़ा में 19 अप्रैल को वोटिंग होगी। इससे पहले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के छिंदवाड़ा पहुंचने के बाद यह बड़ा संकेत दिया जा रहा है कि कमलनाथ के गढ़ में भी इस बार कमल खिलाने के लिए बीजेपी पूरी एड़ी चोटी का जोर लगा रही है।

### इस बार का 29 का लक्ष्य

बीजेपी ने छिंदवाड़ा से बंटी साहू को टिकट दिया है। उनका मुकाबला कांग्रेस के दिग्गज नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ के सामने है। छिंदवाड़ा नाथ का गढ़ माना जाता है। पिछले लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने मध्य प्रदेश की छिंदवाड़ा सीट को छोड़कर बाकी 28 सीटों पर जीत हासिल की थी। इस बार बीजेपी इस सीट पर पूरा जोर लगा रही है, जिसको लेकर वोटिंग के दो दिन पहले अमित शाह रोड शो करने पहुंचे हैं।

# प्रेमी के प्यार में पत्नी ने कराई थी पति की हत्या दोनों गिरफ्तार

**टीकमगढ़।** टीकमगढ़ के एसपी रोहित ने मंगलवार की शाम जानकारी देते हुए बताया कि टीकमगढ़ जिले के पुलिस थाना दिगौड़ा के अंतर्गत आने वाले पूनोल नाले पर 14 अप्रैल की सुबह एक युवक की लाश मिली थी, जिसके सिर पर गंभीर चोटें थी। इस मामले में एसपी की निर्देशन में एक टीम का गठन किया गया और साइबर सेल की मदद ली गई, जिसमें पाया गया कि मृतक के साथ आरोपी बृजेंद्र यादव ने नाले के पास बैठकर पहले शराब पी, जब मृतक बेहोशी हालत में हो गया तो उसके सिर में लोहे की रॉड से कई बार हमला किया। जब उसने समझ लिया कि उसकी मौत हो चुकी है, इसके बाद उसको घसीट कर नाले में फेंक दिया और बाइक को वहीं पर खड़ा कर दिया। इसके बाद आरोपी फरार हो गया।

**दो की हुई गिरफ्तारी** : पुलिस द्वारा अनुसंधान में पाया गया कि आरोपी बृजेंद्र के मृतक की पत्नी के साथ अवैध संबंध थे, जिसके चलते पत्नी ने अपने प्रेमी से कहा कि उसके पति को रास्ते से हटा दे, इसके बाद दोनों ने मिलकर के प्लान किया और वह पति को अपने साथ निमंत्रण का कहकर ले गया। जिसके बाद रास्ते में दोनों ने शराब पी और शराब पीने के बाद उसकी हत्या कर लाश को नाले में फेंक दिया। एसपी ने बताया कि इस मामले में आरोपी बृजेंद्र यादव और उसकी प्रेमिका को गिरफ्तार कर लिया है।

भाजपा पर जमकर बरसे जीतू पटवारी, कहा-

# मोदीजी के नारे सिर्फ जुमला, इन्होंने महामारी में भी चंदा ले लिया

**ग्वालियर ▪ एजेंसी**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मुरैना में आयोजित कांग्रेस प्रत्याशी नीटू सिकरवार की नामांकन रैली को संबोधित करते हुये कहा कि मुरैना में बिल्कुल भी रबर स्टैंप को इस बार मत चुनिएगा। नरेंद्र सिंह तोमर के कृषि मंत्री रहते 700 से ज्यादा किसानों की मौत आंदोलन करते हुई। यहां से सांसद रहते हुए यदि एक उद्योग भी उन्होंने लगवाया हो या कृषि मंत्री रहते हुए एक उन्होंने ऐसा काम किया हो जिसे लोग याद करें तो भाजपा को यह बताना चाहिए।

जीतू पटवारी ने कहा कि भाजपा की तो नीति यही है कि बहुत हुई महंगाई की मार विपक्ष में रहते कहते थे और जब सरकार में आए तो इन्होंने जनता को महंगाई के खूब डंडे मारे। विपक्ष में बेरोजगारी की बात करते थे, सरकार में आए तो अग्निवीर बना दिया। जीतू पटवारी ने अपने संबोधन में कहा कि 'ना खाऊंगा ना खाने दूंगा', मोदीजी का यह नारा भी जुमला साबित हुआ। इस सरकार ने बड़ी- बड़ी कंपनियों से चंदा लेकर उन्हें टेंडर दिए गए। यह सरकार कोरोना जैसी महामारी में भी चंदा लेने से नहीं चुकी।

जीतू पटवारी ने जनता से आग्रह किया कि कांग्रेस पार्टी ने आपको अधिकार दिए एवं अपने



दिए हुए वचन पूरे किए। हर बेरोजगार को इस बार कांग्रेस की सरकार बनने पर 1 लाख रुपए सालाना ग्रेजुएट को दिए जाएंगे तथा 1 लाख रुपए महिलाओं को दिया जाएंगे।

### महिलाओं के साथ अत्याचार चरम पर

पटवारी ने जनता से यह भी कहा कि लगातार भाजपा से उसकी झूठी गारंटियों पर सवाल करिए। मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि भाजपा राज में जनता महंगाई की मार से कराह रही है, किसानों के साथ अन्याय हो रहा है, एमएसपी नहीं दी जा रही है, महिलाओं के साथ अत्याचार चरम पर है। फिर भी केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की भाजपा सरकार जुमलों की बौछार से बाज नहीं आ रही है। जनता मोदी और भाजपा की इस जुमलेबाजी को समझ चुकी है।



योगी का मुख्तार को लेकर अखिलेश पर हमला

# माफिया के घर जाकर फातिहा पढ़ते हैं, हिंदू शिकार हो जाए तो...

**बिजनौर ▪ एजेंसी**

सीएम योगी ने बिजनौर में बिना नाम लिए मुख्तार अंसारी के घर जाने पर अखिलेश यादव पर निशाना साधा। बिजनौर में योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस, सपा-बसपा दलदल में डूबे दल हैं। इन्हें अच्छाई से नफरत है। माफिया-अपराधियों को गले का हार बनाते हैं, महिमा मंडन करते हैं। उनके घरों में जाकर फातिहा पढ़ते हैं, लेकिन कोई निर्दोष हिंदू दुर्घटना का शिकार हो जाता है तो इनके मुख से संवेदना के एक शब्द भी नहीं निकलते हैं। हम सामान्य नागरिकों को राम-राम करते हैं और माफिया-अपराधियों का राम नाम सत्य। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार प्रदेश की जनता की सुरक्षा के लिये सदैव तत्पर हैं और माफिया तत्वों को नेस्तानाबूद करने में भी समय नहीं लगाती है। बिजनौर के नहटौर में नगीना के लोकसभा प्रत्याशी ओम कुमार के समर्थन में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए योगी ने कहा कि रामनवमी की पावन तिथि यानी मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जन्मदिन बुधवार को है। अभी से लाखों लोग अयोध्या धाम में जन्मोत्सव समारोह में पहुंच रहे हैं। पांच सौ वर्षों के बाद पहली बार यह अवसर आ रहा है, जब रामलला अपनी जन्मभूमि पर जन्मोत्सव मनाएंगे। हमारी पीढ़ियां धन्य हो गईं, जो हम जन्मोत्सव कार्यक्रम के साक्षी बनेंगे।

### भारत एकमात्र देश है, जहां आराध्य को अपनी जन्मभूमि के लिए प्रमाण देना पड़ा

योगी ने कहा कि भारत एकमात्र ऐसा देश है, जहां आराध्य को अपनी जन्मभूमि के लिए प्रमाण देना पड़ा। यह संकट कांग्रेस व समाजवादी पार्टी ने दिया। इन्होंने हमारी आस्था को संकटग्रस्त करने का प्रयास किया, लेकिन सनातन समाज कहां मानने वाला था, वह प्रभु राम की जन्मभूमि पर भव्य मंदिर नर्मिाण के लिए कृत संकल्पित था और पीएम मोदी के कारण उसे सफलता प्राप्त हुई। कांग्रेस ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर को चुनाव हरवाया था और 2012 में सत्ता में आने पर सपा ने कहा था कि दलितों के स्मारकों को तुड़वाएंगे। इनकी मानसिकता थी कि यह बना नहीं पा रहे, लेकिन तुड़वाने की बात करते हैं। वहीं मोदी जी ने बाबा साहेब से जुड़े पंच तीर्थ का निर्माण करवाया। उन्होंने कहा कि आपने सरकार बनाने में योगदान दिया, इसलिए यह श्रेय आपको जाता है। सही दिशा में गया एक वोट तस्वीर-तकदीर बदल देता है, गलत दिशा में गया वोट पहचान का संकट खड़ा कर देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा-बसपा के समय संत रविदास की जन्मभूमि सीर गोवर्धन में दक्कितें होती थीं। वहां सिंगल रुट था। वहां आने में लाखों श्रद्धालुओं को कठिनाई होती थी। आज सद्गुरु रविदास की पावन धरा पर भव्य स्मारक, 25 फुट



ऊंची प्रतिमा, पार्क और फोरलेन की सड़क भी मिलेगी।

रामलला के प्रकटीकरण से पहले महर्षि वाल्मीकि के नाम पर अयोध्या का इंटरनेशनल एयरपोर्ट का नामकरण भी किया गया। एक तरफ समाज को जाति के नाम पर बांटने वाले सपा, बसपा व कांग्रेस के दलों का गठजोड़ है, दूसरी तरफ 140 करोड़ भारतीयों व महापुरुषों को सम्मान देने वाला भाजपा गठबंधन है। कांग्रेस ने चौधरी चरण सिंह का अपमान किया तो पीएम मोदी ने 'भारत रत्न' देकर किसानों का सम्मान बढ़ाया। संकल्प पत्र में भाजपा ने कहा कि अगले पांच वर्ष में तीन करोड़ और गरीबों के मकान बनाए जाएंगे। शासन की योजनाओं का निरंतर लाभ मिलता रहेगा। तीन करोड़ ड्रोन दीदी बनेंगी, जो लखपति होंगी। बिजनौर की मेरठ व नजीमाबाद से फोरलेन कनेक्टिविटी हो गई। काफी हद तक बाढ़ की समस्या का समाधान हो गया, शेष का भी जल्द समाधान करेंगे। एक तरफ गरीबों के मकान बन रहे हैं तो दूसरी तरफ प्रभु राम का भी भव्य मंदिर बना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान, नौजवान, महिला हर वर्ग को सम्मान दे रहे हैं। निजी नलकूपों वाले किसानों के बिजली बिल समाप्त कर फ्री में बिजली देने की व्यवस्था प्रारंभ कर दी है। महात्मा विदुर के नाम पर मेडिकल कॉलेज बन रहा है तो उनकी कुटी तक मां गंगा की धारा ले जाने का कार्य कर दिया गया। समस्या को छोड़ते नहीं, समाधान के निष्कर्ष तक पहुंचाते हैं। महिला, वृद्धों, दिव्यांगजनों को पेंशन, कन्या सुमंगला योजना के जरिए बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ व बेसिक शिक्षा परिषद के 1.91 करोड़ बच्चों के लिए फ्री में यूनिफॉर्म, बैग, बुक्स, शूज, स्वेटर, शॉक्स मिल रहे हैं।

योगी ने कहा कि ओम कुमार दो बार से विधायक हैं। वे अपने क्षेत्र में खूब कार्य कर रहे हैं। उनके साथ जनता का आशीर्वाद है, इसलिए ओम कुमार को दल्लिी पहुंचने से कोई रोक नहीं सकता। सीएम ने सभी मतदाताओं से मतदान करने व अन्य लोगों से भी करवाने का आग्रह किया। बोले कि वोट डालने जरुर जाना।

सीएम योगी रैलियों का भी रिकॉर्ड बना रहे

# नवरात्र की अष्टमी पर पूरा किया अर्द्धशतक, छह राज्यों में साधा वोट

**लखनऊ ▪ एजेंसी**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चैत्र नवरात्र की अष्टमी तिथि पर मंगलवार को रैलियों की हाफ सेंचुरी पूरी कर ली है। भाजपा के स्टार प्रचार योगी आदित्यनाथ पहले, दूसरे व तीसरे चरण के साथ ही महज 19 दिन के भीतर ही यूपी समेत छह राज्यों में भी कमल खिलाने के लिए ताबड़तोड़ रैली कर चुके हैं। 27 मार्च से 16 अप्रैल तक मुख्यमंत्री ने कुल 50 कार्यक्रम कर लिए। इनमें रैली, जनसभा, रोड-शो, प्रबुद्ध सम्मेलन आदि शामिल हैं।

'अबकी बार-400 पार के लिए' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सारथी के रूप में योगी आदित्यनाथ निरंतर रैली, रोड-शो, जनसभा, प्रबुद्ध सम्मेलन कर रहे हैं। 27 मार्च को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ब्रज की मथुरा सीट से सांसद व भाजपा प्रत्याशी हेमामालिनी के पक्ष में प्रबुद्ध सम्मेलन से संवाद का आगाज किया था।

**उपवास के बावजूद करते रहे रैलियां** : योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश का बखूबी दायित्व संभालने के साथ गोरक्षपीठाधीश्वर की भूमिका का भी निर्वहन करते हैं। नवरात्र में उपवास के बावजूद उन्होंने पार्टी कार्यकर्ता के रूप में कई सीटों पर रैलियां कीं। बिना थकान वे निरंतर प्रत्याशियों का हाथ थामे हैं। सोमवार को बिहार में दो जनसभाओं के बाद सप्तमी तिथि पर गोरखपुर पहुंच कर गोरक्षपीठाधीश्वर पूजन में शामिल भी हुए तो अष्टमी की सुबह मंदिर में पूजा-पाठ के बाद प्रचार-प्रचार के लिए पश्चिमी उत्तर प्रदेश के तीन लोकसभा सीटों पर पहुंच गए। यहां उन्होंने नगीना व कैराना लोकसभा क्षेत्र के भाजपा उम्मीदवार के लिए जनसभा कर 19 अप्रैल को कमल पर बटन दबाने की अपील की तो सहारनपुर में रोड-शो कर इस बार पीएम के गले में पड़ने वाली 80 मनकों की माला में यहां से भी योगदान करने का आह्वान किया।

**पांच राज्यों में भी स्टार प्रचारक योगी आदित्यनाथ ने की रैली** : योगी आदित्यनाथ भारतीय जनता पार्टी के स्टार प्रचारक हैं। वे अब तक उत्तर प्रदेश के अलावा पांच राज्यों (जम्मू, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, राजस्थान व बिहार) में भी रैली कर चुके हैं। जम्मू की उधमपुर, उत्तराखंड की नैनीताल-उधम सिंह नगर, गढ़वाल, टिहरी गढ़वाल, हरिद्वार लोकसभा सीटों पर प्रचार करने पहुंचे। महाराष्ट्र की वर्धा, भंडारा व नागपुर में योगी आदित्यनाथ की रैली हुई। राजस्थान के भरतपुर, दौसा व सीकर तथा बिहार की औरंगाबाद और नवादा लोकसभा क्षेत्र में अब तक 'यूपी के कैप्टन' योगी आदित्यनाथ की रैली हो चुकी है।

**पहले चरण में योगी के यूपी के कार्यक्रमों पर नजर**



- पीलीभीत- 2 रैली, प्रबुद्ध सम्मेलन
- सहारनपुर- 2 रैली, प्रबुद्ध सम्मेलन, एक रोड शो
- कैराना- 2 रैली, प्रबुद्ध सम्मेलन
- मुरादाबाद- रैली
- रामपुर- रैली
- मुजफ्फरनगर- रैली, प्रबुद्ध सम्मेलन
- बिजनौर- रैली, प्रबुद्ध सम्मेलन
- नगीना- दो रैली, बिजनौर की रैली से भी नगीना के लिए अपील

# यूपी में फिर भाजपा की बल्ले-बल्ले, बसपा का सूपड़ा साफ

**लखनऊ ▪ एजेंसी**

आगामी लोकसभा चुनाव से पहले सबसे ज्यादा लोकसभा सांसद देने वाले उत्तर प्रदेश पर सभी की निगाहें हैं। 80 सीटों वाले उत्तर प्रदेश में पिछले दो लोकसभा केंद्र की सत्ताधारी भाजपा हावी रही है। अब एक ताजा सर्वे की मानें तो इस बार भी मामला कुछ ऐसा ही होने वाला है। सर्वे के मुताबिक, यहां 80 लोकसभा सीटों में 68 लोकसभा सीटों पर एनडीए का कब्जा होने जा रहा है।

TV9 भारतवर्ष द्वारा किए गए एक सर्वे में सामने आया है कि यूपी में विपक्षी इंडिया गठबंधन को महज 12 सीटें ही मिलेंगीं। वहीं मायावती ने नेतृत्व वाली बसपा का सूपड़ा साफ हो सकता है। सर्वे के मुताबिक, भाजपा को 64 सीटें मिलेंगी। वहीं एनडीए में उसकी सहयोगी राष्ट्रीय लोक दल (आरएलडी) दो सीट और अपना दल (सोनेलाल) 2 सीट जीत सकती है।



**अखिलेश के लिए खुशखबरी** : सर्वे के मुताबिक, विपक्षी INDIA गठबंधन को 12 सीटें मिल रही हैं। पिछली बार 5 सीटें जीतने वाली सपा अपनी सीटों की संख्या दोगुनी से ज्यादा कर सकती है। यानी अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली सपा इस बार 11 सीटें जीत सकती हैं, जबकि कांग्रेस के खाते में 1 सीट ही आने की संभावना है। वहीं इन लोकसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी का खाता भी नहीं खुलता दिख रहा है। यूपी की गाजियाबाद, एटा, मिश्रिख, इटावा, फूलपुर, गोरखपुर, जालौन, झांसी, देवरिया जैसे कई महत्वपूर्ण सीटों पर भाजपा जीतती नजर आ रही हैं। इसके अलावा, सपा के खाते में मैनपुरी, गाजीपुर सीटें आ सकती हैं।

2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने राज्य में 62 सीटें जीतीं थीं। इसके बाद मायावती के नेतृत्व वाली बसपा थी, जिसने 10 सीटें जीतीं। तब बसपा का सपा के साथ गठबंधन था। हालांकि सपा ने 5 सीटें जीतीं।

# मैनपुरी से डिंपल ने भरा पर्चा, सहारनपुर में योगी का रोड शो

**लखनऊ ▪ एजेंसी**

समाजवादी पार्टी की मैनपुरी लोकसभा सीट से प्रत्याशी सांसद डिंपल यादव ने मंगलवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। चार सेटों में दाखिल किए गए नामांकन पत्र के दौरान शुभ मुहूर्त का पूरा ख्याल रखा गया। सुबह 11 से दोपहर 12 बजे के बीच उन्होंने नामांकन पत्र दाखिल करना था। डिंपल सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ 11:55 बजे कलेक्ट्रेट पहुंची और अपना नामांकन पत्र जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश कृष्ण को सौंपा।

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए भाजपा ने अपने उम्मीदवारों की 12वीं सूची जारी कर दी है। इस लिस्ट में यूपी की भी दो सीटों से उम्मीदवार घोषित किए गए हैं। फिरोजाबाद से ठाकुर विश्वजीत सिंह मैदान में होंगे। इसके अलावा देवरिया सीट से शशांक मणि त्रिपाठी को चुनाव लड़ने का मौका दिया गया है। फिरोजबाद से ठाकुर विश्वजीत सिंह को मौका दिए जाने को ठाकुरों की नाराजगी दूर करने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। वहीं दूसरी ओर सीएम योगी चौथी बार सहारनपुर पहुंचे हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने यहां रोड शो शुरू किया है। करीब डेढ़ किलोमीटर के इस रोड शो के दौरान भारी सुरक्षा व्यवस्था रही। रोड के दोनों ओर भाजपा समर्थकों की खासी भीड़ नजर आई। लोग एक झलक पाने के लिए बेताब दिखे।

केशरिया वस्त्र पहनकर पत्नी के साथ मां बिजासन की शरण में पहुंचे दिग्विजय सिंह

# राजगढ़ किला फतह करने के लिए मांगा आशीर्वाद

राजीव टाइम्स ■ भैंसवामाता

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और राजगढ़ लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी दिग्विजय सिंह ने मां बिजासन माता के दरबार में हाजिरी लगाई। दिग्विजय सिंह ने मंगलवार को नामांकन किया इसके पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह सुबह राजगढ़ पहुंचे थे उसके बाद भैंसवामाता स्थित प्रसिद्ध मां भैंसवामाता मंदिर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने यहां केशरियां वस्त्र पहनकर पूजा- अर्चना कर विशेष हवन में भाग लिया। करीब तीन घंटों तक माता के दरबार में रहे और इस दौरान उन्होंने सनातन परंपराओं का निर्वहन करते हुए कथा का श्रावण की और पूजा-अर्चना कर आर्शीवाद भी लिया। राजगढ़ संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजयसिंह माता की आराधना कर चुनाव में सफलता के लिए आशीर्वाद मांगा, पूर्व सीएम ने यहां यज्ञशाला में विशेष हवन अनुष्ठान किया और आहुतियां दीं। इस दौरान पूर्व विधायक कृष्णमोहन मालवीय, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष नंदलाल नागर, रमेशचंद्र कलमोदिया, रोशन खत्री, रामबाबू सेन, देवीसिंह साबरस्या, हेमराज नागर, राजेश भंडारी, अखिलेश जोशी, नीतेश नागर, अनिल नागर सहित अनेक उपस्थित थे।





## अष्टमी के अवसर पर तीन घंटे तक मां बिजासन धाम में रुके पूर्व सीएम

पूर्व सीएम सिंह मां बिजासन धाम भैंसवामाता में अष्टमी के अवसर पर तीन घंटे तक रुके और विशेष पूजा- अर्चना करते हुए बिजासन के दरबार में चल रहे 108 कुंडीय शतचंडी यज्ञ में भी शामिल होकर धर्मलाभ लिया। उसके बाद सिंह देवीपुरा, दराना, हराना, पाटक्या, चाटक्या, काल्याखेड़ी पहुंचे। उन्होंने जहां नुक्कड़ सभा की। इस दौरान दिग्विजय सिंह ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि इलेक्ट्रॉरोल बांड क्या है, ईडी भेजो, आईटी भेजो, गला पकड़ो और वसूली करो। जिसे जनता ने मुख्यमंत्री के रुप में चुना उसे बिना किसी सबूत के गिरफ्तार कर लिया, रिमांड पर ले लिया। भाजपा की गारंटी झूठी है और वह लोगों को डराने, धमकाने का काम करती है। न तो मोदी ने अपने वादों को पूरा किया और न ही मप्र की भाजपा सरकार अपने वादों पर खरा उतरी। जबकि हमने हमेशा जो कहा है वो करके दिखाया है। राजगढ़ जिले में मेरे द्वारा गांव-गांव में विकास कार्य किए गए, जब मैं सीएम था और आज मैं जब राज्यसभा सदस्य हूं हमेशा मेरे घर के दरवाजे जिलेवासियों के लिए खुले रहते हैं। बिना भेदभाव के सभी के काम मैं हमेशा करता हूं। क्योंकि मैं मानता हूं कि राजनीति लोगों को सेवा का रास्ता है, जबकि भाजपा ने इसे सत्ता भोगने का जरिया बना लिया है। जनता को भाजपा की जनविरोधी नीतियों को समझना होगा।

### यह रहेगा दूसरे दिन का दौरा कार्यक्रम

दूसरे दिन 17 अप्रैल बुधवार को सुबह 10 बजे सिंह मूंडला लोधा में नुक्कड़ सभा करेंगे और देवलीमान जांगीर तथा कडलावद में भी सिंह द्वारा नुक्कड़ सभा को संबोधित किया जाएगा और फिर दोपहर को भोजन के बाद भ्याना, ब्यावरा मांडू, पाडल्यामाता, गुलावता, मऊ में भी नुक्कड़ सभा होंगी। मऊ के बाद पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह पड़ाना कस्बे में प्रचार के लिए पहुंचेंगे और वहां पर भी बड़ी नुक्कड़ सभा का आयोजन कांग्रेसजनों द्वारा किया जाएगा। इसके बाद वह मगराना, काचरिया पुरोहित होते हुए सारंगपुर शहर स्थित कपिलेश्वर धाम में दर्शन एवं गौशाला का अवलोकन करेंगे। कपिलेश्वर से दर्शन के बाद लौटकर वह नारायणपुर गांव में सरदार वल्लभ भाई पटेल मानव सेवा ट्रस्ट निर्माणाधीन नेत्र चिकित्सालय पहुंचेंगे और अवलोकन करेंगे। नारायणपुर से पचोर शहर पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे। 18 अप्रैल गुरुवार को सिंह पचोर में सुबह 9 से 11 बजे तक जनसंपर्क एवं कांग्रेसजन के साथ संवाद करेंगे और सुबह 11:30 बजे बाबल्दा में नुक्कड़ सभा करने के पश्चात सुल्तानिया, उदनखेड़ी गांव पहुंचेंगे और दोपहर में भोजन करेंगे। इसके बाद सिंह पटाडिया धाकड़, आसारेटा से करोंदी पहुंचेंगे जहां आमसभा होंगी। वहीं से बुढनपुर, टिकोद, लाटाहेड़ी होते हुए शाम साढ़े 6 बजे भोपाल के लिए रवाना होंगे।

पुलिस की बाउंड ओवर की कार्रवाई

# दस साल से फरार वारंटियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में किया पेश

राजीव टाइम्स ■ सारंगपुर



चुनाव को लेकर लागू आदर्श आचार संहिता का पालन करने की हिदायत पुलिस द्वारा अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को दी जा रही है। एसडीओपी अरविंद सिंह ने कहा कि बाउंड ओवर करने के बाद भी अगर कोई व्यक्ति अपराध करता है तो उसे प्रक्रिया का उल्लंघन माना जाएगा। जिसमें आरोपी को सीधे एसडीएम कोर्ट में पेश करके जेल भेजा जाएगा। थानों के लिस्टेड गुंडे, निगरानी बदमाशों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जा रही है। दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 110 के तहत अंतिम बाउंड ओवर की कार्रवाई पूरी की जाती है। जिन आदतन अपराधियों द्वारा अंतिम रूप से बाउंड ओवर होने की प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के बाद भी यदि अपराध किया जाता है। उनके खिलाफ एसडीएम कोर्ट से धारा-122 के तहत जमानत जब्त और बंधपत्र की बचे अवधि के लिए निरुद्ध करते हुए जेल भेजा जाता है। एसडीओपी सिंह के अनुसार, पुलिस कार्रवाई के अंतर्गत बाउंड ओवर एक प्रकार का अनुबंध है। जिसमें लोग शपथपूर्वक आगामी समय तक अपराध से दूर रहने की लिखित सहमति देते हैं। बाउंड ओवर उल्लंघन पर पुलिस केस दर्ज करती है।

एसपी आदित्य मिश्रा के आदेश एवं एसडीओपी सिंह के मार्गदर्शन में सारंगपुर थाना प्रभारी संतोष बाघेला ने 22 फरार वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस द्वारा 10 साल से फरार वारंटियों को गिरफ्तार किया गया, जो फरार चल रहे थे। स्थाई वारंटियों की गिरफ्तारी सहित शहर में आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए पुलिस ने सभी क्षेत्रों के वारंटियों की धरपकड़ शुरू कर दी है। लंबे समय से फरार चल रहे वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से वारंटियों को जेल भेजा गया है। दरअसल स्थाई गिरफ्तारी वारंटी में 4 अपराधी ऐसे शामिल हैं जो अपराध करने के बाद से ही फरार चल रहे थे। थाना प्रभारी वाघेला ने बताया कि फरार आरोपियों में देवीलाल रामपुरिया 307, इलकार सिंह पिता बिहारी सोंधिया 354 एसटी- एससी एक्ट सहित कई गौवंश अपराधियों को बड़वानी, छिंदवाड़ा जैसे अनेक शहरों से पकड़ा गया है। पकड़े गए वारंटियों पर कई सालों से फरार, हत्या और हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट, मारपीट, धोखाधड़ी जैसे गंभीर अपराध के आरोपी शामिल हैं। वहीं, अलग-अलग थानों के चाकूबाज, मारपीट, धोखाधड़ी जैसे गंभीर अपराधों के स्थाई वारंट और अभियुक्त गिरफ्तारी वारंटी भी शामिल है।

**जनसहयोग की है अपेक्षा-** थाना प्रभारी वाघेला ने बताया कि अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए शासन- प्रशासन सहित जनता के सहयोग से शहर के प्रमुख चौराहे पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा लोकतंत्र के महापर्व को देखते हुए क्षेत्र में अमन, शांति का वातावरण निर्मित करने के लिए जनप्रतिनिधि, नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा है।

### 22 स्थाई वारंटियों को न्यायालय में पेश किया



निर्वाचन आयोग व उच्चाधिकारियों के निर्देश अनुसार सारंगपुर पुलिस द्वारा लगभग 22 स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। साथ ही लोकतंत्र के पर्व पर शांति व्यवस्था कायम रखी जाएगी।

**अरविंद सिंह,** एसडीओपी, सारंगपुर



## अस्पताल परिसर में प्याऊ शुरू

**कसरावद।** जैन दिवाकर विचार मंच महिला शाखा कसरावद द्वारा मंगलवार को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्याऊ की शुरुआत की गई। प्याऊ का शुभारंभ ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. कुलदीप गोयल ने किया। मंच की महिला शाखा की प्रदेश उपाध्यक्ष नमिता लूणीया ने बताया कि राष्ट्र संत कमलमुनि कमलेश मसा की प्रेरणा से भगवान महावीर स्वामी जन्म उपलक्ष्य एवं नवरात्र के पावन पर्व पर मंच की महिला शाखा द्वारा नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्याऊ की शुरुआत की गई। इससे मरीजों एवं उनके परिजन को इस भीषण गर्मी में पानी मिल जाएगा। इस अवसर पर गिरनारसिंह भूरिया, दीपक नरिया, संगीता मांडोत, शीतल लूनिया, रूपाली लूनिया, चांदनी कवाड़, संजय मांडोत, सचिन लूनिया, अंकित कवाड़ आदि उपस्थित थे।

न्यूनतम और अधिकतम तापमान में आने लगा उछाल

## तापमान में आया उछाल : उमस-गर्मी से लोग हो रहे परेशान

राजीव टाइम्स ■ सारंगपुर



बेमौसम बारिश, मौसम में घुली ठंडक अब गायब हो रही है तो सूरज की तपिश भी बढ़ती जा रही है। जिसके कारण अप्रैल माह में अब लोगों को गर्मी का एहसास होने लगा है। मौसम विभाग की मानें तो अब गर्मी में प्रतिदिन इजाफा होगा। अप्रैल माह की तपन का अब आभास होने लगा है। मंगलवार सुबह से सूरज की तीखे तेवर ने लोगों को परेशान कर रखा था। सोमवार दोपहर को आसमान पर बादल छा गए और धूप भी गायब हो गई। लगा था कि पिछले दिनों की तरह बारिश होगी और मौसम में ठंडक घुलेगी, लेकिन बाद में आसमान साफ हो गया।

**अब बढ़ेगा तापमान, 42 तक पहुंचने की संभावना** - सारंगपुर में मंगलवार को अधिकतम तापमान 39 व न्यूनतम तापमान 24 दर्ज किया गया। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अब तापमान बढ़ेगा और अगले कुछ दिनों में तापमान 42 डिग्री तक पहुंच सकता है। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि इसी सप्ताह के आखिरी दिनों तक लगभग तीन से लेकर चार डिग्री सेल्सियस तक पारे में उछाल आएगा।

## ब्राह्मण समाज ने किया मनावत का स्वागत

**सारंगपुर।** मां बिजासन के दरबार में एवं श्रीराम कथा से पूरे दरबार को राममय में बनाने वाले प्रखंड विद्वान श्याम मनावत का ब्राह्मण समाज सारंगपुर द्वारा शॉल, श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। मनावत ने ब्राह्मण समाज को संबोधित करते हुए कहा कि आज मैं अपने परिवार में आकर अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। हमें हमेशा अपने समाज के छोटे से छोटे व्यक्तियों को साथ लेकर समाज को प्रगति के पद पर आगे ले जाना चाहिए। हमेशा उच्च पद पर आसीन उच्च वर्ग के लोगों के समक्ष सम्मान मिलता है।

## पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष समीर मेव का निष्कासन समाप्त

**सारंगपुर।** सारंगपुर नपा चुनाव के बाद पार्टी से निष्कासित किए गए पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष एवं वार्ड क्रमांक 5 के पार्षद समीर मेव एवं उनके साथी पार्षद आशीक मंसूरी का निष्कासन पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश पुरोहित ने समाप्त कर दिया है और उन्हें पुनः कांग्रेस में शामिल कर लिया है। मंगलवार को पूर्व सीएम सिंह ने मेव को उनके निष्कासन समाप्ति से संबंधित पत्र सौंपा। इस दौरान उसने सिंह ने कहा कि पार्टी की रीति-नीति के साथ जनसेवा कार्य करें और जनता की सेवा करते हुए जन-जन तक कांग्रेस की विचार धारा को पहुंचाएं। इस दौरान अन्य कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्तागण उपस्थित थे।



## खरगोन- बड़वानी के आबकारी अमले ने दी दबिश

**खरगोन।** जिले में खरगोन और बड़वानी जिले के आबकारी अमले ने संयुक्त कार्रवाई कर जिले के भोइंदा और बड़वानी के करामतपुरा में चल रही अवैध शराब भट्टियों पर दबिश दी। दोनों गांवों से अमले ने 240 लीटर हाथभट्टी शराब और लगभग 9500 किलोग्राम महुआ- लहान मौके पर नष्ट किया। कार्रवाई में 6 प्रकरण दर्ज किये गये। मिली जानकारी अनुसार यह भट्टियां नदी- नालों के किनारे सुनसान इलाकों में चल रही थीं। जब्त अवैध मदिरा व महुआ लहान की अनुमानित कीमत 9 लाख 86 हजार रुपए आंकी गई है।



## कर्मचारियों के वेतन मामले में मानव अधिकार आयोग ने कलेक्टर से जवाब तलब किया

राजीव टाइम्स ■ मंदसौर

मध्य प्रदेश मानव अधिकार आयोग ने मंगलवार को प्रदेश के विभिन्न स्थानों के 6 मामलों में संज्ञान लेते हुए सरकार और प्रशासन से जवाब तलब किया है। जानकारी के अनुसार इनमें मंदसौर जिले के भानपुरा - गरोठ क्षेत्र विकास खंड अंतर्गत विभिन्न स्कूलों में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों जिनमें महिलाएं और पुरूष शामिल हैं को विगत सात माह से वेतन भुगतान प्राप्त नहीं हुआ है। सितम्बर 2023 से लंबित वेतन नहीं मिलने से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को आर्थिक, पारिवारिक और सामाजिक समस्याओं और कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पीड़ित कर्मचारियों द्वारा लोक शिक्षण कार्यालय, संकुल कार्यालय, तहसील कार्यालय आदि पर ज्ञापन निवेदन किया गया पर समाधान नहीं हो पाया।

मंदसौर जिले के आयोग मित्र के माध्यम से मामला मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग भोपाल अध्यक्ष मनोहर ममतानी एवं सदस्य राजीव कुमार टंडन के ध्यान में लाया गया और अध्यक्ष ने गंभीरता को देखते हुए मंदसौर जिला कलेक्टर दिलीप कुमार यादव से कार्रवाई प्रतिवेदन का तीन सप्ताह में जवाब मांगा है। शासन के आवंटन के अभाव में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के रुके वेतन की जांच कराकर जानकारी मांगी है।

## मां वाघेश्वरी ग्रामोदय मेले में खाटूश्याम बाबा की भव्य भजन संध्या आज



**बुरहानपुर।** चैत्र नवरात्र के अवसर पर मां वाघेश्वरी ग्रामोदय मेला समिति ग्राम धामनगांव बुरहानपुर तथा भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व विधायक अर्चना चिटनिस (दीदी) द्वारा 17 अप्रैल राम नवमी पर्व पर खाटूश्याम बाबा की भव्य भजन संध्या एवं अखंड ज्योत का आयोजन होगा। इसमें हरियाणा के हिसार के प्रसिद्ध भजन गायक अभिनव ऐरन व भजन गायिका जिया परमार अपनी मधुर वाणी से बाबा श्याम का गुणगान करेंगे और भजनों की प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम का आयोजन रात्रि 8 बजे से ग्राम धामनगांव स्थित मां वाघेश्वरी मंदिर परिसर में लगे ग्रामोदय मेले में होगा। मां वाघेश्वरी मंदिर समिति अध्यक्ष अशोक पाटिल ने बताया कि मां वाघेश्वरी मंदिर पर माता के दर्शन तथा ग्रामोदय मेला में प्रतिदिन बड़ी संख्या में भक्त आ रहे हैं। राम नवमी के लिए विशेष तैयारी की जा रही है।

# युवा फिल्म निर्माता शंशाक जैन की नई फिल्म 'श्री महावीर जी' का होगा प्रदर्शन

राजीव टाइम्स ■ बेड़िया

फिल्मी दुनिया में किरदार निभाते- निभाते मुख्य पात्र बनने के लिए पूरी उम्र निकल जाती है ,परंतु मजबूत जज्बात हो तो कम समय या कम उम्र में भी निर्माता निर्देशक बना जा सकता है। प्रतिभाएं किसी भी अवसर की मोहताज नहीं होती है। निमाड़ में जन्मे युवा शशांक जैन ने बड़ी टेक्नोलॉजी के दम पर अब युवा फिल्म मेकर के रूप में अपनी कहानी खुद प्रस्तुत कर रहे हैं। 3 वर्ष पूर्व भी युवा शशांक जैन द्वारा जैन धर्म पर आधारित फिल्म 'वीर गोमटेशा' संथारा और संलेखना पर बनाई थी। यह फिल्म भी अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कर चुकी है।



समाज के अजय शाह एवं पंकज जटाले ने बताया कि महावीर जयंती की पूर्व संध्या पर 'श्री महावीर जी' पर आधारित एक नई फिल्म का भी लोकार्पण होगा। आज के इस कठिन दौर में धार्मिक अल्पसंख्यक समुदाय को अपने मूलभूत सिद्धांतों को प्रत्येक युवा के समक्ष लाना और उनका व्यावहारिक व सैद्धांतिक पक्ष रखना अत्यंत आवश्यक है। अन्यथा विविधता में एकता भारत की विशेषता का नारा खोखला बन जाएगा। वर्षों बाद जैन धर्म पर आधारित फिल्म के निर्माण में 30 वर्षीय जैन युवा ने डायरेक्शन बखूबी निभाया है। इसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। 'श्री महावीर जी' फिल्म में छोटे-छोटे नगरों से बड़े शहरों में समाजजन का पलायन एवं छोटे-छोटे तीर्थ क्षेत्र की दयनीय हालत होना। साथ ही श्री महावीर भगवान की अतिशयकारी प्रतिमा का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत किया गया है। इस फिल्म के अधिकतर कलाकार इंदौर एवं मुंबई के हैं और फिल्म शूटिंग भी इंदौर के आसपास एवं जयपुर सिटी एवं राजस्थान स्थित श्री महावीर जी तीर्थ क्षेत्र में की गई है।

## रूपेश जोशी और अनूप पालीवाल बने ब्राह्मण समाज के सचिव

राजीव टाइम्स ■ सारंगपुर





ब्राह्मण समाज सारंगपुर की एक बैठक श्री बटकेश्वर महादेव मंदिर में प्रेमशंकर पांडे के मुख्य आतिथ्य एवं सत्यनारायण शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में भगवान परशुराम का जन्म उत्सव मनाए जाने के बारे में विचार किया गया है। वरिष्ठजन ने अपने विचार प्रकट किए। आगामी 10 मई को भगवान परशुराम का जन्मोत्सव उत्साह के साथ मनाने के लिए सभी समाजजनों के विचार आमंत्रित किए गए। परशुराम जन्मोत्सव के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया। धन संग्रह समिति के प्रमुख गोपाल वैध एवं संजय व्यास को प्रभार सौंपा गया। अध्यक्ष संजय शर्मा ने अपनी नवीन कार्यकारिणी का गठन किया। जिसमें परामर्शदाता राजेंद्र पालीवाल, अनिल दीक्षित, गोपाल वैध, संजय व्यास, प्रदीप शर्मा, सुशील व्यास, संयोजक प्रकाश तिवारी, उपाध्यक्ष अशोक दीक्षित, नितेश मिश्रा, दिलीप शर्मा, प्रदीप शर्मा, अरविंद शर्मा, प्रदीप जोशी, भूपेंद्र जोशी, पवन पारीक, अतुल जोशी, प्रमोद शर्मा, संतोष पांडे, सचिव रुपेश जोशी, अनूप पालीवाल, कोषाध्यक्ष सुशील शर्मा मोनू, रजत शर्मा, सह सचिव आनंद उपाध्याय, सुनील उपाध्याय, संगठन मंत्री संजय शर्मा, आनंद मोहन व्यास, अभिषेक मिश्रा, शैलेंद्र जोशी, सह संगठन मंत्री भावेश शर्मा, दीपराज वैद्य, उदित दुबे, मनीष दुबे शानू, संतोष शर्मा, मीडिया प्रभारी गिरीश जोशी, अमित दुबे को मनाया गया। संचालन अधिवक्ता कुशल शर्मा ने किया। आभार अध्यक्ष संजय शर्मा ने माना।



## जालपा माता मंदिर पर पूजन-अर्चना के बाद दिग्विजयसिंह ने किया नामांकन पत्र जमा

**सारंगपुर।** राजगढ़ लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी दिग्विजयसिंह ने पत्नी के साथ पहुंचकर मंगलवार को अपना नामांकन पत्र जमा किया। नामांकन पत्र जमा करने से पहले उन्होंने सिद्धपीठ जाला माता मंदिर पर पूजन-अर्चना की। इसके बाद प्रस्तावक व प्रमुख लोगों के साथ पहुंचकर बिना किसी लाव- लश्कर के अपना नामांकन प्रस्तुत किया। अष्टमी पर शुभ मुहुर्त में सिंह सबसे पहले जालपा माता मंदिर पहुंचे, जहां लंबे समय तक शक्ति की भक्ति में लीन रहे। इसके बाद कलेक्ट्रेट पहुंचकर साधारण तरीके से नामांकन पत्र जमा किया। उनके साथ पत्नी अमृता राय, पूर्व सांसद नारायणसिंह आमलाबे, पूर्व मंत्री प्रियव्रतसिंह, पूर्व मंत्री पीसी शर्मा, पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर, जिलाध्यक्ष प्रकाश पुरोहित आदि मौजूद थे। उन्होंने अलग-अलग चार नामांकन पत्र जमा किए।

सिंह ने नामांकन के बाद मीडिया से चर्चा की। भाजपा के चुनावी संकल्प पत्र में 2047 के विजन को लेकर पूछे गए प्रश्न पर सिंह ने कहा कि बात यह है कि 2013 में उन्होंने संकल्प पत्र में जो-जो वादे किए थे उनमें से अभी तक कितने वादे पूरे किए हैं। दिग्विजयसिंह को हिंदू विरोधी बोलने वाले नेताओं के बयान को लेकर सिंह ने कहा कि जो मुझे हिंदू विरोधी बोलते हैं उनकी क्लीप या बयान मुझे उपलब्ध करा दिया जाए, मैं उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराउंगा। मुझे लेकर जो बोला जाता है उसकी ऐसी क्लीप कोई बता दे जिसमें कि मैं सनातन धर्म के खिलाफ मैंने बोला हो। सब फर्जी बात है। वह सावरकरजी का मामला था, मैंने उनके कोटेशन को कोड किया और यहां राजगढ के विधायक ने उसको एडिट किया और मेरे ऊपर आरोप लगा दिया। आज एफआईआर दर्ज हो चुकी होती। सरकार उनकी है, क्यों नहीं उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

निर्देश

मतदान केंद्रों पर जरूरी सुविधाओं का निरीक्षण करें

# मतदाताओं को प्रलोभन देने की शिकायतों पर सख्त कार्रवाई करें

राजीव टाइम्स ■ सारंगपुर

सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं सारंगपुर एसडीएम संजय उपाध्याय ने निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारियों एवं सेक्टर अधिकारियों को निर्देश दिए कि लोकसभा निर्वाचन स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए निर्वाचन संबंधी सभी तैयारियां पूर्ण रखें। जिससे लोकसभा निर्वाचन सुव्यवस्थित रूप से पूर्ण हो सके।

एसडीएम संजय उपाध्याय ने निर्देशित किया कि मतदान दलों के लिए पर्याप्त वाहन व्यवस्था रखें। 10 प्रतिशत वाहन रिजर्व में रखे जाएं। साथ ही राजनीतिक दलों द्वारा आवेदन के अनुरूप प्रचार-प्रसार की





अनुमति प्रदान की जाती है उसकी निगरानी जमीनी स्तर पर करें। इसके अलावा प्रचार-प्रसार हेतु ऑडियो, वीडियो का प्रमाणीकरण किया जाए।

उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं हों। मतदान केन्द्रों पर पेयजल एवं विद्युत की व्यवस्था रहे। मतदान दल के साथ जरूरी दवाइयों के साथ एक मेडिकल किट जरूर रखवाएं। गर्मी को ध्यान में रखते हुए ओआरएस आदि जरूरी दवाइयां किट में होनी चाहिए। साथ ही कहा कि संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त करने के साथ ही मतदाताओं को डराने, धमकाने या प्रलोभन देने की शिकायतों अथवा सूचनाओं पर तत्काल और सख्त कार्रवाई करें। इसके अलावा कंट्रोल रूम, सी-विजिल एप पर प्राप्त शिकायतों का समयसीमा में निराकरण किया जाए।

**सारंगपुर में 62 संवेदनशील मतदान केंद्र, 147 की होगी वेबकास्टिंग** - सहायक निर्वाचन अधिकारी उपाध्याय ने बताया कि सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र में लोकसभा चुनाव के लिए 245 मतदान केंद्र निर्धारित किए गए हैं। इनमें से 62 मतदान केंद्र संवेदनशील केंद्रों की सूची में शामिल है। जबकि हमारे द्वारा 147 मतदान केंद्रों की वेबकास्टिंग कराई जाएगी। जबकि परिसर की भी वेबकास्टिंग होगी। इसी तरह से सीसीटीवी कैमरों और वीडियो कैमरों से वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य निष्पक्ष और शांतिपूर्वक लोकसभा चुनाव संपन्न कराना है। जिसको लेकर प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैदी से काम कर रहा है।

# सीजन का सबसे गर्म दिन रहा मंगलवार, तापमान 40 पार

राजीव टाइम्स ■ शाजापुर

इस सीजन का सबसे गर्म दिन मंगलवार रहा। इस दिन तापमान 40 डिग्री तक पहुंच गया। मौसम विभाग द्वारा इसी सप्ताह तापमान के 42 डिग्री तक पहुंचने की संभावना जताई है। आगामी दिनों में तापमान में इससे भी अधिक बढ़ेगा। हर वर्ष मार्च माह में तापमान बढ़ने लगता है, लेकिन पिछले दो सालों की बात करें तो पश्चिमी विक्षोभ के कारण मार्च-अप्रैल तपने के बजाए बरस रहे हैं। फरवरी माह के अंत में हुई बारिश और ओलावृष्टि का असर मार्च माह में भी देखने को मिला। इस दौरान गर्मी का असर पूरी तरह देखने को नहीं मिला। तो आधा अप्रैल भी आंधी, बारिश और बूंदाबांदी की भेंट चढ़ गया। इसके बाद सोमवार से आसमान से बादल छंटने के बाद तेज धूप निकली जिससे लोगों को गर्मी का एहसास होने



लगा। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को शहर का अधिकतम तापमान 40.2 व न्यूनतम तापमान 22.2 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विशेषज्ञ सत्येंद्र धनोतिया ने बताया कि अब बारिश की कोई संभावना नहीं है। अब तापमान में वृद्धि होगी जो इसी सप्ताह से 42 डिग्री तक पहुंच सकता है। वहीं मई माह में इसमें और अधिक वृद्धि होगी।

### सुबह से शाम तक तपे शहरवासी

आधा अप्रैल बीतने के बाद मौसम गर्म होने लगा है। जिसके चलते सुबह से ही लोगों को गर्मी का एहसास हो रहा है और धूप निकलते ही लोगों के पसीने छूटने लगे हैं। हालांकि रात में जरूर ठंडी हवाओं की वजह से गर्मी से राहत मिल रही है, लेकिन आगामी दिनों में रात में भी गर्म हवाएं लोगों को परेशान करेंगी।

## श्री राम मंदिरों में आरती कर रामनवमी मनाएगा राष्ट्रीय हिन्दू महासंघ



राजीव टाइम्स ■ देवास

राष्ट्रीय हिन्दू महासंघ द्वारा देवास जिले सहित प्रदेशभर में रामनवमी महापर्व पारम्परिक रूप से उत्साह से मनाया जाएगा। प्रदेशाध्यक्ष प्रेम बालोदिया ने बताया कि संगठन के आह्वान पर देवास जिले के साथ प्रदेशभर में स्थित श्रीराम मंदिरों में प्रातः 12 बजे प्रभु श्रीराम की महाआरती की जाएगी। उक्त आयोजन देवास में भी होगा। जिसमें शहर में स्थित विभिन्न मंदिरों में पहुंचकर संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता महाआरती का आयोजन कर प्रसादी का वितरण करेंगे। राष्ट्रीय हिन्दू महासंघ ने नगर के समस्त श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि अपने आसपास स्थित श्रीराम मंदिर में पहुंचकर महाआरती का लाभ लें।

## चार आरोपियों से भरवाए 25-25 हजार रुपए का बंधपत्र, 2 को किया जिलाबदर

**खंडवा।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अनूप कुमार सिंह ने आरोपी राजेन्द्र पिता भोलाराम चौकसे निवासी ग्राम गोदड़पुरा ओंकारेश्वर, राहुल पिता दिनेश मेवाड़े निवासी बालवाड़ी ओंकारेश्वर, सुरेन्द्र पिता बलीराम गुर्जर निवासी ग्राम बलखड़ एवं अमर पिता जीवन चौकसे निवासी वार्ड क्रमांक 8 ओंकारेश्वर की आपराधिक पृष्ठभूमि को ध्यान में रखते हुये 25-25 हजार रुपए का बंधपत्र भरवाकर प्रस्तुत करने के आदेश जारी किए हैं। आरोपियों को शर्तों का पालन करने संबंधी बंधपत्र भरना होगा। आदेश जारी होने की तिथि से आगामी 6 महीने तक आरोपियों को प्रत्येक माह के प्रथम एवं अंतिम सोमवार को संबंधित थाने में अपनी उपस्थिति दर्ज कराना होगी। इसके अलावा कलेक्टर सिंह ने एसपी से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर दो आरोपियों को जिलाबदर करने के आदेश जारी किए हैं। आरोपी करण पिता तिलक निवासी ग्राम बलवाड़ा एवं सन्नी उर्फ शनि पिता मंगू वर्मा निवासी वार्ड क्रमांक 15 ओंकारेश्वर को 6-6 माह के लिए जिलाबदर करने के आदेश जारी किए हैं।

### गुलाना में संचालित हो रहा सीएम राइज विद्यालय

# 10 हजार विद्यार्थियों को मिलेगा आधुनिक शिक्षा का लाभ

राजीव टाइम्स ■ शाजापुर

जिले में शिक्षा विभाग द्वारा 6 सीएम राइज स्कूल के भवन के लिए राशि देकर उनका निर्माण कार्य प्रारंभ करवा दिया है। जिसका जिले के 10 हजार विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। इनमें गुलाना की बिल्डिंग बनकर तैयार हो चुकी है जिसमें स्कूल भी प्रारंभ हो गया। वहीं 5 सीएम राइज स्कूलों का निर्माण चल रहा है जो अगले सत्र से प्रारंभ हो जाएंगे। इनमें जिला मुख्यालय पर भैरव डूंगरी के समीप सीएम राइज विद्यालय के भवन का निर्माण चल रहा है। जिसमें 3 हजार से अधिक विद्यार्थी बैठ सकेंगे। जिसका निर्माण 1 मई 2023 से प्रारंभ हुआ है जो नवंबर 2024 तक पूर्ण किया जाने की समय-सीमा तय की गई है। इसके लिए पुलिस हाउसिंग संभाग भोपाल निर्माण एजेंसी कार्य कर रही है। भवन का निर्माण पूरा होने पर इंटीरियर के काम में तीन से चार माह का समय और लगेगा। इस भवन के बन जाने के बाद जिले के विद्यार्थियों को आधुनिक भवन में शिक्षा ग्रहण करने का मौका मिलेगा।



### खेल मैदान सहित अन्य सुविधाएं भी रहेंगी

जिला शिक्षा अधिकारी विवेक दुबे ने बताया कि प्रस्तावित कार्य के अनुसार 5 एकड़ में चल रहे निर्माण में चार मंजिला भवन के अतिरिक्त किचन, कैफेटेरिया, मेस, मल्टीपर्पस हॉल, खेल मैदान, बाउंड्रीवाल, बास्केटबॉल मैदान, बैडमिंटन कोर्ट, फुटबॉल मैदान और 300 मीटर का रनिंग ट्रैक भी बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिले में 6 सीएम राइज स्कूलों के भवन के लिए राशि आई थी। गुलाना का भवन बनकर तैयार हो गया और उसमें स्कूल भी संचालित हो रहा है। 5 भवन नवंबर तक बनकर तैयार हो जाएंगे और उसके बाद इंटीरियर के काम में तीन से चार माह लगेंगे। 2025 के नए शिक्षा सत्र में पांचों भवन में स्कूल लगना प्रारंभ हो जाएंगे, जिसमें शाजापुर जिला मुख्यालय पर लालघाटी क्षेत्र में बन रहा भवन भी शामिल है।

**अगले सत्र में नए भवन में लगेंगे स्कूल** – निजी स्कूलों से मुकाबला करने एवं गरीब बच्चों को बेहतर वातावरण, अत्याधुनिक भवन में अच्छी शिक्षा देने के लिए तत्कालीन स्कूल शिक्षा राज्यमंत्री व वर्तमान कैबिनेट मंत्री इंदरसिंह परमार ने प्रदेश में सीएम राइज विद्यालय का निर्माण करने के लिए योजना लागू की। पूरे प्रदेश में सीएम राइज विद्यालयों का संचालन होने लगा। ऐसे में सीएम राइज विद्यालय में अध्ययन करने वाले बच्चों का सबसे पहला सीएम राइज भवन जिले के गुलाना में बनाया गया। गत वर्ष तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने इसका शुभारंभ किया था। इसके साथ ही जिले में शाजापुर जिला मुख्यालय सहित सुंदरसी, अकोदिया, पोचानेर और शुजालपुर में भी सीएम राइज विद्यालय भवन का निर्माण कार्य चल रहा है। सभी जगह पर निर्माण के लिए 18 से 22 माह तक की समय-सीमा तय की गई है। उम्मीद है कि उक्त विद्यालय भवन इस वर्ष के अंत तक बनकर तैयार हो जाएंगे। इसके बाद अगले सत्र में नए विद्यालय भवन में स्कूल संचालित होने लगेंगे। 2025 के सत्र में जिले भर में मिलाकर 10 हजार से ज्यादा विद्यार्थी अत्याधुनिक भवन में अध्यापन करेंगे।

## केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने इंक फैक्टरी को हराया



राजीव टाइम्स ■ देवास

बीएनपी मजदूर संघ द्वारा डॉ. आंबेडकर जयंती के अवसर पर आयोजित एक दिवसीय नॉक-आउट टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। बीएनपी मजदूर संघ के प्रधानमंत्री आशीष दत्त ने बताया कि इस वर्ष भी बीएनपी मजदूर संघ द्वारा डॉ. आंबेडकर जयंती के अवसर पर बीएनपी क्रिकेट मैदान पर एक दिवसीय नॉकआउट टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में 12 टीमों ने भाग लिया। मैच के शुभारंभ के पूर्व दत्तोपंत ठेंगड़ी, लक्ष्मीनारायण मारू के मुख्य अतिथि थे। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव खंडेलवाल उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के रूप में बैंक नोट प्रेस के महाप्रबंधक केएन महापात्रा, दत्तोपंत ठेंगड़ी, लक्ष्मीनारायण मारु, भाजपा जिला महामंत्री पंकज वर्मा, लोकेश विजयवर्गीय, सचिन सोनी, अजय सिंह बरगोदिया, विनोद दत्त, राजेन्द्र सिंह बैस श्रीराम कुमावत, अनील सिंह बैस, जीवनलाल जाट एवं विष्णु पटेल उपस्थित रहे। पुरस्कार वितरण समारोह की अध्यक्षता भारतीय बैंक नोट प्रेस मजदूर संघ अध्यक्ष रुपराम मिश्रा ने की। सर्वप्रथम अतिथियों का अंगवस्त्र एवं पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया।

भारतीय बैंक नोट प्रेस मजदूर संघ के कार्यवाहक अध्यक्ष शुभम चक्रवर्ती की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। फायनल मैच में इंक फैक्टरी एवं केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की टीम का मुकाबला हुआ जिसमें केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की टीम विजेता रही। फायनल मैच के पश्चात अतिथियों द्वारा सभी मैचों के मैन ऑफ दी मैच, मैन ऑफ द बेट्समैन, मैन ऑफ द बेट्स बालर, मैन ऑफ द सीरीज, कामेंटेरर, व्यवस्थापक मंडल के कार्यकर्ताओं को भी शील्ड प्रदान की गई।

इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रॉयल्स ग्रुप के अजय सिंह बरगोदिया की ओर से विजेता टीम को 11000 नकद पुरस्कार एवं उपविजेता टीम को 5100 नकद राशि पुरस्कार में प्रदान की गई। संचालन भारतीय बैंक नोट प्रेस मजदूर संघ के प्रधानमंत्री आशीष दत्त ने किया।

### कलेक्टर और सीएमओ के नाम ज्ञापन सौंप दी काम बंद की चेतावनी

## सफाईकर्मियों ने वेतन न मिलने पर जताई नाराजगी

राजीव टाइम्स ■ शाजापुर

नगर पालिका के सफाईकर्मियों को अभी तक वेतन नहीं मिला है। जिसके चलते उन्होंने मंगलवार को नगर पालिका में सीएमओ व कलेक्टर को ज्ञापन सौंप जल्द से जल्द वेतन भुगतान की मांग की है। साथ ही वेतन न मिलने पर काम बंद कर आंदोलन की चेतावनी दी है।



सफाई कर्मचारियों ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि उन्हें पहले 1से 5 तारीख के बीच वेतन मिल जाया करता था। लेकिन जब से नई परिषद आई तब से हर माह 15 से 20 तारीख तक सैलरी मिल रही है। इस महीने में भी अभी तक सैलरी नहीं मिली, जिसके कारण आर्थिक संकट का उन्हें सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियों ने बताया कि वेतन न मिलने से बच्चों की फीस नहीं भर पा रहे हैं और स्कूल वाले उन्हें उनके बच्चों का रिजल्ट भी नहीं दे रहे हैं। ऐसे में उनके बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। वहीं कई लोगों ने लोन ले रखा है जिसकी किश्तें भी वे वेतन न मिलने के कारण जमा नहीं कर पा रहे हैं। इसके पहले भी एक बार नगरपालिका अध्यक्ष से मिलकर हमारी समस्याओं से अवगत करवा चुके हैं। इसके बाद भी समय पर वेतन नहीं मिल रहा है और हर महीने हमें कहा जाता राज्य सरकार से चुंगीकर की राशि मिल जाए तब सैलरी देंगे। कर्मचारियों ने बताया कि नगरपालिका द्वारा हर महीने समय पर वेतन दें नहीं तो समस्त सफाई कर्मचारी हड़ताल करने को बाध्य होंगे जिसकी समस्त जवाबदारी नपा की रहेगी।

### वर्ष 2017 से पीड़ित हो रहा परेशान

## कुएं पर जबरन कब्जा कर जान से मारने की दी जा रही धमकी

राजीव टाइम्स ■ देवास

कुंए पर जबरन कब्जा कर जान से मारने की धमकी दिए जाने के कारण कुआं मालिक अपने कुएं का उपयोग नहीं कर पा रहा है। वर्ष 2017 से पीड़ित दर-दर भटक रहा है, लेकिन उसकी सुनवाई नहीं हो रही है। भौंरासा थाना अंतर्गत आवल्या पिपल्या निवासी बाबूलाल पिता सीताराम ने बताया कि वर्ष 2017 में उसने अपनी जमीन सूरज सिंह, नगजीराम पिता रामचंद्र से क्रय की थी। जमीन परस्थित कुआं क्रय नहीं किया था। कुआं शासकीय जमीन में स्थित है। कुएं पर दोनों भाई ने कब्जा कर रखा है और जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित ने बताया कि 2019 में मुझ पर हमला भी करवा चुके हैं। पीड़ित ने कहा कि आए दिन मुझे दोनों भाई धमकी देते हैं। इसका प्रकरण भी पुलिस थाना भौंरासा में चल रहा है। पीड़ित बाबूलाल ने बताया कि कई बार भौंरासा थाना के अलावा पुलिस अधीक्षक कार्यालय, कलेक्टर कार्यालय में शिकायत की, लेकिन कुएं से कब्जा नहीं हटाया जा रहा है। स्थानीय पुलिस भी किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं कर रही है। इन लोगों द्वारा कभी भी मेरे परिवार पर अप्रिय घटना घटित हो सकती है। आवेदक ने मांग की कि संबंधितों पर शीघ्र कड़ी कार्रवाई कर कुआं कब्जे से मुक्त कराया जाए।

## कमला सागर विद्यालय में होगा एटीएल कम्युनिटी दिवस का आयोजन

राजीव टाइम्स ■ नलखेड़ा

भारत सरकार के नीति आयोग अटल इनोवेशन मिशन के अंतर्गत 15 से 20 अप्रैल तक देशभर में अटल टिंकरिंग लेब संचालित करने वाले विद्यालयों के माध्यम से एटीएल कम्युनिटी दिवस मनाने जा रहा है। इस आयोजन के माध्यम से 10 लाख से भी अधिक छात्र- छात्राओं को अटल टिंकरिंग लेब में सिखाये जाने वाले रोबोटिक्स, ऑडरिनो, सेंसर्स, कोडिंग एवं इंजीनियर स्कील से परिचित करवाया जाएगा। स्थानीय कमला सागर विद्यालय में



इस आयोजन के अंतर्गत 18 एवं 19 अप्रैल को एटीएल कम्युनिटी दिवस का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के स्कूली छात्र- छात्राओं को अटल टिंकरिंग लेब में विभिन्न रोबोटिक्स, ऑडरिनो कोडिंग एवं इंजीनियर स्किल को सिखाया जाएगा। विद्यालय के संचालक दिलीप तांतेड़ एवं प्राचार्य चंद्रशेखर शर्मा ने सभी स्कूली छात्र- छात्राओं को इस आयोजन में भाग लेकर अपने तकनीकी ज्ञान में अभिवृद्धि करने का आग्रह किया गया है।

## खाद्य विभाग की टीम ने रेस्टोरेंट से किए घरेलू गैस सिलेण्डर जब्त



**खंडवा।** खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की टीम द्वारा मंगलवार को घरेलू गैस के दुरुपयोग को रोकने हेतु सघन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान नगर पालिका मूंदी के बस स्टैंड पर संचालित होटल न्यू भवानी जूस कॉर्नर एवं शर्मा रेस्टोरेंट की जांच में घरेलू गैस का दुरुपयोग होते हुए पाया गया। मौके पर दो नग घरेलू गैस सिलेंडर, दो नग रेगुलेटर, दो नग रबर पाइप एवं दो नग गैस चूल्हे जब्त कर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी अंशु जावला ने बताया कि हरसूद विकासखंड के चारखेड़ा स्थित जायसवाल ढाबे से तीन घरेलू गैस टंकी एवं तूफान ढाबे से एक घरेलू गैस टंकी, रबर पाइप, रेगुलेटर, चूल्हा जब्त किया गया।

## खेत पर रखी साढ़े तीन लाख की लहसुन अज्ञात बदमाश ले उड़े।

**नलखेड़ा।** तहसील के ग्राम हिरणखेड़ी में एक किसान द्वारा अपने खेत में जमा कर रखे 62 बोरी लहसुन को अज्ञात बदमाश चोरी कर ले गए। किसान द्वारा पुलिस थाने में दिए गए चोरी के आवेदन में चोरी गए माल की कीमत किसान द्वारा 3.30 लाख बताई गई है। ग्राम हिरणखेड़ी के किसान गिरजाशंकर पिता बाबूलाल पाटीदार ने पुलिस थाना नलखेड़ा पर दिए गए एक आवेदन में बताया कि गांव के पास वाले खेत पर लहसुन की 62 बोरी भरकर बेचने के लिए रखे गए थे तथा पास में ही मेरे पिताजी सो रहे थे। 15 अप्रैल की रात्रि 1 से 2 के बीच में अज्ञात बदमाशों द्वारा खेत पर रखी उक्त लहसुन की बोरियां चुरा कर ले गए।

## पंचकोशी यात्रा आगमन की तैयारी शुरू, प्रशासन ने ली बैठक



**कसरावद।** महिष्मति मां नर्मदा पंचकोशी यात्रा के नगर आगमन को लेकर मां नर्मदा पंचकोशी यात्रा स्वागत समिति ने तैयारियां शुरू कर दी है। वहीं यात्रा के आगमन को लेकर प्रशासन ने मंगलवार को स्वागत समिति के साथ बैठक की। महिष्मति मां नर्मदा पंचकोशी यात्रा महेश्वर से प्रारंभ होती है। विगत 40 वर्षों से निकल रही यात्रा का तीसरा रात्रि विश्राम नगर में होता है। इस वर्ष यात्रा 21 अप्रैल को नगर में प्रवेश करेगी। यात्रियों के रात्रि के भोजन की व्यवस्था स्वागत समिति द्वारा जन सहयोग से की जाती है। मंगलवार को यात्रा स्वागत समिति सदस्य नगर में जन सहयोग के लिए निकले एवं राशि एकत्रित की। सदस्यों ने बताया कि यात्रा के स्वागत लिए नगरवासी तत्पर रहते हैं और बढ़- चढ़कर सहयोग करते हैं। प्रशासन ने ली बैठक पंचकोशी यात्रा के नगर आगमन को लेकर मंगलवार को एसडीएम अग्रिम कुमार ने पंचकोशी यात्रा स्वागत समिति की बैठक प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ली। बैठक में यात्रा के नगर आगमन के साथ यात्रियों के रात्रि विश्राम, भोजन, पानी सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में यात्रा स्वागत समिति के सदस्यों के साथ ही प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

### मां बगलामुखी मंदिर — नवरात्र पर्व के दौरान भक्तों को आ रही परेशानियां

# बढ़ती भीड़ के चलते वाहन पार्किंग की बड़ी समस्या

राजीव टाइम्स ■ नलखेड़ा

मां बगलामुखी मंदिर पर वर्ष की सभी नवरात्र के दिनों, रविवार व अन्य अवकाश के दिनों में बाहर से आने वाले दर्शनार्थियों के वाहनों के लिए पार्किंग स्थल की एक बड़ी समस्या है। इसके लिए स्थानीय व जिला प्रशासन को तत्काल मंदिर से लगी निजी भूमियों का अधिग्रहण करने के प्रस्ताव शासन को भेजे जाने चाहिए। भूमि अधिग्रहण के बाद ही इस समस्या का स्थाई निदान संभव है। चैत्र नवरात्र के दौरान माता मंदिर आने वाले भक्तों को अपने वाहनों की पार्किंग के लिए कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पर वर्ष की दोनों प्रमुख नवरात्र एवं दोनों गुप्त नवरात्र के साथ ही प्रमुख त्योहार, रविवार एवं अन्य अवकाश के दिनों में दर्शनार्थियों की संख्या 25 हजार से एक लाख के पार तक रहती है।

चूंकि मां बगलामुखी मंदिर पहुंचने के लिए एक मात्र सड़क मार्ग ही उपलब्ध है। ऐसे में अधिकांश दर्शनार्थी निजी चौपहिया वाहनों से पहुंचते हैं।

मां बगलामुखी मंदिर के समीप एक छोटा पार्किंग स्थल है जहां आम दिनों में वाहन खड़े रहते है, लेकिन उक्त विशेष दिनों में या तो यह पार्किंग स्थल बहुत ही छोटा सिद्ध होता है या प्रशासन द्वारा यहां वाहन पार्किंग बंद कर दी जाती है। ऐसे में प्रशासन को हर बार ईदगाह के सामने निजी भूमि पर पार्किंग व्यवस्था करना पड़ती है।

नवरात्र के दौरान आने वाले रविवार अथवा किसी अवकाश के दिन यह पार्किंग भी छोटी पड़ जाती है जैसा कि इसी रविवार को हुआ। पार्किंग की समुचित व्यवस्था नहीं होने से जहां बाहर से आये दर्शनार्थियों को अपने वाहन खड़े करने में समस्या आती है वहीं स्थानीय पुलिस व प्रशासन को भी अन्य स्थान पर पार्किंग बनाने में समस्या का सामना करना पड़ता है। इस रविवार भी पुलिस थाना प्रभारी शशि उपाध्याय व पुलिस स्टॉफ पार्किंग स्थल के लिए परेशान होते दिखाई दिए और अन्यत्र तीन चार स्थानों पर वाहनों को पार्किंग की व्यवस्था की गई। जिसमें भक्तों को बड़ी समस्या का सामना करना पड़ा। मां बगलामुखी मंदिर पर आने वाले वाहनों के लिए पार्किंग स्थल की यह समस्या वर्षों से है।

चैत्र नवरात्र में भक्तों की संख्या शारदीय नवरात्र की तुलना में कम होती है। ऐसे में जब चैत्र नवरात्र में ही पार्किंग व्यवस्था कम पड़ गई तो आने वाली शारदीय नवरात्र में पार्किंग व्यवस्था के क्या हाल रहेंगे इसका अंदाजा अभी से लगाया जा सकता है।

# राहुल गांधी बोले- भारतीय संविधान बचाने की कोशिश कर रही कांग्रेस

**कोझिकोड (केरल) ▪ एजेंसी**

केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ अपना हमला जारी रखते हुए वायनाड सांसद राहुल गांधी ने मंगलवार को तिरुवेम्बडी में अपने विशाल रोड शो के दौरान कहा कि कांग्रेस भारतीय संविधान को बचाने की कोशिश कर रही है। राहुल गांधी ने रोड शो के दौरान कहा, 'इस चुनाव में केवल एक ही मुद्दा है और अन्य सभी मुद्दे इसी मुख्य मुद्दे से उपजे हैं और यह वह तरीका है जिससे आरएसएस/भाजपा संविधान को नष्ट करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं और इसे बदलना भी चाहते हैं।' राहुल गांधी ने कहा, 'कांग्रेस संविधान को बचाने की कोशिश कर रही है', जिसका तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया गया। सोमवार को अपने चुनाव अभियान के तहत अपने निर्वाचन क्षेत्र में राहुल गांधी के आगमन के बाद से उनके रोड शो भारी भीड़ आकर्षित कर रहे हैं और ऐसा ही तब हुआ जब उनका काफिला उनके निर्वाचन क्षेत्र के अंदरूनी हिस्सों में पहुंचा। उनका निर्वाचन क्षेत्र तीन जिलों में फैला हुआ है।



राहुल गांधी ने कहा, 'कभी-कभी पीएम मोदी कहते हैं कि वह भारत में ओलंपिक लाएंगे, कभी-कभी वह कहते हैं कि वह लोगों को चंद्रमा पर भेजेंगे। लेकिन उन्हें महंगाई और कृषि उपज पर कम रिटर्न जैसे लोगों के सामने आने वाले महत्वपूर्ण मुद्दों में कोई दिलचस्पी नहीं है। इसके बजाय वह केवल कुछ व्यापारिक लोगों के कल्याण में रुचि रखते हैं, जबकि कांग्रेस देश के लोगों में रुचि रखती है।"

"चुनावी बॉन्ड अब तक का सबसे बड़ा घोटाला है और यह सब व्यवसायियों से पैसे ऐंठने के लिए किया गया था। यह बिल्कुल वैसा ही है जैसे हर गांव में कुछ लोग होते हैं, जो डरा-धमका कर, पैसा वसूल कर आगे बढ़ जाते हैं। फिर मीडिया पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, किसी भी मीडिया हाउस ने चुनावी बॉन्ड पर रिपोर्ट नहीं की। वे जानते हैं कि अगर वे इस पर रिपोर्ट करेंगे, तो ईडी उनके घर आ जाएगी और इसलिए उससे बचने के लिए मीडिया चुप हो गया है।'

राहुल गांधी ने वायनाड के लोगों को आश्वासन दिया कि वह उनके सामने आने वाले प्रमुख मुद्दों से अच्छी तरह वाकिफ हैं, जिसमें मेडिकल कॉलेज की कमी, मानव-पशु संघर्ष और रात के यातायात पर प्रतिबंध शामिल है और उन्होंने कहा कि इन सभी मुद्दों का समाधान किया जाएगा। जब इंडिया गठबंधन दिल्ली में सत्ता संभालेगा और कांग्रेस के नेतृत्व वाला यूडीएफ केरल में सत्ता संभालेगा।

राहुल गांधी का मुकाबला सीपीआई की एनी राजा और बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष के सुरेंद्रन से है।

तीन राज्यों में यादव वोटों के लिए तेज हुई लड़ाई

# मोहन को यूपी-बिहार लाएगी बीजेपी अखिलेश को एमपी घुमाएगी कांग्रेस

**नई दिल्ली ▪ एजेंसी**

लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी से लेकर कांग्रेस तक वोटर्स के छोटे-छोटे ब्लॉक को साधने के लिए हर दांव चल रहे हैं। यूपी और बिहार से लेकर मध्य प्रदेश तक जातीय वोट गणित में यादव वोटों की लड़ाई दिलचस्प हो गई है। यूपी में अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी (सपा) और बिहार में लालू यादव की अगुवाई वाले राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के कोर वोटबैंक को अपने पाले में लाने के लिए बीजेपी मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव को ला रही है तो वहीं एमपी में कांग्रेस अखिलेश को घुमा रही है।

**बीजेपी की यादव पॉलिटिक्स :** यूपी और बिहार में बीजेपी की राजनीति का बेस अभी तक गैर यादव ओबीसी रहा है। अब पार्टी इंक्लूसिव यादव पॉलिटिक्स पर आ रही है। एमपी का सीएम बनने के बाद मोहन यादव ने पटना का दौरा भी किया था जहां उनका सम्मान भी किया गया था। अब पार्टी मोहन को यूपी और बिहार के यादव लैंड में चुनाव प्रचार के लिए उतारने की तैयारी में है। मोहन का नाम यूपी के स्टार प्रचारकों की लिस्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह और सीएम योगी आदित्यनाथ के ठीक बाद है। बिहार के लिए जारी 40 स्टार प्रचारकों की लिस्ट में भी बीजेपी ने मोहन यादव का नाम रखा है।

### एमपी में कांग्रेस ने बदली रणनीति



बीजेपी की कोशिश मोहन के चेहरे पर यूपी-बिहार के यादव वोट साधने की है तो वहीं मध्य प्रदेश में कांग्रेस ने भी अब रणनीति बदल ली है। कांग्रेस अब मध्य प्रदेश के यादवों को अपने पाले में करने, मोहन फैक्टर की काट के लिए सपा प्रमुख अखिलेश यादव को घुमा रही है। सपा प्रमुख अखिलेश मध्य प्रदेश में कांग्रेस के लिए चुनाव प्रचार करते नजर आएंगे। इसे लेकर कांग्रेस और सपा के राज्य स्तरीय नेताओं की बैठक भी हुई है जिसमें अखिलेश की रैलियों के कार्यक्रम पर व्यापक मंथन किया गया।

एमपी सपा के अध्यक्ष मनोज यादव के मुताबिक सूबे में कांग्रेस उम्मीदवारों के समर्थन में अखिलेश छह रैलियों को संबोधित करेंगे।

एमपी कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के मीडिया एडवाइजर केके मिश्रा ने कहा है कि अखिलेश यादव की रैलियों का कार्यक्रम तैयार कर लिया गया है। दोनों ही दलों की राज्य इकाइयों की ओर से इसे जल्द ही अपने-अपने केंद्रीय नेतृत्व को भेज दिया जाएगा। सपा प्रमुख अखिलेश यादव को कांग्रेस गुना समेत ऐसी सीटों पर प्रचार के लिए उतार सकती है जहां यादव वोटर्स निर्णायक भूमिका निभाते हैं।

### गुना में रैली करेंगे अखिलेश

अखिलेश यादव की रैली गुना में भी होगी। गुना सीट से बीजेपी के टिकट पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया मैदान में हैं। कांग्रेस ने राव यादवेंद्र सिंह यादव पर दांव लगाया है। इस लोकसभा क्षेत्र में करीब डेढ़ लाख यादव वोटर्स हैं। सिंधिया इस सीट से 2014 की मोदी लहर में भी कांग्रेस के टिकट पर सांसद चुने गए थे लेकिन 2019 में हार गए थे। इस बार यादव उम्मीदवार और अखिलेश से प्रचार का कांग्रेस का दांव सिंधिया की राह मुश्किल कर पाता है या फेल साबित होता है, यह नतीजे बताएंगे। यूपी के एटा, इटावा, फर्रुखाबाद, मैनपुरी, फिरोजाबाद, कन्नौज, बदायूं, आजमगढ़, फैजाबाद,संत कबीर नगर, बलिया, कुशीनगर और जौनपुर जैसे जिलों में यादव आबादी की बहुलता है। सूबे के 44 जिलों में 9 से 10 फीसदी यादव वोटर हैं तो वहीं करीब दर्जनभर जिलों में यादव मतदाताओं की संख्या 15 फीसदी के आसपास या उससे अधिक है। यूपी में यादव सपा के कोर वोटर रहे हैं। यादव वोटर्स मैनपुरी, फर्रुखाबाद, फिरोजाबाद, बलिया, आजमगढ़ समेत करीब दर्जनभर लोकसभा सीटों के चुनाव नतीजे तय करने में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। सीएसडीएस की रिपोर्ट के मुताबिक 2019 के लोकसभा चुनाव में 60 फीसदी यादव वोटर्स ने सपा-बसपा गठबंधन के पक्ष में मतदान किया था। बीजेपी को 23 और कांग्रेस को पांच फीसदी यादव वोट मिले थे। बिहार सरकार की ओर से जारी जातिगत जनगणना के आंकड़ों के मुताबिक सूबे की आबादी में यादवों की भागीदारी लगभग 15 फीसदी है। पूर्णिया, अररिया, मधेपुरा समेत सूबे की दर्जनभर से अधिक सीटें यादव बाहुल्य हैं। बिहार में यादव लालू यादव की पार्टी आरजेडी के कोर वोटर माने जाते हैं। वहीं, मध्य प्रदेश में यादव समुदाय की आबादी अनुमानों के मुताबिक लगभग 12 से 14 फीसदी के बीच है। मध्य प्रदेश के बुंदेलखंड रीजन में यादव अच्छी तादाद में हैं।

प्रधानमंत्री पर भड़के एनसीपी नेता शरद पवार

# पुतिन की राह पर चल रहे मोदी ताकत कम करने की जरूरत

**नई दिल्ली ▪ एजेंसी**

लोकसभा चुनाव के बीच सत्ता पक्ष और विपक्ष पर जुबानी जंग तेज होती जा रही है। इस दौरान एनसीपी (पवार गुट) के मुखिया शरद पवार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर देश में धीरे-धीरे लोकतंत्र को नष्ट करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उनमें और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच कोई फर्क नहीं है। पवार ने सोलापुर जिले में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी नहीं चाहते कि विपक्ष से कोई भी निर्वाचित हो। प्रधानमंत्री का इस तरह का रुख दिखाता है कि वे रूस के राष्ट्रपति पुतिन की राह पर चल रहे हैं। उनकी ताकत कम करने की जरूरत है।

**इसलिए पवार ने पीएम मोदी पर साधा निशाना :** शरद पवार ने कहा कि आदर्श आचार संहिता लागू होने पर मौजूदा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी दिखाती है कि पीएम मोदी धीरे-धीरे संसदीय लोकतंत्र नष्ट कर रहे हैं। देश तानाशाही की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने ये भी कहा कि किसी भी लोकतंत्र में सत्ताधारी पार्टी की तरह विपक्ष भी बराबर का महत्वपूर्ण है। हालांकि, प्रधानमंत्री मोदी नहीं चाहते कि विपक्ष से कोई चुनाव जीत सके। पवार ने पीएम मोदी और पुतिन में समानता बताते हुए कहा कि दोनों ही नेता देश में लोकतंत्र को धीरे-धीरे नष्ट करने में लगे हैं और विपक्ष का वजूद मिटाने की कोशिश कर रहे।

**चुनावी घमासान में तेज हुआ जुबानी जंग :** शरद पवार का ये हमला इसलिए भी अहम है क्योंकि प्रधानमंत्री इस आम चुनाव में हैट्रिक मारने के लिए काफी जद्दोजहद कर रहे। लगातार अलग-अलग राज्यों में रैलियां और रोड-शो में उतर रहे हैं। वो लगातार विपक्षी पार्टियों के गठबंधन को निशाना बना रहे हैं। शरद पवार इंडी अलायंस का हिस्सा हैं।

### पीएम मोदी संसदीय लोकतंत्र नष्ट कर रहे : पवार



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी से शरद पवार बेहद आहत हैं। चुनाव के बीच में हुई इस कार्रवाई को उन्होंने गलत करार दिया। शरद पवार की नाराजगी इसलिए भी है कि क्योंकि महाराष्ट्र में उनकी पार्टी दो खेमे में बंट चुकी है। उन्ही के भतीजे अजित पवार के साथ पार्टी के कई दिग्गज नेता और विधायक सूबे की शिंदे सरकार के साथ चले गए हैं।

**शरद पवार की पार्टी एनसीपी हुई दो फाड़ :** शरद पवार लगातार अपनी पार्टी को बचाए रखने के लिए जद्दोजहद कर रहे। दूसरी ओर लोकसभा चुनाव में उनकी कोशिश पार्टी के प्रदर्शन को और बेहतर करने की है। फिलहाल पवार का खेमा कांग्रेस और उद्धव ठाकरे गुट की शिवसेना के साथ गठबंधन में महाराष्ट्र चुनाव में उतर रही है।

## कांग्रेस ने घोषित किए तीन प्रत्याशी

**रांची ▪ एजेंसी**

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए कांग्रेस ने झारखंड की तीन लोकसभा सीटों के लिए प्रत्याशियों की घोषणा कर दी। गोड्डा से दीपिका पांडेय सिंह, चतरा से केएन त्रिपाठी और धनबाद से अनुपमा सिंह को टिकट दिया गया है। रांची लोकसभा सीट से प्रत्याशी की घोषणा अभी बाकी है। इससे पहले कांग्रेस ने तीन लोकसभा सीटों खूंटी, लोहरदगा व हजारीबाग से उम्मीदवारों की घोषणा की थी। इंडिया गठबंधन के तहत कांग्रेस के खाते में कुल सात सीटें आयी हैं। इनमें से अब तक छह लोकसभा सीटों पर उम्मीदवार घोषित हो चुके हैं। इससे पहले कांग्रेस की ओर से खूंटी, लोहरदगा व हजारीबाग सीट से प्रत्याशी घोषित किए जा चुके हैं। खूंटी लोकसभा सीट से कालीचरण मुंडा, लोहरदगा से सुखदेव भगत व हजारीबाग संसदीय सीट से जेपी पटेल (जयप्रकाश भाई पटेल) को कांग्रेस ने उम्मीदवार बनाया है। पिछले दिनों दिल्ली में केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक के बाद इनके नामों की घोषणा की गयी थी।

## भाजपा फर्जी वीडियो कर रही प्रसारित : ममता

**कोलकाता ▪ एजेंसी**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को उत्तर बंगाल के जलपाईगुड़ी में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर राज्य में फर्जी वीडियो प्रसारित करने का आरोप लगाया। सीएम ममता ने कहा, 'वे ऐसे फर्जी वीडियो बनाने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रहे हैं। इन्हें बनाने के बाद वे सोशल मीडिया पर वायरल कर रहे हैं। जो कुछ भी आप देखते हैं, उस पर भरोसा न करें, क्योंकि वे हमेशा झूठ का सहारा लेते हैं।'

सीएम ममता ने केंद्रीय एजेंसियों के एक वर्ग पर आम लोगों को भाजपा का समर्थन करने के लिए प्रभावित करने की कोशिश का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा, 'वे भाजपा के छोटे भाई के रूप में काम कर रहे हैं और आम लोगों को भाजपा का समर्थन करने के लिए प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं। चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल में केंद्रीय एजेंसियों का ज्यादा से ज्यादा उपयोग भाजपा के चुनाव



हारने की आशंका से प्रेरित है। वे जीतेंगे नहीं और उन्हें इस बात का अच्छी तरह एहसास है। हार का डर उन्हें इतने सारे झूठ फैलाने के लिए प्रेरित कर रहा है।'

सीएम ममता ने बुधवार को रामनवमी उत्सव पर तनाव की संभावना पर चेतावनी जारी की। उन्होंने लोगों से कहा कि किसी भी तरह के उकसावे में न फंसें। जिन लोगों ने 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को वोट दिया था, उन्हें अब अपनी गलती का एहसास हो रहा है। मुर्शिदाबाद के डीआईजी का ट्रांसफर करने पर नाराजी जताते हुए ममता ने कहा कि अगर रामनवमी पर मुर्शिदाबाद में दंगा हुआ तो चुनाव आयोग की जिम्मेदारी होगी।

## गुजरात में प्रचार करने के दौरान रोने लगे भगवंत मान

**अहमदाबाद ▪ एजेंसी**

मंगलवार को गुजरात में आम आदमी पार्टी ( AAP) के उम्मीदवार के प्रचार के दौरान भगवंत मान की आंखों से आंसू छलक आए। दरअसल, मान भाषण के दौरान अरविंद केजरीवाल से मुलाकात का जिक्र कर रहे थे। भगवंत मान ने 'जेल के ताले टूटेंगे, केजरीवाल छूटेंगे' नारे भी लगाए।

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान गुजरात की भावनगर सीट पर आप उम्मीदवार उमेश मकवाना का प्रचार करने पहुंचे थे। भगवंत मान ने भाषण देते हुए कहा 'अरविंद केजरीवाल का सच्चा सिपाही हूं। आज उमेश मकवाना नामांकन दाखिल करेंगे। आज से गुजरात में क्रांति की शुरुआत होगी। हुकूमत वो करते हैं जिनका दिलों में राज होता है, होने को मुर्गे के सिर पर भी ताज होता है। आज संविधान और लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई है। केजरीवाल को अंदर कर दोगे लेकिन उसकी सोच को कैसे रोकोगे।'

## भाजपा उम्मीदवारों की एक और लिस्ट जारी

**नई दिल्ली ▪ एजेंसी**

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए भाजपा ने अपने उम्मीदवारों की 12वीं सूची जारी कर दी है। इस लिस्ट में पश्चिम बंगाल की डायमंड हार्बर लोकसभा सीट से अभिजीत दास को उम्मीदवार बनाया गया है। वह ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी को चुनौती देंगे। इसके अलावा यूपी की भी दो सीटों से उम्मीदवार घोषित किए गए हैं। फिरोजाबाद से ठाकुर विश्वजीत सिंह मैदान में होंगे। इसके अलावा देवरिया सीट से शशांक मणि त्रिपाठी को चुनाव लड़ने का मौका दिया गया है।

भाजपा की इस नई लिस्ट में महाराष्ट्र की सतारा सीट भी शामिल है। यहां से भाजपा ने छत्रपति उदयनराजे भोसले को उतारा है। वह महाराज छत्रपति शिवाजी के वंशज हैं। इस सूची में पंजाब की भी तीन लोकसभा सीटों का नाम है। खडूर साहिब सीट से भाजपा ने मंजीत सिंह मन्ना मियाविंड को उतारा है। इसके अलावा होशियारपुर की सुरक्षित सीट से अनिता सोमप्रकाश को मैदान में उतारा है। पंजाब की बठिंडा लोकसभा सीट से भाजपा ने परमाल कौर सिद्धू को टिकट दिया है। वह हाल ही में आईएएस की नौकरी छोड़कर भाजपा में शामिल हुई हैं।

**ठाकुरों को खुश करने की कोशिश :** फिरोजबाद से ठाकुर विश्वजीत सिंह को मौका दिए जाने को ठाकुरों की नाराजगी दूर करने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। गाजियाबाद से वीके सिंह का टिकट काटे जाने और पश्चिम यूपी से सर्वेश सिंह के अलावा किसी अन्य ठाकुर को मौका न दिए जाने से समुदाय में नाराजगी थी। ठाकुरों की शिकायत है कि उनके समुदाय को टिकटों में भाजपा ने कम प्रतिनिधित्व दिया है।

## चंडीगढ़ कांग्रेस : हिमाचल सेल के 30 नेताओं ने छोड़े पद

**चंडीगढ ▪ एजेंसी**

चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस के ज्यादातर पदाधिकारियों ने अपने पद से कल इस्तीफा दिया था। आज फिर चंडीगढ़ कांग्रेस के हिमाचल सेल के चेयरमैन समेत 30 के करीब लोगों ने इस्तीफा दिया है। अब तक करीब 90 के करीब कांग्रेस के अधिकारी इस्तीफा अपने पदों से दे चुके हैं। सभी पदाधिकारियों ने कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को अपना इस्तीफा भेज दिया है।

इन नेताओं ने दो टूक कहा कि लक्की ने जिस तरह से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पवन कुमार बंसल के बारे में अपशब्द कहे, चंडीगढ़ के हर कांग्रेसी कार्यकर्ता को ठेस पहुंची है। लक्की ने बंसल के बारे में अपने इंस्टाग्राम की स्टोरी में पोस्टर जारी किया जिसमें लिखा है कि पवन बंसल के साथ खेल हो गया। इसके अलावा लक्की के व्हाट्सएप ग्रुप्स में बंसल को जिद्दी तानाशाह कह कर उनके बारे में अपशब्द कहे हैं।

मीर गुलरिया ने कहा कि चंडीगढ़ में हिमाचल के करीबन 1 लाख वोट है। लेकिन, मनीष तिवारी का हम चंडीगढ़ में स्वागत करते हैं। लेकिन, इस लक्की जो कांग्रेस के प्रधान है उनसे इस्तीफे की मांग करते हैं। वह इस्तीफा दें क्योंकि उन्होंने मनीष तिवारी को पर्दे में रखकर जमीनी कार्यकर्ताओं को दरकिनार किया है। उन्होंने कांग्रेस के पदों से अपना इस्तीफा देते हुए कहा कि पिछले 6 महीने से कांग्रेस के कार्यालय में पार्टी के हित की बजाय प्रॉपर्टी डीलिंग की दुकान खुल गई है। यही नहीं कई घटनाक्रम के दौरान आलाकमान के नेताओं का चरित्र हनन भी किया जाता रहा है।

**बुरे फंसे** लोकसभा चुनाव के बीच बीजेपी सांसद रवि किशन की मुश्किल

# महिला ने अभिनेता को बताया पति, बेटी होने का किया दावा

**लखनऊ ▪ एजेंसी**

गोरखपुर के बीजेपी सांसद रवि किशन बड़ी कंट्रोवर्सी में फंसते नजर आ रहे हैं। एक महिला ने खुद को रवि किशन की पत्नी होने का दावा किया है। लखनऊ में मीडिया के सामने अचानक पहुंची महिला ने अपनी बच्ची को रवि किशन की बेटी बताते हुए उसे सामाजिक रूप से स्वीकार करने की मांग की है। महिला ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलने और उनसे न्याय की मांग की है। महिला ने कहा कि अगर न्याय नहीं मिला तो वह कोर्ट जाएंगी।

अपर्णा ठाकुर नामक महिला ने सोमवार को लखनऊ में प्रेस कांफ्रेंस की। ठाकुर ने कहा कि वह रवि किशन की पत्नी हैं। मुंबई में पत्रकारिता के दौरान उसकी मुलाकात 1995 में रवि किशन से हुई थी। साल 1996 में परिवार और दोस्तों के सामने मुंबई में ही रवि किशन से उसकी शादी हुई थी। उनकी एक बेटी भी है। महिला की मांग है कि रवि किशन उनकी बेटी को सामाजिक रूप से स्वीकार करें। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान, अपर्णा ठाकुर अपनी कथित बेटी को भी साथ लाई थीं। अपर्णा ने कहा कि रवि किशन उनके साथ संपर्क में हैं लेकिन सार्वजनिक और सामाजिक रूप से वह अब उन्हें या उनकी बेटी को स्वीकार नहीं करते हैं।

**दस हजार रुपये नहीं दिए :** रवि किशन की कथित बेटी शेनेवा



ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि मुझे कभी पिता का प्यार नहीं मिला। वह घर आते थे। उनसे मुलाकात होती थी लेकिन वह चले जाते थे। घर पर वह ज्यादा समय के लिए नहीं रुकते थे। उनसे मेरी कई बार बात हुई लेकिन उन्होंने कभी मेरी मदद नहीं की है। पिछली बार मुझे 10 हजार रुपये की जरूरत थी, मैंने उनसे पैसों की मांग की लेकिन उन्होंने मुझे पैसे नहीं दिए। युवती ने कहा कि मैं फिल्मों में काम करना चाहती थी, उनसे एक डायरेक्टर से बात करने के लिए कहा लेकिन उन्होंने बात नहीं की। उसने बताया कि वह एक फिल्म बॉलीवुड अभिनेत्री लारा दत्ता के साथ की है जिसमें उसने बेटी का किरदार निभाया है। शेनेवा ने दावा किया कि यह फिल्म वह ऑडिशन देकर पाई थीं न कि रवि किशन की सिफारिश के भरोसे। उन्होंने कहा कि मुझे मेरे पिता रवि किशन से कोई मदद नहीं मिली।

### मैनिपुलेशन का आरोप

शेनोवा ने कहा, "मैंने तो उनसे कभी बॉलीवुड हेल्प मांगी ही नहीं था बल्कि उन्होंने ही मुझे ऑफर किया। उन्होंने बहुत कुछ कहा है मुझे जैसे तुम्हारा तो यही फ्यूचर है और तुम तो स्टार बनोगी। मैं तो हर्ट ही हूं ना कि आप 4 साल तक गायब ही हो गए हो। आपको फर्क ही नहीं पड़ता कि मैं जिंदा हूं या मैं क्या कर रही हूं और मम्मी क्या कर रही है। तो आप इतने साल तक मुझे क्यों प्रोमिस कर रहे थे मतलब मैनिपुलेट कर रहे थे।" अभी तक इस मामले में एक्टर और सांसद रवि किशन ने कोई बयान नहीं दिया है।

# संयुक्त राष्ट्र में रुचिरा कांबोज की दो टूक- विस्तार बिना यूएनएससी अधूरा

**न्यूयॉर्क ▪ एजेंसी**

भारत ने सुरक्षा परिषद में सुधार की मांग को एक बार फिर जोरदार तरीके से उठाया है। भारत ने मंगलवार को सुरक्षा परिषद सुधार पर निर्णायक कार्रवाई का आह्वान करते हुए एक समावेशी ढांचे का समर्थन किया जो वास्तव में आज के गतिशील वैश्विक परिदृश्य का प्रतिनिधित्व करे। न्यूयॉर्क में सुरक्षा परिषद सुधार पर अंतर-सरकारी वार्ता के छठे दौर के दौरान संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कांबोज ने ये मांग उठाई।

कांबोज ने कहा कि भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की सदस्यता के विस्तार के पक्ष में है। स्थायी और गैर-स्थायी, दोनों श्रेणियों के विस्तार की जरूरत है। कांबोज ने कहा, 'हमारा मानना है कि सुरक्षा परिषद में वास्तविक सुधार लाने के लिए इसका विस्तार जरूरी है। यही सभी को प्रतिनिधित्व देने, ज्यादा उत्तरदायी और प्रभावी बनाने का एकमात्र तरीका है।' कांबोज ने जोर देकर कहा कि भारत को आज एक ऐसी परिषद की जरूरत है जो संयुक्त राष्ट्र की भौगोलिक और विकासात्मक विविधता को पूरा करे। इसके लिए इसके विस्तार की मांग हम करते हैं।



## 'दोनों श्रेणियों में परिषद का विस्तार जरूरी

रुचिरा कांबोज ने कहा, 'हमें एक संशोधित सुरक्षा परिषद की आवश्यकता है जो आज संयुक्त राष्ट्र की भौगोलिक और विकासात्मक विविधता को बेहतर ढंग से प्रतिबिंबित करे। एक सुरक्षा परिषद जहां अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और एशिया और प्रशांत के विशाल बहुमत सहित विकासशील देशों और गैर-प्रतिनिधित्व वाले क्षेत्रों की आवाजों को भी उचित स्थान मिलता है। इसके लिए सदस्यता की दोनों श्रेणियों में परिषद का विस्तार नितांत आवश्यक है।' कांबोज ने कहा कि भारत की स्थिति को अधिकांश सदस्य देशों द्वारा व्यापक रुप से समर्थन दिया गया है और यह तथ्य सदस्यता की श्रेणियों के मुद्दे पर 2015 के फ्रेमवर्क दस्तावेज में रेकॉर्ड पर है। कांबोज ने कहा कि 122 में से कुल 113 सदस्य देशों ने चार्टर में निर्दिष्ट दोनों मौजूदा श्रेणियों में विस्तार का समर्थन किया। इसका मतलब है कि दस्तावेज में 90 प्रतिशत से अधिक लिखित प्रस्तुतियां इसके पक्ष में थीं। केवल कुछ मुट्ठी भर सदस्य देश ही इसका विस्तार नहीं चाहते हैं। परिषद में यह एक आम धारणा बन गई है कि स्थायी श्रेणी में विस्तार अलोकतांत्रिक होगा। हम यह नहीं समझ पा रहे हैं कि जिसे अधिकांश देश समर्थन कर रहे हैं, वह अलोकतांत्रिक कैसे होगी।

### रामनवमी पर नरेंद्र मोदी और ममता आमने-सामने

# शोभायात्रा की अनुमति पर सियासी उबाल

**कोलकाता ▪ एजेंसी**

चुनावी मौसम में रामनवमी से ठीक पहले पश्चिम बंगाल में सियासत और धर्म का घालमेल चरम पर पहुंच चुका है। इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य की ममता बनर्जी सरकार और उनकी पार्टी पर तीखा हमला बोला है। रामनवमी के मौके पर हावड़ा में विश्व हिन्दू परिषद की शोभायात्रा को कलकत्ता हाई कोर्ट से हरी झंडी मिलने के बाद पीएम मोदी ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस पार्टी ने बंगाल में रामनवमी समारोह को रोकने की पूरी कोशिश की लेकिन सत्य की जीत हुई।

राज्य के बालुर घाट में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह पहली रामनवमी है, जब अयोध्या में भव्य राम मंदिर में रामलला विराजमान हो चुके हैं। पीएम ने कहा, "मुझे पता है कि टीएमसी ने हमेशा की तरह इस बार भी यहां रामनवमी को रेकने की कोशिश की लेकिन सत्य की जीत हुई है, इसलिए कोर्ट से अनुमति मिल गई है और कल पूरे श्रद्धा और भक्ति से रामनवमी की शोभायात्रा निकलेगी। पीएम ने इस अवसर पर राज्यवासियों को बधाई दी। प्रधानमंत्री इतने पर ही नहीं रुके। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस घुसपैठियों का समर्थन करती है, लेकिन शरणार्थियों को नागरिकता प्रदान करने वाले कानून 'सीएए' का विरोध करती है। उन्होंने कहा, "तृणमूल कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल को घुसपैठियों, गुंडों को पट्टे पर दे दिया है।" उन्होंने कहा कि पूरा देश संदेशखाली में महिलाओं के खिलाफ अपराधों से स्तब्ध है। पीएम ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस के विरोध के बावजूद भाजपा पश्चिम बंगाल के विकास के लिए सब कुछ करेगी।

दूसरी ओर, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भाजपा पर राज्य में अधिकारियों के तबादलों में हस्तक्षेप करने का आरोप लगाया और कहा कि अगर कोई दंगा हुआ तो इसके लिए भाजपा जिम्मेदार होगी। पश्चिम बंगाल में केंद्रीय दलों द्वारा की जा रही भ्रष्टाचार संबंधी जांच पर श्वेतपत्र जारी करने की मांग करते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पहले खुद आईना देखना चाहिए। जलपाईगुड़ी जिले के मोइनागुड़ी में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने कहा कि राज्य में तृणमूल कांग्रेस ही भारतीय जनता पार्टी से लड़ रही है, जबकि मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और कांग्रेस उसके साथ मिलकर काम कर रही हैं।

उन्होंने कहा, ''भाजपा ने बंगाल में भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिए करीब 300 केंद्रीय दलों को भेजा था लेकिन उन्हें कुछ नहीं मिला। अब प्रधानमंत्री मोदी को बंगाल की जनता को जवाब देना होगा कि मनरेगा की धनराशि का क्या हुआ? गरीब लोगों ने योजना के तहत काम किया लेकिन उन्हें भुगतान नहीं किया गया। बनर्जी ने कहा, ''प्रधानमंत्री कहते हैं कि तृणमूल कांग्रेस भ्रष्ट पार्टी है। पहले उन्हें आईना देखना चाहिए। उनकी पार्टी में डकैत भरे पड़े हैं।'' नोटबंदी का मुद्दा उठाते हुए मुख्यमंत्री ने पूछा कि इससे किसे फायदा हुआ था।



## पहली बार रामनवमी पर छुट्टी

बंगाल में मार्च के पहले हफ्ते में ही मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रदेश में राम नवमी (17 अप्रैल) पर छुट्टी की घोषणा कर दी थी। इसलिए बुधवार 17 अप्रैल को पहली बार प्रदेश में रामनवमी को सभी सरकारी कार्यालय और स्कूल कॉलेज बंद रहेंगे। बंगाल में दुर्गा पूजा, काली पूजा और सरस्वती पूजा बड़े त्योहार के रुप में मनाए जाते हैं। कई अन्य त्योहारों पर सार्वजनिक अवकाश होता था, लेकिन राम नवमी पर बंगाल में अवकाश नहीं होता था। जय श्रीराम के नारे पर भड़क जाने वाली ममता इस बार लोकसभा चुनावों के दौरान बदली-बदली दिख रही हैं। उन्हें हिंदुओं के नाराज होने की चिंता है। हालांकि बीजेपी नेता आरोप लगा रहे हैं कि ईद पर दो दिन की छुट्टी दी गई तो रामनवमी की छुट्टी में कटौती क्यों?



# पटना में क्रेन और ऑटो की टक्कर, सात की मौत

**पटना ▪ एजेंसी**

बिहार की राजधानी पटना के कंकड़बाग न्यू बाईपास इलाके में मंगलवार को मेट्रो के कार्य में लगे एक क्रेन और ऑटो की टक्कर में सात लोगों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, बताया जाता है कि ऑटो में सवार होकर सभी रेलवे स्टेशन से बस पकड़ने के लिए रवाना हुए थे। इसी दौरान रास्ते में राम लखन पथ पर मेट्रो निर्माण के लिए क्रेन से काम किया जा रहा था। ऑटो क्रेन के नजदीक पहुंचा और दोनों की जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में ऑटो के परखच्चे उड़ गए। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि इस हादसे में 4 लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि तीन लोगों ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। एक अन्य व्यक्ति के घायल होने की भी खबर है। पुलिस ने सभी शवों को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक सभी अलग-अलग जिले के बताए जा रहे हैं। मृतकों में महिला और बच्चे भी शामिल हैं।

### सुप्रीम कोर्ट में अगली सुनवाई 23 को होगी

# एक हफ्ते में सार्वजनिक माफी मांगें बाबा रामदेव

**नई दिल्ली ▪ एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय ने विभिन्न बीमारियों के इलाज से संबंधित पतंजलि आयुर्वेद के 'भ्रामक' विज्ञापनों और एलोपैथिक चिकित्सा के 'खिलाफ' बयान देने से जुड़े अदालती अवमानना के मामले में बाबा रामदेव और बालकृष्ण को एक सप्ताह के भीतर विज्ञापन के जरिए माफीनामा प्रकाशित करवाने का मंगलवार को मौका दिया। न्यायमूर्ति हिमा को हली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने योग गुरु बाबा रामदेव और उनके शिष्य बा लकृष्ण के अदालत में पेश होकर माफी मांगने और विज्ञान के जरिए माफीनामा प्रकाशित करने की उनकी पेशकश का संज्ञान लेते हुए स्पष्ट तौर पर कहा, "हमने अभी तक यह तय नहीं किया है कि आपकी माफी स्वीकार की जाए या नहीं।'

सुनवाई के दौरान जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अमानुल्लाह की बेंच ने सुनवाई के दौरान बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण से कहा कि आपकी बहुत गरिमा है। आपने काफी कुछ किया है। हम जानना चाहते हैं कि आपने अंडरटेकिंग के अगले दिन प्रेस कांफ्रेंस क्या सोच कर की। हमारे देश में आयुर्वेद बहुत प्राचीन है। महर्षि चरक के समय से है। दादी नानी भी घरेलू इलाज करती हैं। आप दूसरी पद्धतियों को बुरा क्यों बताते हैं। क्या एक ही पद्धति रहनी चाहिए। इस बाबा रामदेव ने कहा कि हमने आयुर्वेद पर बहुत रिसर्च किया है। तो जज ने कहा कि यह ठीक है। आप अपने रिसर्च के आधार पर कानूनी आधार पर आगे बढ़ सकते हैं लेकिन हम जानना चाहते हैं कि आपने इस कोर्ट की अवहेलना क्यों की?



रामदेव ने कहा हम अदालत से क्षमा मांगते हैं। हमने पांच हजार रिसर्च किए और आयुर्वेद को एविडेंस बेस्ड तौर पर प्रस्तुत किया है। सुप्रीम कोर्ट पहुंचे रामदेव ने सुप्रीम कोर्ट से माफी मांगी, सुप्रीम कोर्ट में जब मंगलवार को सुनवाई के दौरान रामदेव ने कहा हम माफी मांग रहे हैं और भविष्य में पुनरावृत्ति नहीं होगी।

# टाइम स्क्वेयर पर भारतीयों ने लगाए 400 पार के नारे

**नई दिल्ली ▪ एजेंसी**

विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत देश के लोकसभा चुनाव अप्रैल से जून तक होने जा रहे है। इस संदर्भ में भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भारतीय जनता पार्टी को समर्थन देने के लिए अमेरिका में टाइम स्क्वेयर पर भारतीय एकत्रित हुए। वहां विभिन्न जाति धर्म के उपस्थित भारतीयों ने देश प्रेम को दिल में बसाकर भारत की विश्व स्तर पर बदलती तस्वीर के बारे में बता कर कहा मोदी सरकार के कुशल नेतृत्व को पुनः बहुमत से कार्य करने की शक्ति प्रदान करना चाहिए और जो भारत को मजबूती प्रदान करेगा।

विश्व का प्रसिद्ध टाइम स्क्वेयर पर जोर शोर से पीएम मोदी के बड़े से कट आउट के आसपास खड़े होकर अबकी बार चार सौ पार, हर बार मोदी सरकार, भारत माता की जय, वंदे मातरम् के नारे लगाए गए। जयेश पटेल गुजरात से, कल्पना शुक्ला गोरखपुर से, अनिल शाह बम्बई से, त्रिलोक मलिक दिल्ली से जाकर अमेरिका में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बड़े बड़े व्यवसाय चला रहे हैं, जो भारत के बदले स्वरूप को राजनीतिक रूप से देखते हुए विकास की गाथा में पीएम मोदी को समर्थन दे रहे हैं। नीना जैन इंदौर मध्यप्रदेश से है जिन्होंने इस पूरे आयोजन को मूर्त रूप दिया, न्यूयॉर्क न्यू जर्सी स्टेट के दो सौ से अधिक भारतीय वहां एकत्रित हुए और भारतीयों से अधिकतम मतदान करने की अपील की।




# अमेरिका ने माना- ताकतवर होती जा रही भारतीय सेना



**वाशिंगटन**। पीएम नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भारत विश्व में लगातार अपनी धमक बना रहा है। इस बात को अब अमेरिका ने भी कबूल लिया है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के शीर्ष खुफिया अधिकारी ने संसद को बताया कि भारतीय सेना लगातार अपनी ताकत बढ़ा रही है। चीन को पछाड़ने और रूसी उपकरणों पर निर्भरता कम करने के लिए भारत अपनी सेना को लगातार आधुनिक बना रहा है। अमेरिका में रक्षा खुफिया एजेंसी के निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल जेफरी क्रूस चीन का मुकाबला करने को लेकर संसद में चल रही बैठक के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने सदन में सशस्त्र सेवा समिति और खुफिया उपसमिति के सदस्यों को बताया कि पिछले वर्ष भारत ने जी-20 के आर्थिक शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर खुद को एक वैश्विक अगुआ के रूप में प्रदर्शित किया है और पूरे हिंद प्रशांत क्षेत्र में पीआरसी (पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना) की गतिविधि का मुकाबला करने के लिए खुद को सक्षम साबित किया है। उन्होंने कहा कि भारत ने प्रशिक्षण और रक्षा बिक्री के माध्यम से फिलीपीन जैसे क्षेत्रीय दक्षिण चीन सागर दावेदारों के साथ हिंद प्रशांत क्षेत्र में उन्नत साझेदारी की है। अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस व जापान के साथ अपने सहयोग को और मजबूत किया है।

## झेलम में नाव पलटने से 6 लोगों की मौत



**श्रीनगर**। जम्मू-कश्मीर में गंडबल से बटवारा जा रही एक नाव मंगलवार सुबह झेलम नदी में पलट गई, जिसमें कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लापता हैं। यह दुर्घटना प्रदेश की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में हुआ है और हादसे के समय स्कूली बच्चों सहित 20 से अधिक लोगों को लेकर जा रही थी। श्रीनगर के जिला मजिस्ट्रेट बिलाल मोहिउद्दीन भट ने कहा कि वे पता लगा रहे हैं कि नाव में कितने लोग सवार थे। उन्होंने कहा, "जहां तक शुरुआती जानकारी है, नाव में 15 लोग सवार थे और उनमें से सात नाबालिग थे और बाकी वयस्क थे। हमने 12 लोगों को नदी से निकाला है और उनमें से छह की दुर्भाग्य से मौत हो गई है।"




### दिखाई आंखें ईरान के लिए अमेरिका से अकड़ रहा पाकिस्तान

# बोला- गैस पाइपलाइन प्रोजेक्ट को पूरा करेंगे

**इस्लामाबाद ▪ एजेंसी**

पाकिस्तान ने खुलकर ईरान का पक्ष लेते हुए अमेरिका को आंख दिखाई है। पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि पाकिस्तान ईरान के साथ गैस पाइपलाइन परियोजना को पूरा करने की स्थिति में है। उन्होंने यह भी कहा कि इस संबंध में सभी जरूरी निर्णय लिए जा रहे हैं। पाकिस्तान का यह बयान तब आया है, जब इजरायल पर हमले को लेकर अमेरिका, ईरान पर भड़का हुआ है।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने ईरान के खिलाफ और अधिक कड़े प्रतिबंध लगाने को लेकर जी7 की बैठक भी बुलाई है। इसके बावजूद पाकिस्तान अगले हफ्ते ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी की अगवानी करने को तैयार है। रायसी 22 अप्रैल को पाकिस्तान का दौरा करने वाले हैं। जियो न्यूज के कैपिटल टॉक कार्यक्रम में बोलते हुए आसिफ ने कहा, "हम ग्वादर से ईरानी सीमा तक अपनी तरफ गैस पाइपलाइन का निर्माण कर रहे हैं। इस महीने की शुरुआत में, द न्यूज ने बताया कि पाकिस्तान ने ग्वादर से पाकिस्तान-ईरान गैस पाइपलाइन के 80 किमी लंबे खंड का निर्माण शुरू करने के लिए काम शुरू कर दिया है। यह घटनाक्रम अमेरिका के स्पष्ट विरोध के साथ-साथ संभावित प्रतिबंधों की चेतावनियों के बीच हुआ है। पाकिस्तान-ईरान गैस पाइपलाइन परियोजना पहले से ही लगभग एक दशक की देरी से चल रही है। इसे दिसंबर 2014 में पूरा किया जाना था और जनवरी 2015 में इसका संचालन शुरू करने की योजना थी।



## पाकिस्तान आ रहे ईरानी राष्ट्रपति रायसी

ईरान के इजरायल पर अभूतपूर्व ड्रोन और मिसाइल हमले को लेकर मध्य पूर्व में व्याप्त तनाव के बीच ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी 22 अप्रैल को पाकिस्तान का दौरा करने वाले हैं। सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तान और ईरान राष्ट्रपति रायसी की यात्रा से संबंधित मामलों पर सहमत हुए हैं, जो एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ इस्लामाबाद आएंगे और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और रावलपिंडी के सैन्य नेतृत्व के साथ बैठक करेंगे। हालांकि, फरवरी में ईरान ने पाकिस्तानी जमीन पर मौजूद आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाते हुए हवाई हमला किया था। इसके जवाब में पाकिस्तान ने भी ईरानी जमीन पर हवाई हमला कर कई आम नागरिकों को आतंकवादी बताकर उन्हें मार डाला था। इस घटना के बाद दोनों देशों के बीच संबंध खराब हो गए थे।

# हर भक्त की मुराद पूरी करती है मां पीतांबरा

श्री पीतांबरा पीठ मध्य प्रदेश के दतिया शहर में स्थित है। यह कई पौराणिक कथाओं के साथ-साथ वास्तविक जीवन में लोगों की 'तपस्थली' (ध्यान का स्थान) है। यहां स्थित श्री वनखंडेश्वर शिव के शिवलिंग को महाभारत के समकालीन के रुप में अनुमोदित किया जाता है। यह मुख्य रुप से शक्ति (देवी मां को समर्पित) का आराधना स्थल है। पीतांबरा पीठ की स्थापना एक सिद्ध संत, जिन्हें लोग 'स्वामीजी महाराज' कहकर पुकारते थे, ने 1935 में दतिया के राजा शत्रुजीत सिंह बुंदेला के सहयोग से की थी। कभी इस स्थान पर श्मशान हुआ करता था। श्री स्वामी महाराज ने बचपन से ही संन्यास ग्रहण कर लिया था। कोई नहीं जानता कि वह कहां से आए थे या उनका नाम क्या था। न ही उन्होंने इस बात का खुलासा किसी से किया। हालांकि वे परिव्राजकाचार्य दंडी स्वामी थे और एक स्वतंत्र अखंड ब्रह्मचारी संत के रुप में दतिया में अधिक समय तक रहे। वह कई लोगों के लिए एक आध्यात्मिक प्रतीक थे और अभी भी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रुप से उसके साथ जुड़ा हुआ है। उन्होंने मानवता और देश दोनों के संरक्षण और कल्याण के लिए कई अनुष्ठानों और साधनाओं का नेतृत्व किया। गढ़ी मालेहड़ा के पं. श्रीगया प्रसाद नायकजी (बाबूजी) स्वामीजी के ज्ञान के लिए प्रसिद्ध हैं। पूज्य स्वामीजी महाराज और बाबूजी के गुरुजी गुरुभाई थे। स्वामीजी प्रकांड विद्वान व प्रसिद्ध लेखक थे। उन्हेंने संस्कृत, हिन्दी में कई किताबें भी लिखी थीं। श्री पीतांबरा पीठ, बगलामुखी के सबसे प्रसिद्ध मंदिरों में से एक है, जो श्रीस्वामीजी द्वारा स्थापित किया गया था। उन्होंने आश्रम के भीतर धूमावती देवी के मंदिर की भी स्थापना की थी, जोकि देश भर में एकमात्र है। धूमावती और बगलामुखी दस महाविद्याओं में से दो हैं। इसके अलावा, आश्रम के बड़े क्षेत्र में परशुराम, हनुमान, कालभैरव और और अन्य देवी-देवताओं के मंदिर फैले हुए हैं। वर्तमान में एक ट्रस्ट द्वारा पीठ का रखरखाव किया जाता है। एक संस्कृत पुस्तकालय है, जो श्रीस्वामी जी द्वारा स्थापित किया गया था और आश्रम द्वारा अनुरक्षित किया जाता है। आश्रम के इतिहास और विभिन्न प्रकार के साधनाओं और तंत्रों के गुप्त मंत्रों की व्याख्या करने वाली पुस्तकें प्राप्त कर सकते हैं। आश्रम की एक अनूठी विशेषता यह है कि यह संस्कृत भाषा का प्रकाश छोटे बच्चों तक फैलाने का प्रयास करती है, जो निशुल्क है। आश्रम में वर्षों से संस्कृत वाद-विवाद कराया जाता रहा है।



## ऐतिहासिक महत्व

मां पीतांबरा, बगलामुखी का स्वरूप रक्षात्मक है। पीतांबरा पीठ मंदिर के साथ एक ऐतिहासिक सत्य भी जुड़ा हुआ है। सन् 1962 में चीन ने भारत पर हमला कर दिया था। उस समय देश के प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू थे। भारत के मित्र देशों रूस तथा मिस्त्र ने भी सहयोग देने से मना कर दिया था। तभी किसी योगी ने पंडित जवाहर लाल नेहरू से स्वामी महाराज से मिलने को कहा। उस समय नेहरू दतिया आए और स्वामीजी से मिले। स्वामी महाराज ने राष्ट्रहित में एक 51 कुंडीय महायज्ञ करने की बात कही। यज्ञ में सिद्ध पंडितों, तांत्रिकों व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू को यज्ञ का यजमान बनाकर यज्ञ प्रारंभ किया गया। यज्ञ के नौंवे दिन जब यज्ञ का समापन होने वाला था, उसी समय 'संयुक्त राष्ट्र संघ' का नेहरूजी को संदेश मिला कि चीन ने आक्रमण रोक दिया है और 11वें दिन अंतिम आहुति के साथ ही चीन ने अपनी सेनाएं वापस बुला ली थीं। मंदिर प्रांगण में वह यज्ञशाला आज भी बनी हुई है। इसी प्रकार सन् 1965 और 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में भी यहां गुप्त रूप से पुनः साधनाएं एवं यज्ञ कराए गए थे।

भारतवर्ष में आदि शक्ति देवी मां के विभिन्न मंदिर और तीर्थ स्थल है, जो कि कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक फैले हुए हैं। आज हम आपको उन्ही में से एक प्रमुख धाम माता बगलामुखी जो कि दतिया में स्थित है। इस पवित्र तीर्थस्थल को आम जन माता पीतांबरा के नाम से भी जानते हैं, जिसकी ख्याति दूर-दूर तक फैली हुई है। देवी पीतांबरा एक प्रसिद्द शक्तिपीठ है, जिसकी ख्याति विश्वविख्यात है और यहां लाखों श्रद्धालु देश-विदेश से दर्शन करने आते हैं। ऐसा कहा जाता है की इस मंदिर में एक विशेष तरह के भक्त बहुतायत संख्या में आते हैं, जो राजनीतिक सत्ता का भोग अनुभव करना चाहते हैं। ऐसा विश्वास है कि यहां मन से मांगी हुई मुराद अवश्य पूरी होती है एवं राजनीति से लेकर फिल्मी हस्तियां इस मंदिर के दर्शन करने आते हैं। यहां माता पीतांबरा के साथ ही मंदिर में एक तरफ माता धूमावती का भी प्रसिद्द मंदिर स्थित है, जिसके भक्त देश के कोने कोने से यहां दर्शन करने आते है।

## पीतांबरा माता मंदिर कैसे पहुंचे

पीतांबरा माता का विशाल मंदिर मध्य प्रदेश राज्य के दतिया शहर में स्थित है जो की झांसी रेलवे स्टेशन से मात्रा ४० किलोमीटर है दिल्ली से मुंबई जाने वाले रुट की सभी रेल यहां होकर गुजरती है, जहां उतरकर टैक्सी या बस द्वारा आप माता पीतांबरा के दर्शन के लिए जा सकते हैं। बहुत सी अन्य ट्रेन यहां सीधे भी आती है, जहां रेलवे स्टेशन पर उतरकर आप सीधे दतिया धाम तक पहुंच सकते हैं। अगर आप हवाई मार्ग से होते हुए यहां आना चाहते हैं, तो यहां का निकटतम हवाई अड्डा ग्वालियर है, जो कि मात्र ९० किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। कई बड़े शहर जैसे की आगरा, झांसी, ग्वालियर से आप सीढ़ी टैक्सी बुक करके भी यहां पहुंच सकते हैं।

## पीतांबरा के दर्शन से पहले की जरुरी जानकारी

वैसे तो साल में सभी वर्ष माता पीतांबरा के दर्शन के लिए दरबार खुला रहता है, पर जो लोग नियमित रूप से यहां आते हैं, वह यहां की विशेषता भी जानते हैं। ऐसा माना जाता है कि शनिवार के दिन यहां दर्शन करने से विशेष लाभ प्राप्त होता है, इसीलिए किसी खास महत्वाकांक्षा वाले श्रद्धालु यहां हर शनिवार नियमित रूप से आते हैं। जैसा की माता पीतांबरा का स्वरुप है, उन्हें पीले रंग के ही श्रृंगार में देखा जाता है और भक्त ऐसा मानते हैं कि उन्हें पीले रंग से अधिक स्नेह है, इसलिए भक्त यहां पीले रंग के लड्डु, पीले रंग के वस्त्र और पीले रंग के फूल माता पीतांबरा को अर्पण करते हैं। मंदिर में जाने पर आपको दो लाइन लगी हुई मिलती, जिसमें एक तरफ महिलाएं एवं दूसरी तरफ पुरुष होते हैं, जैसे जैसे लाइन आगे है। आप देवी के दर्शन एक छोटी सी खिड़की द्वारा कर सकते हैं।

## धूमावती माता

माता पीतांबरा के विशाल मंदिर में ही एक तरफ विराजमान माता धूमावती का मंदिर बना हुआ है धूमावती माता दतिया एक बहुत ही प्रसिद्द धार्मिक स्थल हैं, जिन्हें शक्ति रूपा देवी के रूप में भक्त पूजते हैं। यहां देवी का एक विशेष रूप पको देखने को मिलता है जैसा की अन्य जगह कश्मीर से कन्या कुमारी तक सिर्फ देवी काली को छोड़कर आपको सभी देवी स्वरुप विवाहित नारी रूप में पूरे श्रृंगार के साथ सुसज्जित रहती है और हमेशा रंग बिरंगे लहंगे एवं परिधानों में सजकर बैठती है, लेकिन यहां धूमावती माता में आपको माता का एक विभिन्न रूप देखने को मिलेगा, जहां देवी आपको एक मैली सी सफेद साड़ी खुले हुए घने बाल बिखेरे एक कौवे की ऊपर बैठी हुई दिखती है जो कि उनकी सवारी स्वरूप है। आपको देवी का ऐसा विचित्र रूप पहली दफा देखने पर आश्चर्य प्रकट होगा, लेकिन बाद में आपको पता चलेगा कि वास्तव में देवी का यह रूप एक विधवा स्त्री का रूप है, जिसे मां धूमावती के नाम से जाना जाता है। एक बात और खास है कि धूमावती माता के दर्शन सप्ताह में एक दिन सिर्फ शनिवार को ही करने को मिलता है, बाकी के अन्य दिन यह मंदिर आम नागरिकों के लिए बंद रहता है। जिस प्रकार देवी का स्वरुप है ठीक उसी प्रकार उनका भोग प्रसाद यहां लगाया जाता है। जैसे कि अपने देखा होगा की अन्य देवी मंदिरों में मांस-मदिरा सहित प्याज से बने खाने या प्रसाद वर्जित होते हैं, लेकिन यहां देवी धूमावती में लोग प्याज के पकोड़े प्रसाद स्वरुप देवी को चढ़ाते है। ऐसा माना जाता है कि तंत्र मात्रा में आस्था रखने वाले भक्त भी देवी धूमावती में विशेष आस्था रखते हैं।



## दतिया के प्रसिद्द दार्शनिक स्थल

**गोविंद देवजी मंदिर-** माता पीतांबरा मंदिर से लगभग १ किलोमीटर की दूरी पर बना हुआ गोविंद देवजी का मंदिर दतिया का एक प्रसिद्द तीर्थ स्थल है, यहां मंदिर भगवान श्री कृष्ण को समर्पित है एवं नित्य नियम रूप से यहां सुबह शाम भगवान श्री कृष्ण की पूजा- अर्चना की जाती है, यह मंदिर बाहर से एक पुराने भवन के जैसा प्रतीत होता है एवं अंदर से रंग बिरंगे कांचों से सुसज्जित भवन में गोविंद जी पधारे हैं। यहां जन्मास्टमी के अवसर पर विशेष आयोजन होते हैं।

**दतिया किला-** दतिया का किला अपने आप में एक अनूठा किला है, जिसे राजा वीर सिंह जूदेव द्वारा सन १६०२ में बनवाया गया था, ये किला बहुत ही भव्य है और सात मंजिल ऊपर तक बना हुआ है। ऐसा माना जाता है कि इस किले के अहाते में भी ठीक उसी प्रकार सात मंजिल बनी हुई है, जैसे कि ऊपर के भवन में। इस किले की हर मंजिल पर बेहतरीन वास्तुकला का उद्धरण देखने को मिलता है। जहां जालियां और छज्जों पर बेहतरीन कटाई करके उन्हें एक सुंदर रूप में ढाला गया है। यहां से समस्त शहर का अनूठा नजारा देखने को मिलता है।

**सीता सागर-** सीता सागर दतिया माता पीतांबरा मंदिर के समीप बसा हुआ अत्यंत शांतिप्रिय दार्शनिक स्थल है, जो कि एक छोटी सी झील के रूप में विद्यमान है। यहां अक्सर कर आम श्रद्धालु और पर्यटक देवी पीतांबरा दर्शन के बाद विश्राम करने आते हैं। यहां बैठकर आपको सुकून प्राप्त होगा एवं ये जगह इसलिए भी प्रसिद्द है कि इस झील के समीप आपको दतिया के अन्य प्रसिद्द पर्यटक स्थल घूमने के लिए सभी तरह के वाहन आसानी से उपलब्ध होते हैं। यहां आपको खाने पीने के भी ढेरों स्टाल्स मिल जाते हैं, जहां पर आप चाय, नास्ता और अन्य तरह के लोकल पकवानों का लुत्फ उठा सकते हैं।

**रतनगढ़ माता मंदिर-** रतनगढ़ माता का मंदिर दतिया का एक विशेष धार्मिक स्थल है, जहां देश के विभिन्न हिस्सों से लोग दर्शन करने आते हैं। यह मंदिर दतिया शहर से लगभग ५० किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, यहां का वातावरण बहुत ही प्राकृतिक है और माता का भवन घने जंगलों के बीच सिंधु नदी के तट पर बसा हुआ है। हर वर्ष दिवाली की दौज पर यहां भक्तों का तांता लगता है और रतनगढ़ माता के मंदिर पर विशेष आयोजन होते हैं। यहां पहुंचने के लिए आपको दतिया से सीधे वाहन उपलब्ध हैं और लगभग एक घंटे की यात्रा के बाद आप इस पवित्र स्थान पर पहुंच सकते हैं।

**भैरव नाथ मंदिर-** भैरवनाथ जी का मंदिर दतिया एक सुप्रसिद्ध स्थल है, जहां सभी नगरवासी बटुक भैरवनाथ जी की नित्य नियम से पूजा- अर्चना करते हैं एवं उनके आशीर्वाद से अपने व्यापार एवं रोजगार में तरक्की करते हैं। पीतांबरा मंदिर से लगभग ५०० मीटर की दूरी पर बसा हुआ इस मंदिर को लोग बाग मंदिर के नगर कोतवाल के नाम से भी जानते हैं ऐसा माना जाता है कि दतिया स्थित भैरवनाथ जी मंदिर दतिया शहर की रक्षा करने के लिए रात दिन तत्पर रहते हैं। इस मंदिर पर पहुंचने के लिए आपको पीतांबरा मंदिर के सामने से ही वाहन उपलब्ध है अथवा आप पैदल चलकर भी आसानी से यहां पहुंच सकते हैं।

**सोनागिरी-** दतिया से लगभग १३ किलोमीटर की दूरी पर स्तिथ है सोनागिर जो कि जैन धर्म का एक मुख्य तीर्थ स्थल है, यहां आकर जैन धर्म के अनुयायी जैन धर्म का पालन करने की शिक्षा लेते हैं एवं अपने गुरुओं के बताए हुए नियमों का पालन करने की शिक्षा प्राप्त करते हैं। यह स्थल एक पहाड़ी के ऊपर बसा हुआ है ऐसा माना जाता है कि यहां पहले 108 जैन मंदिर हुआ करते थे, जिनमें क्रम अनुसार ५७वां मंदिर मुख्य तीर्थ स्थल है, जो कि वर्तमान समय में सिर्फ ५७ के करीब ही देखने लायक अवस्था में हैं। सोनागिरि में आचार्य शुभचन्द्र एवं महान जैन गुरु ऋषि भार्तिहरी जी ने निर्वाण पाया था और वह जीवन और मरण के बंधन से छूटकर मोक्ष को प्राप्त हुए थे। अतः यह मंदिर और यहां तीर्थ स्थल "दिगंबर सम्प्रदाय" के प्रमुख तीर्थ स्थल हैं। ऐसा माना जाता है कि यहां करोड़ों लोगों ने इस पवित्र स्थल पर आकर निर्वाण प्राप्त किया है।

**राजगढ़ पैलेस-** राजगढ़ पैलेस दतिया की एक अमूल्य धरोहर है, जिसे विरासत में मिले एक अनूठे उपहार के रूप में ये शहर संजोये हुए हैं। राजगढ़ पैलेस ३५० वर्ष पुराना एक शाही महल था जो कि आज कालांतर में अपनी जर्जर अवस्था में दतिया शहर के बीचों बीच बसा हुआ है, पर आज भी इसकीभव्यता देखते ही बनती है। इतिहासकार बताते है कि एक समय पर यहां राजा का दरबार लगता था और यहां मध्य प्रदेश राज्य से जुड़े हुए कार्यभार संपूर्ण किए जाते थे। बाद में भारत सरकार ने भी कुछ वर्षों तक यहां कचहरी लगने की इजाजत दी थी और ये राजगढ़ कोर्ट के नाम से मशहूर हुआ। वर्तमान में ऐसा सुना जा रहा है कि राजगढ़ पैलेस को किसी प्रमुख होटल चैन ने भारत सरकार से कुछ वर्षों के लिए लीज पर ले लिया गया है और जल्द ही यहां एक सुविधाजनक होटल खुल सकता है, जिससे यहां आने वाले पर्यटक इस वैभवशैली महल के इतिहास से रूबरू हो सकते हैं।

**वनखंडेश्वर महादेव-** वनखंडेश्वर महादेव मंदिर दतिया का सबसे ऐतिहासिक शिव मंदिर है। ऐसा माना जाता है कि ये मंदिर पहले उस स्थान पर स्थित था, जहां आज वर्तमान में मां पीतांबरा स्थित है ऐसा कहा जाता है की स्वामी जी महाराज जिन्होंने मां पीतांबरा की स्थापना की वो पहले वनखंडी महादेव पर ही भगवान् शिव की घोर आराधना करते थे और शिव की आराधना करने के साथ ही उन्होंने यहां मां पीतांबरा की स्थापना की थी। इस मंदिर का इतिहास महाभारत काल का है और इसे यहां के राज परिवार भी शुरुआत से पूजते आए हैं। यहां हर वर्ष श्रावण मास और महा शिवरात्रि के अवसर पर विशेष आयोजन किए जाते हैं और लाखों भक्त महादेव के दर्शन के लिए इस स्थान पर आते हैं।

# मां पीतांबरा के दरबार में अनसुनी नहीं जाती कोई पुकार

मां पीतांबरा के दरबार में लगाई गई गुहार कभी अनसुनी नहीं होती। कहा जाता है कि मां पीतांबरा सभी पर एक समान कृपा बरसाती हैं। राजा हो या रंक मां सभी की पुकार सुनती हैं। बताया जाता है कि इस सिद्धपीठ की स्थापना 1935 में परम तेजस्वी स्वामी जी ने की थी। हालांकि मां पीतांबरा का जन्म स्थान, नाम और कुल आज तक रहस्य बना हुआ है। इसके बारे अब किसी ने भी सही जानकारी नहीं दी है। कहा जाता है कि मां का ये चमत्कारी धाम स्वामी जी के जप और तप के कारण ही एक सिद्ध पीठ के रूप में देशभर में जाना जाता है। यहां मां पीतांबरा चर्तुभुज रूप में विराजमान हैं। उनके एक हाथ में गदा, दूसरे में पाश, तीसरे में वज्र और चौथे हाथ में उन्होंने राक्षस की जिह्वा थाम रखी है। यहां भक्त मां का दर्शन एक छोटी सी खिड़की से करते हैं। बताया जाता है कि दर्शनार्थियों को मां की मूर्ति को स्पर्श करने से मनाही है। कहा जाता है कि मां बगुलामुखी ही पीतांबरा देवी हैं, इसलिए उन्हें पीली वस्तुएं चढ़ाई जाती हैं। बताया




जाता है कि यहां पर भक्त विशेष अनुष्ठान करते हैं और मां को पीले कपड़े पहनाते हैं, उसके बाद ही मुराद मांगते हैं। माना जाता है कि मां किसी को निराश नहीं करती हैं। कहा जाता है कि विधि-विधान से अगर अनुष्ठान किया जाता है तो मनोकामना जल्द पूरी कर देती हैं। माना जाता है कि मां पीतांबरा को राजसत्ता की देवी हैं और इसी रूप में भक्त उनकी आराधना करते हैं। राजसत्ता की कामना रखने वाले भक्त यहां आकर गुप्त पूजा अर्चना करते हैं। मां पीतांबरा शत्रु नाश की अधिष्ठात्री देवी है और राजसत्ता प्राप्ति में मां की पूजा का विशेष महत्व होता है। यहां पर मां पीतांबरा के साथ ही खंडेश्वर महादेव और धूमावती के दर्शनों का भी सौभाग्य मिलता है। मंदिर के दायीं ओर खंडेश्वर महादेव हैं, जिनकी तांत्रिक रूप में पूजा होती है। महादेव के दरबार से बाहर निकलते ही दस महाविद्याओं में से एक मां धूमावती हैं। मां धूमावती का दर्शन केवल आरती के समय ही किया जा सकता है, बाकी समय मंदिर के कपाट बंद रहते हैं।